kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-109 | मंगलवार, 20 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

सिंधु जल संधि पर रोक किसानों के हित में है। सिंधु बेसिन की नदियों से किसानों को पानी मिलेगा और क्षेत्र का जल संकट दूर करने में मदद मिलेगी। इस पानी का उपयोग अब हमारे देश और हमारे किसानों के हित में किया जाएगा। **शिवराज सिंह चौहान**

नये वक्फ कानून के समर्थन में उतरे मुस्लिम बुद्धिजीवी 11

मुख्यमंत्री ने 315 नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र 12

संक्षेप

सपा से आदर्श आचरण की अपेक्षा करना व्यर्थ: योगी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के बीच 'डीएनए को लेकर छिड़े वाक युद्ध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव को नसीहत दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि यद्यपि समाजवादी पार्टी से किसी आदर्श आचरण की अपेक्षा करना व्यर्थ है, किंतु सभ्य समाज उनके अशोभनीय एवं अभद्र वक्तव्यों को सहन नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को चाहिए कि वे अपने सोशल मीडिया हैंडल्स की भली-भांति समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि वहां प्रयुक्त भाषा मर्यादित, संयमित और गरिमापूर्ण हो।

पाकिस्तान ने गोल्डन टेंपल को निशाना बनाया था : सेना

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान ने अमृतसर के गोल्डन टेंपल पर निशाना बनाकर मिसाइल दागी थी। इसे भारतीय एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था। सेना के जवानों ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल का मलबा भी दिखाया। वहीं पंजाब में इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात एक जवान ने कहा कि 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने अचानक फायरिंग की और घुसपैठ की कोशिश की। जिसे हमने नाकाम कर दिया। हमारी फायरिंग का नतीजा ये हुआ कि सुबह होते-होते दुश्मन घुटनों के बल पर आ गए और अपनी पोस्ट पर सफ़ेद झंडा फहरा दिया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने एक और नया वीडियो जारी किया। इसमें सेना ने दिखाया कि पाकिस्तान की तरफ से दागे गए ड्रोन को कैसे मार गिराया। वेस्टर्न कमांड ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- हमने जमीन से आसमान की रक्षा की।

ट्रेकोमा के उन्मूलन के लिए भारत सम्मानित

नयी दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत को आंखों की बीमारी 'ट्रेकोमा' के उन्मूलन के लिए मान्यता प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की जेनेवा 78 वीं बैठक में डब्ल्यूएचओके महानिदेशक डा घेब्रेयस टेड्रोस ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव को ' ट्रेकोमा उन्मूलन प्रमाणपत्र' प्रदान किया। भारत को यह प्रमाण पत्र जन स्वास्थ्य की समस्याओं के निवारण के लिए प्रदान किया गया है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 20 मई को आयेंगे लखनऊ

लखनऊ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 20 मई को एक दिवसीए दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ आ रहे हैं। राजनाथ सिंह डॉ. केएनएस मेमोरियल अस्पताल के रजत जयंती समारोह में शामिल होंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षामंत्री का पहला लखनऊ दौरा है।

कर्नल कुरैशी पर टिप्पणी मामले में विजय शाह को 'सुप्रीम' फटकार, जांच के लिए एसआईटी गठित

'टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार'

एजेंसी

- मंत्री शाह ने दो बार माफी मांगी, नहीं बनी बात
- भाजपा ले सकती है विजय शाह के पार्टी में भविष्य को लेकर फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान पर फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस मामले में मंत्री की माफी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। कोर्ट ने आगे कहा, ''आप एक सार्वजनिक चेहरा हैं। एक अनुभवी नेता हैं। आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए। हमें आपके वीडियो यहां चलाने चाहिए। यह सेना के लिए एक अहम मुद्दा है। हमें इस मामले में बेहद जिम्मेदार होना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक एसआईटी भी गठित की है। इसमें तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को रखा गया है। इनमें एक महिला अधिकारी भी होंगी। यह तीनों ही अफसर मध्य प्रदेश के बाहर के होंगे और कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए मंत्री के बयान को लेकर जांच करेंगे।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'इस टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार है। हमने आपके वीडियो देखे। आप बहुत गंदी भाषा का इस्तेमाल करने वाले थे, लेकिन शायद आपकी समझ काम आई या आपके दिमाग ने आपको रोका या फिर हो सकता है कि आपको उचित शब्द न मिले हों। आपको शर्म आनी चाहिए। पूरे देश को हमारी सेना पर गर्व है और आपने यह बयान दिया। पीठ ने मंत्री से पूछा, 'यह किस तरह की माफी थी? आपको बस अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए थी और माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन आप कहते हैं कि अगर आपने यह और वह कहा है... तो मैं माफी मांगता हूं। माफी मांगने का यह तरीका नहीं है। आपने जिस तरह की भद्दी टिप्पणी की है, आपको शर्म आनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को मंगलवार सुबह 10 बजे तक आईजी रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने को कहा है। इस दल में एक महिला अधिकारी भी शामिल होगी। यह दल मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के बाद दर्ज एफआईआर की जांच करेगा। पीठ ने कहा कि एसआईटी की ओर से पहली रिपोर्ट 28 मई तक दाखिल की जानी चाहिए। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान ने तूल पकड़ा तो मंत्री विजय शाह ने सार्वजनिक रूप से दो बार माफी मांगी। मंत्री ने कहा- उनके दिए बयान से किसी की भावनाएं आहत हुई हों तो वे दिल से क्षमाप्रार्थी हैं। सोफिया कुरैशी ने देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाया है और उनका योगदान जाति, धर्म या समुदाय से परे है। वह उन्हें एक सगी बहन से भी अधिक सम्मान देते हैं। शाह ने कहा कि मेरे वक्तव्य का उद्देश्य सोफिया के योगदान को समाज के सामने सकारात्मक रूप से प्रस्तुत करना था, लेकिन व्याकुल मन की स्थिति में कुछ शब्द गलत निकल गए, जिससे वह व्यथित और शर्मिंदा हैं। मंत्री के दो बार माफी मांगने के बाद भी यह मामला शांत नहीं हुआ है। मंत्री शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान का विरोध तेज हुआ और उनके खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की जाने लगी। मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला ने स्वतः संज्ञान लिया। सुनवाई के दौरान मंत्री शाह को जमकर फटकार लगाई गई। कोर्ट की ओर से तल्ख टिप्पणी करते हुए उनके बयान को कैंसर जैसा घातक बताया था। हाईकोर्ट ने कहा कि मंत्री शाह ने गटरछाप भाषा का इस्तेमाल किया है, जो अस्वीकार्य है। कोर्ट ने डीजीपी को मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके बाद बुधवार देर रात महू पुलिस ने विजय शाह के खिलाफ केस दर्ज किया गया। अलगे दिन की सुनवाई में एफआईआर की कॉपी पेश की गई, जिसे लेकर कोर्ट ने सवाल उठा दिए। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि एफआईआर की भाषा मंत्री के ● शेष पेज 11 पर

हाईकोर्ट के सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीश समान पेंशन के हकदार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों सहित सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीश समान पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के हकदार हैं। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने आज स्पष्ट किया कि पेंशन और सेवानिवृत्ति संबंधी लाभों के हकदार स्थायी या अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत सभी होंगे। पीठ ने कहा कि नियुक्ति के तरीके के आधार पर न्यायाधीशों के बीच सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों में अंतर करना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। यह अनुच्छेद समानता के अधिकार की गारंटी देता है। शीर्ष अदालत ने कहा, सेवानिवृत्ति के बाद टर्मिनल लाभों के लिए न्यायाधीशों के मध्य कोई भी भेदभाव अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले सभी उच्च न्यायालय न्यायाधीश पूर्ण पेंशन के हकदार हैं। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि इस आधार पर कोई अंतर नहीं किया जा सकता है कि कोई न्यायाधीश जिला न्यायपालिका से पदोन्नत हुआ है या बार से पदोन्नत हुआ है। पीठ ने अतिरिक्त न्यायाधीशों के परिवारों को भी समानता का लाभ दिया और कहा कि वे भी स्थायी न्यायाधीशों के परिवारों को दिए जाने वाले समान पारिवारिक पेंशन और सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों के हकदार हैं। न्यायालय द्वारा जारी किए गए प्रमुख निर्देशों में शामिल ● शेष पेज 11 पर

हाईकोर्ट ने संभल जामा मस्जिद सर्वे को सही ठहराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- संभल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका खारिज
- कहा- हिंदू पक्ष का केस सुनने योग्य है

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दी है।

न्यायालय के इस आदेश से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर दाखिल हिन्दू पक्ष के वाद को उच्च न्यायालय ने पोषणीय माना। कमीशन की जांच के लिए निचली अदालत के आदेश पर उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप से इंकार कर दिया। हाईकोर्ट ने कमीशन जांच एवं दाखिल वाद जारी रहने में हस्तक्षेप नहीं किया है। इसी के साथ न्यायालय ने पूर्व पारित अंतरिम आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने सोमवार को जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर यह आदेश दिया। न्यायालय ने अपने विस्तृत आदेश में सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए हिन्दू पक्ष की ओर से दाखिल वाद को पोषणीय माना। उच्च न्यायालय के इस आदेश से संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले को लेकर रास्ता साफ हो गया। इंतजामिया कमेटी ने पुनरीक्षण याचिका में दीवानी मुकदमे की पोषणीयता को दी चुनौती दी थी। संभल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका में संभल जिला न्यायालय में लंबित मूल वाद की आगे की अदालती कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस मामले में हिंदू पक्ष के वादी ने यह घोषणा करने की मांग की है कि उन्हें संभल जिले के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री हरिहर मंदिर में प्रवेश का अधिकार है, जो कथित तौर पर जामा मस्जिद है। इस मामले में न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने गत 13 मई को सुनवाई पूरी होने के बाद निर्णय सुरक्षित कर लिया था। हरि शंकर जैन एवं सात अन्य ने सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल की अदालत में एक मुकदमा किया है, जिसमें यह तर्क दिया गया है कि संभल के कोट पूर्वी स्थित जामा मस्जिद एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी। वादी ने हरिहर मंदिर में प्रवेश के अधिकार की घोषणा की मांग की है। दीवानी अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को एडवोकेट कमिश्नर के साथ सर्वे का निर्देश दिया था और मुकदमे की पोषणीयता पर भी सवाल उठाया था। हाईकोर्ट ने संभल की दीवानी अदालत के समक्ष लंबित मूल मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर उच्च न्यायालय ने भारतीय एएसआई को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोई हलफनामा दाखिल नहीं होने पर ● शेष पेज 11 पर

विदेश सचिव ने संसदीय समिति को ब्रीफ किया

एजेंसी

- ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी, थरूर मौजूद रहे, 33 देशों में ऑल पार्टी डेलिगेशन भेज रही सरकार

नई दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष पर संसदीय समिति को ब्रीफ किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयरस्ट्राइक और 10 मई को हुए भारत-पाकिस्तान सीजफायर सहमति की पूरी जानकारी दी।

बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और बीजेपी की अपराजिता सारंगी व अरुण गोविल जैसे कई सदस्य मौजूद रहे। केंद्र सरकार ने 59 सदस्यों वाले 7 डेलिगेशन (ग्रुप) की घोषणा की है। इसमें 51 नेता और 8 राजदूत हैं। गक्ष के 31 और 20 दूसरे दलों के हैं, जिसमें 3 कांग्रेस नेता भी हैं। ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (ठगट्टए) के सदस्य देशों का दौरा करेगा। वहां ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का रुख रखेगा। दरअसल, भारत ने 23 मिनट के ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। इसमें 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए गए थे। इसके बाद के एक्शन में पाकिस्तानी एयरबेसों को निशाना बनाया था। 10 मई की शाम 5 बजे भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक्स पर इसका ऐलान किया था।

454 करोड़ से 11350 ग्राम पंचायतों में मिलेगी डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता प्रदेश में 11350 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा दी जाएगी। प्रत्येक लाइब्रेरी की स्थापना पर चार-चार लाख रुपये खर्च होंगे। पहले चरण में कुल 454 करोड़ रुपये खर्च कर इन डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों को पंचायत भवन में अपने बाल साहित्य, साहित्यिक व प्रेरणादायक पुस्तकों के साथ-साथ अपने कोर्स व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ई-बुक्स पढ़ने की सुविधा मिलेगी। पंचायतीराज विभाग नेशनल बुक्स ट्रस्ट की मदद से ई बुक्स खरीदेगा। ऐसे पंचायत भवन जहां पर दो-दो कमरे और एक हॉल है, वहां पहले चरण में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही है। फिलहाल अलग-अलग कमेटियों का गठन कर लाइब्रेरी स्थापना का कार्य शुरू कर दिया गया है। डिजिटल लाइब्रेरी के लिए कंप्यूटर, फर्नीचर व ई बुक्स इत्यादि की खरीद के लिए कमेटियां बनाई गई हैं। जिनकी देखरेख में यह कार्य किया जाएगा। निदेशक पंचायती ● शेष पेज 11 पर

परमाणु ऊर्ज़ा अधिनियम, परमाणु दायित्व अधिनियम में संशोधनों पर विचार कर रही सरकार

एजेंसी



नयी दिल्ली। सरकार परमाणु ऊर्ज़ा क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले कानूनों में संशोधन पर विचार कर रही है। वह साल 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्ज़ा के उत्पादन का लक्ष्य हासिल करने के लिये निजी क्षेत्र को भागीदारी की अनुमति देने के वास्ते ऐसा करना चाहती है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि निजी क्षेत्र को भागीदारी की अनुमति देने के लिए परमाणु ऊर्ज़ा अधिनियम में और परमाणु ऊर्ज़ा संयंत्रों के निर्माण के लिए उपकरणों के आपूर्तिकर्ताओं पर जवाबदेही सीमित करने के लिए परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन पर विचार किया जा रहा है। सरकार नियामक सुधारों पर भी विचार कर रही है और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इनस्पेस) के मॉडल का मूल्यांकन कर रही है, जो अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए प्रवर्तक और नियामक के रूप में कार्य करता है, जिसे 2020 में निजी भागीदारी के लिए खोल दिया गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में परमाणु ऊर्ज़ा क्षेत्र को खोलने की घोषणा की, जिसे अब तक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों तक सीमित रखा गया था। भारतीय परमाणु ऊर्ज़ा निगम लिमिटेड देश भर में परमाणु ऊर्ज़ा संयंत्रों का संचालन करता है, जो देश में 8.7 गीगावाट बिजली का योगदान करते हैं। सीतारमण ने 20,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) के अनुसंधान और विकास के लिए परमाणु ऊर्ज़ा मिशन की और 2033 तक पांच स्वदेशी रूप से विकसित एसएमआर को चालू करने की भी घोषणा की थी। परमाणु ऊर्ज़ा विभाग के अधिकारियों ने हाल में कहा था कि परमाणु ऊर्ज़ा मिशन का उद्देश्य निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना, नियामक ढांचे को सरल बनाना और भारत की बढ़ती ऊर्ज़ा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए परमाणु ऊर्ज़ा उत्पादन को व्यापक स्तर पर बढ़ाना है। विदेशी परमाणु ऊर्ज़ा कंपनियों ने भारत में परमाणु ऊर्ज़ा संयंत्र स्थापित करने में रुचि दिखाई थी, जब भारत ने वैश्विक परमाणु व्यापार में शामिल होने के लिए ● शेष पेज 11 पर

गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण में बन गया विश्व कीर्तिमान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण के दौरान हरदोई-उन्नाव खंड में 24 घंटे में सर्वाधिक बिटुमिनस कन्क्रीट का कार्य कराने का विश्व स्तरीय कीर्तिमान स्थापित हुआ है। एक दिन में 34.24 लेन के लिए 20,105 घन मीटर बिटुमिनस कन्क्रीट मिक्स का प्रयोग किया गया है। विश्व में अब तक 24 घंटे में किये गये कार्य में यह अधिकतम है। हरदोई-उन्नाव प्रभाग द्वारा 24 घंटे में 10 किमी थ्राई बीम क्रैश बैरियर की स्थापना भी की गई है, जिसे कि प्रथम बार रिकार्ड्स बुक में अंकित किया गया है। विश्व की तीन महत्वपूर्ण संस्थाओं गोल्डेन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस, एशिया बुक ऑफ रिकार्डस एवं इण्डियन बुक ऑफ रिकार्डस के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उक्त कार्य किया गया है और उनके द्वारा सत्यापन के बाद उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र निर्गत करते हुए बुक ऑफ रिकार्डस में इसे अंकित किया गया है।

हरदोई-उन्नाव प्रभाग में एक्सप्रेसवे के निर्माण का कार्य अडानी इन्टरप्राइजेज द्वारा कराया जा रहा है जबकि पटेल इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा उक्त रिकार्ड्स स्थापित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज़ इण्डिस्ट्रियल अथॉरिटी के तत्वाधान में गंगा एक्सप्रेसवे का काम तेजी से चल रहा है। यह इस साल नवंबर तक पूरा हो जाएगा। गुणवत्ता नियंत्रण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से युक्त स्वीटज़रलैण्ड की ईटीएच यूनिवर्सिटी, ज़्यूरिक द्वारा विकसित टेक्नोलोजी के माध्यम से राइडिंग क्वालिटी एवं राइडिंग कम्फर्ट का परीक्षण किया जा रहा है।

नियोजन विभाग ने गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण का खाका किया तैयार

तैयार होगा यूपी का चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- 2 मंजिला स्टेडियम में 7 मुख्य व 4 प्रैक्टिस पिचों का होगा निर्माण
- 30 हजार से अधिक होगी दर्शक क्षमता, अन्य बड़े कार्यक्रमों का भी हो सकेगा आयोजन
- ताल नदौर में चिह्नित 50 एकड़ भूमि पर 18 महीने में होगा निर्माण
- गोरखपुर-वाराणसी हाइवे से मुख्य संपर्क मार्ग के जरिए कनेक्टिविटी होगी उपलब्ध
- एयरपोर्ट से 23.6 किमी, राप्तीनगर बस अड्डे से 22 किमी तथा गोरखपुर जंक्शन से 20.8 किमी होगी दूरी
- आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुरूप होगा निर्माण यूपी में फिलहाल कानपुर व लखनऊ के स्टेडियम में होता है इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों का आयोजन

लखनऊ। योगी सरकार ने अब प्रदेश में चौथे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की तैयारी तेज कर दी है।

प्रदेश में फिलहाल कानपुर व लखनऊ के स्टेडियम में इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों का आयोजन होता है, वहीं वाराणसी में निर्माणाधीन इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शुमार गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण व विकास कार्यों को भी धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री के विजन अनुसार नियोजन विभाग द्वारा इस विषय में एक विस्तृत खाका तैयार किया गया है। कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236.40 करोड़ रुपये खर्च कर 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों अनुरूप होगा निर्माण गोरखपुर में बनने वाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा जबकि 5 एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा। यह स्टेडियम एयरपोर्ट से 23.6 किमी, राप्तीनगर बस अड्डे से 22 किमी तथा गोरखपुर जंक्शन से 20.8 किमी की दूरी पर स्थित होगा तथा उत्तम कनेक्टिविटी को प्रशस्त करने के लिए इसे संपर्क मार्ग के जरिए गोखपुर-वाराणसी हाइवे (एनएच-24) से जोड़ने की तैयारी है। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इस 2 मंजिला क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें 7 मुख्य पिच व 4 प्रैक्टिस पिचें होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा। यह स्टेडियम मल्टीपर्पज यूज मॉड्यूल पर बनेगा यानी यहां इंटरनेशनल क्रिकेटिंग इवेंट्स के साथ ही अन्य बड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा सकेगा। एंट्री गेट, 2 स्टैंड, 2 पवेलियन व 1500 गाड़ियों की पार्किंग का होगा निर्माण गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को ईपीसी मोड पर बनाए जाने की तैयारी है। इसके अंतर्गत स्टेडियम परिसर में एंट्री गेट्स, सिक्योरिटी चेक प्वॉइंट्स, ईस्ट व वेस्ट स्टैंड तथा नॉर्थ व साउथ पवेलियन का निर्माण किया जाएगा। परिसर में 1500 गाड़ियों की पार्किंग की क्षमता भी होगी। ईस्ट स्टैंड में 14,490 तथा वेस्ट स्टैंड में 14,490 के दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी यानी, इन दोनों स्टैंड्स में 28980 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। दोनों स्टैंड में ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की व्यवस्था होगी। यहां दर्शकों के लिए कॉनकोर्स, टॉयलेट, पेयजल व्यवस्था, सर्विस रूम, फर्स्ट एड रूम, मर्केंडाइज स्टोर, वीडियो बोर्ड व मिड विकेट कैमरा प्लैटफॉर्म का निर्माण किया जाएगा। साउथ पवेलियन में प्लेयर्स के ड्रेसिंग रूम का होगा निर्माण नॉर्थ पवेलियन में 208 वीआईपी सीटिंग वाली गैलरी व 382 सीटिंग वाली मीडिया व ब्रॉडकास्टर्स गैलरी का निर्माण होगा। यहां ग्राउंड फ्लोर पर मीडिया एंट्रेंस लॉबी, ब्रॉडकास्टिंग कंट्रोल रूम, इक्विप्मेंट्स स्टोर रूम, किचन, स्टोर, सर्विसेस व यूटिलिटी एरिया का निर्माण होगा। पहले फ्लोर पर स्टेडियम सिक्योरिटी ऑफिसेस का निर्माण होगा जिसमें पुलिस, ब्रॉडकास्टिंग स्पॉन्सर रूम, मीडिया लाउंज व सर्विस व यूटिलिटी एरिया का निर्माण होगा। दूसरे फ्लोर पर रिटन प्रेस ट्रिब्यून, टीवी व रेडियो ● शेष पेज 11 पर

जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रदेश व जिले में टापर छात्राओं को किया सम्मानित

सफलता प्राप्त करने का कोई मुहूर्त नहीं होता, लक्ष्य पर काम करने से मिलती है सफलता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पी एन सिंह ने सरदार पटेल इंटर कालेज सिकरो कोरांव के यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में प्रदेश एवं जनपद की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाली मेधावी छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ प्रधानाचार्य श्रृंगी ऋषि इण्टर कालेज घटवा डा सन्तोष सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज जेवनिया डा जय सिंह तथा प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज डा प्रभाकर त्रिपाठी भी मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक का पुष्पगुच्छ स्मृति चिह्न तथा गणेश की चांदी की प्रतिमा देकर तथा प्रबंधक अमर बहादुर सिंह एडवोकेट ने साल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में इण्टर में शिवानी सिंह प्रदेश में दूसरा स्थान, शिप्रा प्रदेश में चौथा स्थान, शिवानी सिंह जनपद में चौथा स्थान तथा प्रियांशु पाण्डेय प्रदेश में दसवाँ स्थान व इनके अभिभावक रहे। हाईस्कूल में श्रेया सिंह प्रदेश में चौथा स्थान, साक्षी ओझा प्रदेश में नौवाँ स्थान, प्रियल सिंह पटेल जनपद में चौथा स्थान तथा रुचि सिंह जनपद में छठा स्थान व उनके अभिभावक रहे। इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट कैप्टन सुन्दरम मिश्र, गाइड कैप्टन अंजलि कुशवाहा तथा पी टी कैप्टन शिवम राव एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह ने पुण्य श्लोका अहल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदानों की चर्चा की। साथ ही श्रीमती होल्कर की स्मृति में विद्यालय में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विजेता छात्र छात्राओं शिवानी, आकांक्षा तिवारी, आर्यन सिंह तथा अर्पिता शुक्ला को भी सम्मानित किया।सम्मान समारोह में बोलते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुभवी स्टाफ तथा अभिभावकों के साथ साथ सफल छात्राओं को बधाई दी। साथ ही सफलता प्राप्ति पर आत्ममुग्धता से बचने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने का शुभ मुहूर्त सदैव आज और अभी से शुरू होता है। एक एक पल को कीमती समझने वाला ही सफलता को पाने व बचाने का अधिकारी होता है। इस अवसर पर प्रभाकर त्रिपाठी तथा अन्य अभ्यागत अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। अंत में प्रधानाचार्य ने आये हुए सभी अतिथियों तथा अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। संचालन गुलाब शंकर मिश्र व श्री यदुवीर सिंह प्रवक्ता ने किया।

बांस काटने के विवाद में हुई मारपीट में दोनों पक्षों के लोग हुए घायल

एक पक्ष के चार लोग जिला अस्पताल किए गए रेफर, 22 मई को है घायल के बेटी की शादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के केड़वर झरवानिया गांव में बांस काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में लाठी डंडों से मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान दोनों पक्ष के लोग घायल हुए हैं। एक पक्ष के चार घायलों को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक नागेश्वर प्रसाद मिश्र व राम सुशील मिश्र निवासीगण केड़वर झरवनिया थाना कोरांव के बीच कोई कोई जमीनी विवाद चला आ रहा है। नागेश्वर प्रसाद मिश्र के बेटी की शादी 22 मई को है। जिसकी तैयारी को लेकर सोमवार को सुबह 11बजे के करीब घर के बगल स्थित बांस की कोठी में बांस काटना शुरू किया तो राम सुशील मिश्रा पक्ष के लोग विरोध करने लगे और यह कहा कि अभी बटवारा नहीं हुआ है, बांस मेरा है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी के दौरान लाठी डंडों से मारपीट हो गई। मारपीट में नागेश्वर प्रसाद मिश्र, रामनेवाज मिश्र, पुष्पा देवी, गोकुल प्रसाद को चोटें आई है। राम सुशील मिश्र पक्ष के कुछ लोगों को भी छोटे आई हैं। नागेश्वर प्रसाद मिश्र पक्ष के कुल चार घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।बेटी की बारात में पुलिस बल के सहायता की मांग बेटी के विवाह की तैयारी को लेकर बांस काट रहे नागेश्वर प्रसाद मिश्र पक्ष के लोगों का कहना था कि राम सुशील मिश्रा पक्ष के लोगों ने धमकी दिया है कि जिस दिन बारात आएगी उस दिन घर पर चढ़कर मारूंगा। ऐसे में नागेश्वर प्रसाद मिश्र का पक्ष डरा सहमा हुआ है। नागेश्वर प्रसाद ने बेटी के विवाह के दिन पुलिस बल की सहायता की भी मांग की है।

गाली देने से मना करने पर अधेड को मारपीट कर किया घायल

गोरखपुर। गुलरिहां थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी न02 टोला पोखरियहवा निवासी विजेन्द्र चौहान ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि रविवार की रात करीब 8 बजे वह अण्डे की दुकान पर अण्डा खा रहा था कि उसी दौरान उसका भतिजा अजय पुत्र महेन्द्र , आशीष व आदित्य पुत्र लालबहादुर ये लोग बिना किसी विवाद के गाली गुप्ता दे रहे थे । मना करने पर लात मुक्का से मारते हुए सड़क पर पटक दिया जिससे प्रार्थी के मुंह पर गम्भीर चोट लग गयी मेरा लड़का किशन व विशाल चौहान छुडाने आये तो ये लोग उसे भी मारने लगे जिससे उन्हे भी चोट लग गया।पीड़ित नें लिखित प्रार्थना पत्र देखकर कार्यवाही की मांग की है पुलिस सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पांजीकृत कर जाँच पड़ताल कर रही है।

दबंगों का कहर, पीड़ित परिवार ने डीएम की चौखट पहुंच लगाईं न्याय की गुहार

उन्नाव। थाना बारासगवर क्षेत्र शिवप्रकाश और उनके परिवार के सदस्यों ने जिलाधिकारी उन्नाव को एक प्रार्थना पत्र दिया है, उन्होंने आरोप लगाया है कि 17 जनवरी 2025 को उनके गांव के ही कुछ दबंग लोगों ने उन पर जानलेवा हमला किया, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आईं। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि हमलावरों ने कुल्हाड़ी और लाठी से हमला किया, जिससे शिवप्रकाश का सिर फट गया, हाथ की हड्डी टूट गई, और उनके भतीजे आशीष के सिर में गहरी चोट आई। इसके अलावा, उनकी पुत्री सुशीला, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है, को भी गंभीर चोटें आईं।प्रार्थी का आरोप है कि पुलिस ने उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की और हमलावरों के खिलाफ कमजोर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। प्रार्थी का कहना है कि पुलिस ने उनके मेडिकल परीक्षण की रिपोर्ट को भी सही तरीके से नहीं लिया और उनकी चोटों को छिपाया गया।अब प्रार्थी ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि वे पुलिस को उनके पुनः मेडिकल परीक्षण के लिए आदेश दें, ताकि उनकी चोटों की सही तरीके से जांच हो सके और हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

औषधि निरीक्षक की बड़ी कार्यवाही दो दुकानों से भरे 9 सैंपल

उन्नाव। औषधि निरीक्षक अशोक कुमार ने शहर की दवा मार्केट स्थित दो बड़ी दुकान पर छापेमारी की। इस दौरान दोनों दुकानों से कुल 9 नमूने लिए गए। इस दौरान औषधि निरीक्षक ने स्टॉक का रखरखाव, क्रय विक्रय बिल, एक्सपायरी की जगह, फिजिशियन सैंपल, कोल्ड चैन, साफ सफाई, कैमरा, उद्यम सर्टिफिकेट सहित अन्य सभी पहलुओं पर जांच की औषधि निरीक्षक अशोक कुमार ने दवा दुकानदारों को दुकान में साफ सफाई बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। औषधि निरीक्षक ने बताया कि जांच के दौरान जिन दवाओं के सैंपल लिए गए हैं उन सैंपल को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा जाएगा। औषधि निरीक्षक ने निरीक्षण के दौरान होलसेल दवा दुकानदारों को फुटकर बिक्री न करने के निर्देश भी दिए, और दवाओं की बिक्री सिर्फ रजिस्टर्ड मेडिकल स्टोर वालों को करने के निर्देश दिए। बिना बिल के दवाएं ना बेची जाए ऐसे निर्देश भी निरीक्षण के दौरान दोनों दुकानदारों को दिए गए।इनसेट सूत्रों के अनुसार उक्त दवा दुकानदार बड़े स्तर पर नारकोटिक्स और पशुओं की दवाओं की बिक्री करते हैं और विभाग में प्रत्येक महीने दी जाने वाली रिपोर्ट सही नहीं देते हैं।और होलसेल लाइसेंस पर पशुओं की दवाओं की बिक्री फुटकर कर एक वेटनरी डाक्टर की तरह प्रैक्टिस करते हैं।बीते दिनों लखनऊ में हुई थी एक बड़ी कार्यवाही जिसको लेकर भी विभाग अर्लट है हाल ही में लखनऊ में ज़ाइडस कंपनी की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने तीन मेडिकल फर्मों पर छापेमारी की। इन फर्मों पर आरोप था कि वे फर्जी बिलिंग के माध्यम से नकली दवाइयाँ बेच रही थीं। कार्रवाई के दौरान तीनों फर्मों को सील कर दिया गया और जांच शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में राजधानी से सटे हुए जिले में भी इस संबंध में जांच शुरू कर दी गई है।

शिक्षित बेरोज़गारों के लिए बचत अभिकर्ता बनने का सुनहरा अवसर

बहराइच । जिला बचत अधिकारी राजन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बचत कार्यालय, बहराइच द्वारा जनपद में राष्ट्रीय बचत योजनान्तर्गत डाकघर में निवेश कराने हेतु शिक्षित बेरोजगार पुरूष एवं महिला अभिकर्ताओं की नियुक्त हेतु अभियान संचालित किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि नियुक्त की गयी महिला अभिकर्ताओं को निवेश कराने पर धनराशि का 04 प्रतिशत व पुरूष अभिकर्ताओं को धनराशि का 0.5 प्रतिशत कमीशन देय होगा। कमीशन की धनराशि अभिकर्ता के बचत खाते में सम्बंधित डाकघर द्वारा भेजी जायेगी।जिला बचत अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि अभिकर्ता बनने हेतु इच्छुक बेरोजगार पुरूष व महिलाएं जिनकी न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण हैं, कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला बचत कार्यालय से सम्पर्क कर अभिकर्ता नियुक्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभिकर्ता नियुक्ति के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय के दूरभाष नम्बर 05252-297554 अथवा मो.न. 7905522924 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

अहिल्याबाई होल्कर जयंती के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

विद्यालय की छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज कोरांव में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के आरम्भ में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 मोहम्मद साबिर अली ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। सहायक अध्यापक अपूर्व प्रकाश त्रिपाठी एवं मुकेश मिश्र ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात प्रतियोगिता आरम्भ हुई। जिसमें कक्षा 11 की अंजली सिंह ग्रुप ने प्रथम स्थान, कक्षा 10 की श्वेता सिंह ग्रुप ने द्वितीय तथा कक्षा 9 की गुड़िया कुमारी ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता को कला शिक्षक सुमित कुमार भारतीया एवं आशुतोष सिंह ने सकुशल सम्पन्न कराया। इस अवसर पर डॉ0 विद्याकान्त तिवारी, डॉ0 राजेश कुमार सिंह, विरेन्द्र कुमार सिंह, राकेश कुमार मिश्र, वंश बहादुर सिंह आदि अध्यापक गण उपस्थित रहे।

कूड़ाभरथ–टेकवार सड़क मार्ग जर्जर देख भड़के सहजनवां विधायक

विधायक जी का तेवर देख एक्सईएन ने कहा जल्द मरम्मत करा दूंगा : एक्सईएन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। खजनी तहसील के नगर पंचायत उनवल वार्ड 3 में टेकवार से कूड़ा भरत मुख्य मार्ग जर्जर एवं जगह-जगह गड्ढे व टूटा देख सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला पीडब्ल्यूडी एकसईएन पर भड़क गये। विधायक के तीखे तेवर देख एक्सईएन ने कहा जल्द निर्माण कर दूंगा सर। जर्जर सड़क से परेशान क्षेत्रीय जनता की शिकायत बाद रविवार को क्षेत्रीय विधायक अचानक टेकवार पहुंचे और रोड पर पैदल ही चल दिये। यह देख वार्ड में मौजूद सन्तोष राम त्रिपाठी, इंद्रकुमार निगम,अभिनंदन दुबे समेत कई लोग विधायक के साथ चलने लगे। मौजूद लोगों ने बताया कि रोड की खराब स्थिति देख विधायक ने कड़क लहजे में एक्सईएन से बातचीत शुरू कर दी।

उन्होंने कहा कि रोड की खराब स्थिति के कारण क्षेत्रवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक आगे कुछ कह पाते, तभी एक्सईएन ने विधायक को आश्वस्त करते हुवे कहा कि सर जल्द ही रोड की मरम्मत कार्य शुरू करेंगे । बता दे टेकवार से कूड़ाभरथ मेन मार्ग जो दर्जनों गांव का एक ही मात्र रास्ता है जिसे राहगीर सहित स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है,विगत कई वर्ष से पी डब्ल्यू डी रोड के बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं इस रोड चलना लोगों के लिए जोखिम भरा है। इस कदम से लोगो ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं।

जिले में दो सौ मॉडल सीआई वीएचएसएनडी यूएचएसएनडी सत्र स्थल तैयार करने की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। जिले भर में सीआई ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस-शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस (सीआई वीएचएसएनडी-यूएचएसएनडी) सत्रों के करीब दो सौ मॉडल तैयार किये जाएंगे। इसके पीछे उद्देश्य है कि बाकी सत्रों के आयोजन में भी उनसे सीख ली जाए और पूरे जनपद में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। जिला स्वास्थ्य समिति से जुड़ी कार्यकारी समिति की बैठक में सीएमओ डॉ राजेश झा ने जनपद के सभी संबंधित अधिकारियों को इसके लिए तैयारी करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉक में दस दस और शहरी क्षेत्र में भी दस मॉडल सत्र स्थल तैयार करने हैं। सोमवार को हुई इस बैठक में जिले में चल रहे सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सीएचसी पीएचसी की स्थिति एवं दी जा रही सेवाओं की भी समीक्षा की गई।सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि मॉडल सत्र स्थल पर मानकों के अनुसार सभी सेवाओं, दवाओं, उपकरणों, पर्यवेक्षण आदि की गुणवत्तापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। सत्र को मॉडल घोषित करने से पहले ब्लॉक स्तरीय और जिला स्तरीय समितियां मूल्यांकन करेंगी। आवश्यकतानुसार क्षमता संवर्धन भी किये जाएंगे। इस कार्य में सहयोगी संस्थाओं की भी मदद ली जाएगी।डॉ झा ने बताया कि सीआई वीएचएसएनडी और यूएचएसएनडी सत्र, समुदाय के सबसे नजदीक होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में एक हजार की आबादी पर, जबकि शहरी क्षेत्रों में ढाई हजार की आबादी पर इनका आयोजन होता है। प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित इन सत्र स्थलों पर योग्य दंपति, गर्भवती, शून्य से चौरासी माह तक के बच्चों और उनके अभिभावकों तथा धात्री महिलाओं एवं किशोर किशोरियों को स्वास्थ्य सेवाएं दी जाती हैं।उन्होंने बताया कि मॉडल सत्र स्थल पर आवश्यक लॉजिस्टिक्स एवं क्रियाशील उपकरणों और आवश्यक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। साथ ही दिशा निर्देशों के अनुसार सेवाएं दी जाएंगी और छूटे हुए अवसरों की पहचान कर परामर्श जांच एवं सेवाएं दी जाएंगी। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक ब्लॉक में पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर सत्र स्थल और पांच ग्रामीण सत्र स्थल को मॉडल के तौर पर विकसित किया जाना है।

बेहतर ताल–मेल एवं समन्वय के साथ करें प्रवर्तन कार्रवाई: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । नारकोटिक्स पदार्थो के संचरण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को को.आर्डिनेशन कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बेहतर ताल-मेल एवं समन्वय के साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स पदार्थो के अवैध संचरण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये। डीएम ने कहा कि सभी एजेन्सियों के बीच संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो सभी सम्बन्धित एजेन्सी सूचनाओं को एक-दूसरे के साथ शेयर करते हुए तत्काल प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई कर नियमानुसार सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान डीएम ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि विगत बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या तत्काल उपलब्ध कराएं। डीएम ने अपराध निरोधक एजेन्सियों को निर्देश दिया कि किसी भी कार्रवाई के दौरान नारकोटिक्स और ड्रग्स की ज़ब्त की गयी मात्रा तथा उस सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही का विवरण समिति की बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाय।डीएम ने औषधि प्रशासन विभाग को निर्देश दिया गया कि मेडिकल स्टोरों की संघन चेकिंग अभियान संचालित कर प्रतिबंधित नशीली औषधियों की बिक्री पर प्रभावी अंकुश के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि चिकित्सक के परामर्श के अनुसार ही दवाओं की बिक्री की जाय तथा सम्बन्धित मेडिकल स्टोर्स द्वारा उनका लेखा-जोखा रजिस्टर में अंकित किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि मादक पदार्थों की बिक्री एवं संचरण के लिए संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर वहां सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाय। उन्होंने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के नमूने परीक्षण हेतु भेजे जाने का ब्योरा प्रत्येक बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा प्रस्तुत किया जाय।

बीएसए ने आईसीटी लैब का किया उद्घाटन

विद्यालय शैक्षिक गुणवत्ता के साथ–साथ तकनीकी रूप से भी लैस हो रहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । कंपोजिट विद्यालय रामपुर खुर्द भटहट में आई सी टी लैब का उदघाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेंद्र कुमार सिंह द्वारा जिलाध्यक्ष श्री राजेश धर दूबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ,इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री ज्ञानेंद्र कुमार ओझा और श्रीधर मिश्र जी रहे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएसए रमेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज के बदलते समय में तकनीकी विकास की काफ़ी आवश्यकता है और हमारा शिक्षक इस क्षेत्र में काफी बढ़ चढ़ कर कार्य कर रहा है और सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। जिलाध्यक्ष राजेश धर दूबे ने कहा कि आज इसी तरह से अपने आभा को बिखेरने की आवश्यकता है तथा समाज को ये बताने की जरूरत है कि हम बिना किसी शुल्क के आपके बच्चों को शिक्षा देने के लिए तत्पर हैं।जिला मंत्री श्री श्री धर मिश्र ने कहा कि हमें अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने में कोई भी कोताही नहीं बरती है क्योंकि समाज को हमसे काफी अपेक्षा है और हमें भी समाज का सहयोग आपेक्षित है, मांडलिक मंत्री ज्ञानेंद्र कुमार ओझा ने कहा कि आज हमारा शिक्षक समाज अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए तन मन से समाज का नया निर्माण कर रहा है और समाज में अपना स्थान कायम किया है।

इस अवसर पर आगंतुकों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि आज हमारा विद्यालय शैक्षिक गुणवत्ता के साथ साथ तकनीकी रूप से भी लैस हो रहा है इसलिए आज इस प्रकार के कार्यों को समाज में करने की जरुरत है। कार्यक्रम में इस अवसर पर कैंपियरगंज के अध्यक्ष श्री आशुतोष कुमार मिश्र, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंह,मंत्री जितेन्द्र कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष रामाज्ञा प्रसाद, अरुण पाण्डेय,संतोष तिवारी , रमेश मणि त्रिपाठी ,सतेन्द्र सिंह,अजीत मिश्र,अभिमन्यु तिवारी ,दिलीप कपाड़िया ,मनोज सिंह, अनिल कुमार पाण्डेय, मनोज कुमार, सुरेंद्र सिंह,अंशु सिंह, मनीष सिंह,संजय दुबे, रवि सिन्हा, अमरजीत,रामकिशन गुप्ता ,विनोद सिंह,रमेश मौर्य,अशोक चंद्रा, अफजाल समानी, शकुन्तला, राजेंद्र प्रसाद, उषा वर्मा,प्रियंका, नीलम गुप्ता, अर्पिता सिंह,अनामिका शर्मा,रेखा ,सुनीता, मिथलेश,मार्गेट सेराफिन, विष्णु कुमार शुक्ला अमरनाथ पाण्डेय, ए आर पी सामाजिक विषय श्रीवास्तव,दिलीप सिंह,प्रमोद कुमार सहित समस्त शिक्षक,छात्र , अभिभावक,प्रधान प्रतिनिधि अवधेश सिंह आदि सहित तमाम गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर गौरी श्रीवास्तव ने किया ।

आयुष विश्वविद्यालय के अवशेष निर्माण कार्यों को आगामी 31 जुलाई तक पूर्ण कराएं : मुख्य सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के अवशेष निर्माण कार्यों को 31 जुलाई तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता से कतई समझौता न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, प्रशासनिक ब्लॉक, योगा हाल, फैकल्टी एवं स्टाफ कक्षों आदि की गुणवत्ता का गहनता से परीक्षण कराया जाए, ताकि कहीं कोई कमी न रह जाए। ऑडिटोरियम के निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा कर कार्यों में तेजी लायी जाए, साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी कराया जाए। बैठक में बताया गया कि टाइप- 1, 2, 3, 4, फैकल्टी सेंटर, वीसी रेजिडेंस, पुलिस चौकी का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। एकेडमिक/एडमिन ब्लॉक, गेस्ट हाउस, गर्ल्स हॉस्टल, ब्वॉयज हॉस्टल, मोर्चरी, कॉटेज डबल एवं सिंगल यूनिट, एक्सटर्नल डेवलपमेंट का कार्य तीव्र गति से चल रहा है।

भाजपा महिला मोर्चा ने ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा निकाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। महानगर महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा उपस्थित बहने प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा एवं राज्यसभा सांसद गीता शाक्य नगर अध्यक्ष सीता नेगी जी के नेतृत्व में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ,प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पना तिवारी नगर महामंत्री अर्चना साहू , प्रदेश मंत्री रमा सिंह, रजनी पांडे पूजा मिश्रा,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुमन लता कुरील, मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिंह एवं समस्त महिला मोर्चा के साथ पुष्पा सिंह मंडल अध्यक्ष पश्चिम दो , मधु शुक्ला महामंत्री , सकीना असकरी उपाध्यक्ष रंजन श्रीवास्तव उपाध्यक्ष मालती वर्मा मंत्री विमला मिश्रा मंत्री मधु द्विवेदी मीडिया प्रभारी , शिखा श्रीवास्तव उपस्थित रही।

अनियंत्रित कार की सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ंत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। थाना क्षेत्र के नारायणपुर फतेहगंज मार्ग पर रामदासपुर गांव में सोमवार सुबह करीब 7 बजे एक कार अनियंत्रित होकर तेजी से सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली से भिडं गई। हादसा इतना भयानक था कि ट्राली के पहिए निकलकर दूर जा गिरे वहीं कार के भी परखच्चे उड़ गए। गलीमत यह रही कि कार का एयरबैग खुल गय जिससे चालक को मामूली चोट ही आई। कार चालक अकेला ही था। हादसे के फौरन बाद ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। कार चालक द्वारा सरोजनी नगर स्थित अपने घर जानकारी दी गई जिसके बाद घर वाले उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। ट्रैक्टर चालक सही सलामत रहा। ग्रामीणों के अनुसार हादसे का कारण कार चालक को झपकी आना रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्नाव जिले के असीवन थाना क्षेत्र स्थित इंडिया सीमेंट पाइप इंडस्टरीज से ट्रैक्टर संख्या यूपी 35 यू 1373 से एयरपोर्ट सरोजनीनगर के पास पाइप की डिलिवरी करने असीवन के ही चालक अरविंद कुमार पुत्र रामबालक व बांगरमऊ निवासी सचिन दीक्षित पुत्र नरेश दीक्षित गए थे जब वह रामदास पुर गांव पहुंचे थे इसी बीच सामने से आ रही कार यूपी 32पीएम 9761 तेज गति से ट्राली से भिड़ गई। कार को जय सिंह यादव निवासी शांति नगर सरोजिनी नगर चला रहे थे जिन्हें परिजन इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज चल रहा है।

12 बिजली चोरों पर हुई एफ़आईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को लखनऊ मध्य क्षेत्र के चौक मंडल में बिजली चोरी को रोकने के लिए बिजली विभाग ने दो डिवीजनों में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान में चौक व ठाकुरगंज डिवीज़न के कई क्षेत्रों को लक्षित किया गया। जिसमें मेहताब बाग उपकेंद्र से संबंधित लंगरखाना, नूर मस्जिद, रामगंज व घंटाघर उपकेंद्र से संबंधित

नरकुल वाली मस्जिद व गऊघाट उपकेंद्र से संबंधित झाकड़बाग़, ज़ाफ़रिया कॉलोनी शामिल हैं। विद्युत विभाग की टीम ने जब सुबह तड़के शुरू किए गए इस अभियान में कटिया डालकर और मीटर बायपास कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वालों पर शिकंजा कसा तो 51 कनेक्शनो की चेकिंग के दौरान 12 लोगों को लगभग 46 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते हुए पाया गया। पकड़े गए उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और उनके बिजली कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिए गए हैं। ये छापेमारी लखनऊ सेंट्रल जोन के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के आदेश पर चौक मण्डल के अधीक्षण अभियंता रमेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा गठित टीम द्वारा की गयी थी। जिसमें अधिशासी अभियंता रमन वासुमित्रा व अधिशासी अभियंता दीपक कुमार व उपखंड अधिकारी अवधेश प्रसाद चौधरी, रामू गुप्ता, जय प्रकाश, गुलरेज़ अली, उपदेश कुमार तथा अवर अभियंता अंकित पाण्डेय, अंकित सिंह, अभय कुमार, दुर्गेश चन्द्र, राम जन्म, अशोक कुमार आदि शामिल थे। अधीक्षण अभियंता रमेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल बिजली चोरी को रोकना है, बल्कि लोगों को वैध कनेक्शन लेने के लिए जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा हम नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाते रहेंगे। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उनसे जुर्माना भी वसूला जाएगा।

गंगागंज रेलवे क्रॉसिंग पर बैरियर टूटा, तीन घंटे यातायात रहा प्रभावित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव गंगागंज में रेलवे क्रॉसिंग पर सोमवार को बैरियर टूट गया। इस कारण गंगागंज से पौशाला बाजार तक लंबा जाम लग गया। दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन लगभग 3 घंटे तक प्रभावित रहा।

जाम की स्थिति में चारपहिया वाहनों को भदुवा चौराहे के रास्ते से निकाला गया। इसके लिए वाहनों को करीब 5 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ा।

स्थानीय लोगों और चालकों के अनुसार, सुबह बैरियर टूटने की सूचना मिलने के बाद भी तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे जाम की स्थिति और खराब हो गई। बाद में रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और टूटे बैरियर की मरम्मत शुरू की।

स्टेशन मास्टर ने बताया कि दोपहर तक गेट की मरम्मत पूरी कर ली जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में बेहतर यातायात प्रबंधन और रेलवे क्रॉसिंग की नियमित जांच की आवश्यकता सामने आई है। वाहन चालकों ने रेलवे प्रशासन से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है।

एसी स्लीपर बस दुर्घटना के बाद से फरार चालक गिरफ्तार

पांच लोगों की जलकर हुई थी दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने बीती 15 मई को किसान पथ पर हुई एसी स्लीपर बस दुर्घटना में हुई पांच लोगों की जलकर हुई मौत में लापरवाही बरतने वाले चालक को बिहार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि बीती 15 में को आउटर रिंग रोड किसान पथ पर एसी स्लीपर बस में आग लगने से बच्चों महिलाओं समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी वहीं बस में बैठे यात्रियों को बगैर सूचना दिए गाड़ी से कूद कर ड्राइवर व क्लीनर मौके से भाग गए थे। इसके बाद पीड़ित राम बालक महतो ने बस ड्राइवर कंडक्टर व बस मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था तभी से पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश कर रही थी।बीते रविवार को पुलिस टीम ने मौके से भाग जाने वाले ड्राइवर शंकर यादव निवासी कोदरिया घाट थाना सेवई पट्टी मुजफ्फरपुर बिहार को उसके घर से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है।

श्री श्याम मन्दिर में हज़ारों भक्तों को बटा श्री श्याम कृपा प्रसाद

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मन्दिर पर पूरे ज्येष्ठ माह चलने वाले श्री श्याम कृपा भंडारा के सातवें दिन कार्यक्रम संयोजक उमेश दुबे, मदन दुबे द्वारा हजारों को भक्तों को पनीर की सब्जी एवं पूड़ी प्रसाद वितरित किया गया। महामंत्री रुपेश अग्रवाल ने बताया कि भंडारा प्रसाद प्रतिदिन सायं 5 बजे से 10 तक चलता हैं हर दिन विशेष प्रसाद का भोग वितरित किया जाता हैं।

वहीं कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को दिनेश मेघदूत अग्रवाल द्वारा पूड़ी सब्जी के साथ मीठे में पेठा का वितरण किया जाएगा। बुधवार को वीरेंद्र गर्ग, स्वदित गर्ग, गुरुवार को मनोज अग्रवाल, शुक्रवार को संजय अग्रवाल, शनिवार को संजय अग्रवाप पप्पू, रविवार को संजीव अग्रवाल द्वारा श्री श्याम कृपा भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने नियामक आयोग अध्यक्ष से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने नियामक आयोग अध्यक्ष से की मुलाकात दाखिल किया लोकमहत्व प्रस्ताव कहा उपभोक्ता परिषद की विधिक आपत्तियों को या तो आयोग सरकार को भेजें या तो सरकार द्वारा संदर्भित प्रकरण के साथ उसे सम्मिलित करके लिया जाए निर्णय निजीकरण जनहित में नहीं।

उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों के निजीकरण के लिए 16 मई को एनर्जी टास्क फोर्स की बैठक में प्रस्तावित विडिग डॉक्यूमेंट को नियामक आयोग को संदर्भित करते हुए उस पर सरकार द्वारा अभिमत लिए जाने के पहले सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधुत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने विधुत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक लोकमहत्व प्रस्ताव दाखिल करते हुए यह मुद्दा उठाया कि उपभोक्ता परिषद द्वारा दाखिल सभी आपत्तियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संदर्भित प्रस्ताव के साथ सम्मिलित करते हुए निर्णय लिया जाए अथवा विधुत नियामक आयोग विधुत अधिनियम 2003 की धारा 86(2) के तहत उपभोक्ता परिषद के सभी विधिक प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश सरकार को संदर्भित करें नीतिगत विषय होने के नाते राज्य सलाहकार समिति की बैठक भी बुलाई जाए। उपभोक्ता परिषद ने अपने लोकमहत्व प्रस्ताव के माध्यम से यह गंभीर मुद्दा उठाया कहा जो ग्रांट थॉर्नटन दोषी है उसके प्रस्ताव पर कोई भी कार्यवाही किया जाना उचित नहीं है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने यह बड़ा सवाल उठाते हुए कहा एनर्जी ट्रांसपोर्ट की बैठक में जिसमें असंवैधानिक रूप से नियुक्त कंसलटेंट ग्रांट थ्रोनटन द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया और पावर कॉरपोरेशन सहित भारत सरकार तक के प्रतिनिधि उपस्थित थे वहां विधुत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के विपरीत यह प्रस्ताव पास किया गया की पावर कॉरपोरेशन पूरे मामले को विधुत नियामक आयोग को संदर्भित करें इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस उच्च स्तरीय बैठक में किस लेवल के ज्ञान रखने वाले एक्सपर्ट शामिल है जिन्हें यह भी नहीं पता है कि पावर कॉरपोरेशन नहीं बल्कि केवल उत्तर प्रदेश सरकार ही विधुत अधिनियम 2003 की धारा 86 (2) उपधारा 4 में पूरे मामले को नियामक आयोग को संदर्भित कर सकती है। उपभोक्ता परिषद पहले ही उठा चुका था सवाल की ग्रांट थ्रोनटन को केवल हाईवे का अनुभव वन निजीकरण का एबीसीडी नहीं जानता। उत्तर प्रदेश राज्य विधुत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा एनर्जी टास्कफोर्स में जिस प्रकार से जल्दबाजी में निजीकरण पर अनेकों फैसले किए गए वह सभी आने वाले समय में जांच के दायरे में होंगे।

फांसी लगाकर युवक ने समाप्त की अपनी जीवन लीला

बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत लालाखेड़ा गांव निवासी एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव लाला खेड़ा थाना बंथरा लखनऊ निवासी सोनू पुत्र स्वर्गीय रोशन लाल रावत उम्र करीब 30 वर्ष द्वारा अपने ही घर में छत के जाल से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मृतक के भाई श्यामलाल द्वारा बंथरा पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी पर बंथरा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना सं.	1170–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 16.05.2025
कार्य का नाम	लखनऊ मण्डल के व्यासनगर, शिवपुर और चौखंडी गुड्स शेड के विकास के संबंध में विद्युत कार्य।
अनुमानित लागत	₹65,12,434.22 (रु० पैंसठ लाख बारह हजार चार सौ चौंतीस एवं बाईस पैसा मात्र)
बयाना राशि	₹1,30,300/- (रु० एक लाख तीस हजार तीन सौ मात्र)
ई–निविदा की कीमत	शून्य — कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 माह
ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि	दिनांक 10.06.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में।
प्रस्ताव की वैधता	ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन
उत्तर रेलवे की वेबसाइट	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है

सूचना सं.: 1170–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक 16.05.2025 1460/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पांच अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज पुलिस ने किराने की दुकान से चोरी का प्रयास व क्लीनिक से सामान चोरी कर लेने जाने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास चोरी का सामान बरामद करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार रविवार/सोमवार की रात कस्बा गोसाईगंज स्थित लाल किराना स्टोर एवं ग्राम रसूलपुर टिकनियामऊ में स्थित सुविधा क्लीनिक से अज्ञात चोरों द्वारा शटर काटकर समान चोरी कर लिया गया था।जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा चोरों की तलाश की जा रही थी इसी बीच कोड़रा गांव के पास मारूति सुजुकी शोरूम के पास स्थित प्लाटिंग में एक ईको वैन खड़ी दिखायी दी।जिसे चेक करने पर उसमें पांच लोग बैठे मिले तथा वैन की तलाशी ली गई तो उसमें किराने की दुकान से चोरी गया सामान तथा क्लीनिक से चोरी किया गया एक इन्वर्टर एक बड़ी बैटरी व एक एलईडी मानीटर बरामद हुआ।गाड़ी से बरामद हुए सामान के बारे में पूछने पर अभियुक्त गण कोई सन्तोषजनक जवाब नहीं दे सके और न ही कोई बिल उपलब्ध करा सके।जिसपर पुलिस को शक होने पर उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो अभियुक्तगणों दुकान व क्लिनिक से चोरी किये जाने की बात स्वीकार की। पकड़े गए आरोपितों ने पूंछताछ में अपने नाम अंकुश यादव, सूरज यादव विशाल यादव व मनीष निवासीगण बंथरा व जय सिंह गौतम मूल निवासी थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव हाल पता गढ़ी चिनौटी थाना बन्थरा जनपद लखनऊ बताया। इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों के पास से ईको वैन व चोरी का समान बरामद करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

पीवीआर आईनॉक्स के तीन कर्मचारियों पर धार दार हथियार से हमला

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में अहिमामऊ के पास दबंगों ने पीवीआर आईनॉक्स के तीन कर्मचारियों पर धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। पीवीआर के प्रबंधक देवेश उपाध्याय निवासी 45 जयराजपुरी सरोजनीनगर ने पुलिस से शिकायत की है कि सोमवार की सुबह लगभग चार बजे पीवीआर आईनक्स के कर्मचारी प्रदीप विशाल और ललित अपने घर जा रहे थे।तभी अहिमामऊ चौराहे के पास कुछ अज्ञात लोग आए और तीनो कर्मचारीयों को बुरी तरह से पीटा जिससे उन तीनो को गंभीर चोटें आई।मार पीट से ललित कुमार बेहोश हो गया था जिसका ईलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।वहीं घायल विशाल सिंह प्रदीप कुमार व ललित सिंह के अनुसार फीनिक्स प्लासियो में स्थित पीवीआर आईनॉक्स में कम करते है।रोज की तरह सोमवार को भी ड्यूटी कर के घर जाने के लिए जैसे वह गेट से बाहर निकले तभी गेट पर पंद्रह से बीस लोग आ गए और उनका पीछा करने लगे आरोप है कि उन लड़कों ने रास्ते में दो हवाई फायर भी किए।उसके बाद ये लोग जैसे ही अहिमामऊ में स्थित चिन्मय रिसॉर्ट के पास पहुंचे तो इन तीनों लोगों को उन लड़कों ने रोक लिया और इनके ऊपर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।जिससे विशाल व ललित गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए।जिन्हें कम घायल प्रदीप ने एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भिजवाया जहां ललित की हालत गम्भीर बनी हुई है।इस सम्बन्ध में इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच फायरिंग की बात सामने नहीं आई है तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पीड़िता को मिल रही है जान से मारने की धमकी

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक महिला को दबंग पिता – पुत्र द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता अपने बचाव में इधर उधर भाग रही है तो एक दरोगा जी उस महिला को शांत रहने की सलाह दे रहे हैं।यह पूरा मामला बाबू बनारसी दास थाना क्षेत्र के गांव सल्लाही मऊ की एक महिला का है।पीड़िता महिला की ओर से थाने दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि वह 4 मई 2025 को 10 बजे घर के आंगन में लगे नल से नहा रही थी उसी समय गांव के ही युवक सुमित पुत्र कन्हई ने अपने मोबाइल से उसका वीडियो बना लिया।इस बात की जानकारी पीड़िता को वीडियो वॉयरल होने के बाद हो पाई।पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज करवा दी।अब पीड़ित महिला को वीडियो बनाने वाले युवक और उसके बाप की ओर से जान से मारने की धमकियां मिलने लगी हैं।पीड़िता का कहना है कि आरोपी पिता पुत्र की ओर से कहा जा रहा है कि एक लाख रुपए दरोगा तिलक राम गंवार को दे दिया है कोई कार्यवाही नहीं होगी।पीड़ित महिला का कहना है कि दरोगा जी कहते हैं कि कुछ भी नहीं होगा।पीड़िता का कहना है कि दरोगा भी उसके धोखा धडी कर सकते हैं।

विधवा महिला व सहखातेदारों की भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज कोतवाली अंतर्गत आने वाले गांव लोधन पुरवा मजरा अस्ती निवासी विधवा महिला श्याम सुंदरी पत्नी स्व0 देवतादीन और इस महिला के सह खातेदारों राम कैलाश व सतगुरु की भूमि पर की कृषि योग्य भूमि पर दबंगों ने जबरन कब्जा कर लिया गया।इस मामले पीड़ित पक्ष की ओर से स्थानीय पुलिस के अलावा मुख्य मंत्री को भी शिकायत भेजी है जिसपर पांच दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।

शिकायत कत्री के अनुसार उसकी व सह खातेदारों की 1900 हेक्टेयर भूमि अस्ती गांव में स्थित है।पीड़िता के खेत मेंथा (पिपरमेंट) की फसल बोई हुई थी जिसे 9 मई 2025 को महुरा कला निवासी बी के रॉय,अजय और सचिन ने ट्रैक्टर से जुतवा दिया।शिकायत कत्री के अनुसार दबंगों ने ग्राम समाज की भूमि पर भी कब्जा कर लिया है।इस बात की शिकायत श्याम सुंदरी ने कोतवाली गोसाईगंज,उप जिला अधिकारी मोहनलालगंज के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी भेज दिया है।शिकायत किए जाने के बाद पांच दिन का समय गुजर गया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।इसी वजह से पीड़िता परेशान है।श्याम सुंदरी कहती हैं कि अब वह कहां जाय यही बात उसकी समझ में नहीं आ रहा है।

न्यायिक कार्य प्रणाली से नाराज अधिवक्ता 24 मई तक नहीं करेंगे कार्य

मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज तहसील के न्यायालयो में पारित होने वाले अविवादित व विवादित आदेशों की अमल दरामद राजस्व अभिलेखों में हो रही देरी से नाराज मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ता बीते 15 मई से कार्य बहिष्कार कर रहे हैं।वही अधिवक्ताओं ने सोमवार को फिर से बार भवन में बैठक कर उप जिलाधिकारी द्वारा दिए गए आश्वासन को ना मानते हुए कहा कि जब तक अमल दरामद की प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से नहीं शुरू हो जाती है तब तक अधिवक्ता बहिष्कार जारी रखेंगे और न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे । सोमवार को मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के बार भवन में अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने फिर बैठक की । बैठक में महामंत्री राम लखन यादव ने बताया कि मोहनलालगंज तहसील के न्यायालयो में पारित होने वाले अविवादित व विवादित आदेशों की अमल दरामद राजस्व अभिलेखों में लगभग दो माह से नहीं हो पा रहा है इस संबंध में कई बार तहसील प्रशासन व जिला प्रशासन को लिखित रूप से अधिवक्ताओं द्वारा अवगत भी कराया गया है लेकिन अभी तक कंप्यूटर प्रणाली द्वारा की जा रही अमल दरामद प्रक्रिया में कोई सुधार नहीं हुआ है एवं सभी कार्य ठप पड़े हुए हैं उक्त बिगड़ी व्यवस्था से वादकारी परेशान हो रहे हैं इससे अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है इसलिए सभी अधिवक्ताओं की आम राय से सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया है कि आगे 24 मई तक अधिवक्तागण पूर्ण रूप से न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। और शांतिपूर्ण ढंग से तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.	**ई-निविदा सूचना संख्या :** टीआरडी-07-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-25
2.	**कार्य का नाम :** लखनऊ मंडल के लखनऊ गुड्स यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के प्रावधान के संबंध में ओएचई संशोधन कार्य।
3.	**अनुमानित लागत :** रु. 89,29,421.82
4.	**बयाना राशि :** रु. 1,78,600.00/-
5.	**कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह
6.	**निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 12.06.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद।
7.	**प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।
8.	**उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।
9.	**पात्रता मापदंड :** निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई है 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का **30 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का **40 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान एक कार्य का **60 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। **एक समान कार्य की परिभाषा होगी:-** Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबवाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: टीआरडी-07-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-25 दिनांक: 19.05.2025 1467/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

जिला अस्पताल में सक्रिय हैं दलाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

स्टाफ की साठ-गाठ से मरीजों का हो रहा शोषण

दलालों की साठ गाठ से मरीजों का हो रहा शोषण, भगवान सहारे रोगी व परिजन

लाखों की सैलरी व करोड़ों के बजट के बावजूद चंद सिक्कों में बिकता जमीर

सीतापुर। जिले के सरकारी अस्पताल में दलालों की गिरफ्त में हैं. गिरोह के सदस्य यहां आने वाले मरीजों को निजी अस्पतालों में ले जाते हैं, जहां मरीजों से इलाज के नाम पर मनमाना पैसा वसूला जाता है.सीतापुर जिला अस्पताल में यदि कोई मरीज गंभीर अवस्था मे पहुचता है तो इमरजेंसी में बैठे लोग आपको रिफर कर देंगे या बेड न होने की मजबूरी बता कर अपना पल्ला झाड़ लेंगे। आप यदि थोड़ी पहुच या सिफारिश रखते है तो आपको बेड शेयरिंग करने को कह कर भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है।अब सवाल यह उठता है सरकार प्रतिवर्ष करोड़ो अरबो का बजट स्वास्थ्य महकमे पर इस लिए खर्च करता है ताकि आमजन को ठीक ठाक इलाज मिल सके। पर सीतापुर में स्वास्थ्य महकमा सरकार की योजनाओं में पलीता लगा रहा है। अभी कुछ दिन पहले बुजुर्ग महिला जिनकी उम्र लगभ 87 वर्ष थी। रात्रि में गंभीर अवस्था मे इमरजेंसी में दिखाने पहुची वँहा पर स्ट्रेचर तक मौजूद नही थे। इमरजेंसी डॉक्टर ने बेड खाली न होने की बात कही जबकि इमरजेंसी व महिला वार्ड में बेड खाली थे परिजनों ने सीएमएस से गुहार लगाई तो येनकेन बु:जुर्ग जो गंभीर अवस्था मे थी एडमिट कर लिया गया पर इलाज के नाम पर इमरजेंसी में इंजेक्शन जो लगे थे वही इलाज था बेड पर भगवान भरोसे छोड़ दिया गया। रात्रि समय अस्पताल के परिजनों ने देखा एक अधेड़ उम्र महिला जो कभी इमरजेंसी में जाकर स्टाफ के लोगो से मुस्कुरा कर बात करती कभी पुलिस वालों से जानकारी लेने पर पता चला वो अस्पताल में दलाली का कार्य करती है। तो वहाँ के डॉ जिनको सरकार सैलरी के रूप में लाखों रुपये देती है क्या वो लोग जान बूझकर बेड न होने का बहाना करते है। सूत्रों द्वारा जब आगे जानकारी प्राप्त हुई तो पता चला मरीज यदि इनलोगो की जेब गर्म कर देगा तो बेड व चिकित्सीय सेवाएं मिलेंगी वर्ना रिफर कर दिए जाओगे या बेड उपलब्ध नही रहेगा। यंहा पर डाक्टर लगभग अन्य निजी अस्पतालों में खुले आम सेवाएं दे रहे है पर जिम्मेदार लोग चंद खनकते सिक्को की वजह से आंखे बंद किये बैठे है। इसकी जानकारी लगभग सभी जिम्मेदार लोगों के होते हुए भी अभी तक प्रशासन ने इन दलालों पर कोई कार्रवाई नहीं की है. जिला अस्पताल इमरजेंसी में या उसके बाहर सफ़ेद कोट में कोई शख्स मिले और वह आपको या मरीज को दूसरे अस्पताल जाने के लिए बरगलाए तो उस पर भरोसा न करें। अस्पताल की इमरजेंसी और उसके आसपास मरीजों को निजी अस्पतालों में ले जाने वाला गैंग सक्रिय है।

लिखित शिकायत मिलने पर करूंगा कार्यवाही : सीएमएस

सीतापुर जिला अस्पताल में दलालों की साठ गांठ की सुर्खिया कई बार खबरो में रहती है। एक दलाल ने मरीज के परिजन को फोन पर कहा आपके मरीज को कोई दिक्कत हो तो आप को एक निजी अस्पताल में शिफ्ट करवाने का दबाव बनाने लगा व कई प्रलोभन देकर बिना जाने गारंटीड इलाज का आश्वासन दिया फिर लगा मरीज नही जाएगा तो उसने बातया कल डॉ आएंगे हम दिखवा देंगे इसके एवज में हमे डॉ के कोट में चुपचाप पैसे डालने होंगे।उपरोक्त खबर पर सीएमएस डॉ इंद्र सिंह से फोन पर जानकारी ली गयी तो उन्होंने अस्पताल में बेड कम होना बताया व नए अस्पताल जो 200 बेड बन रहा है वो भी कम है हम इसपर हर महीने जिम्मेदारों को खत लिख रहा हूँ। दलालों पर बातया हमने चौकी प्रभारी को बोला है संदिग्ध पर नजर रखे व बाहर का रास्ता दिखाए अपनी मजबूरी जताते हुए कहा यदि लिखित शिकायत मिल जाये तो हम तत्काल कानूनी कार्यवाही करवाएंगे।

मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुये विवाद के बाद दबंगों ने की फायर

बिसवां सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुये विवाद के बाद दबंगों ने फायर की। शुक्र है की घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। फायरिंग के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और अफरा-तफरी के बीच लोग अपनी जान बचाकर भागे। रविवार की रात कोतवाली बिसवां क्षेत्र के मोहल्ला रायगंज निवासी कृष्णा बाल्मीकि पुत्र रामगोपाल वाल्मीकि ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह घर के सामने टहल रहा था तभी मोहल्ले के ही निवासी तीन दबंग पारुष यादव, राहुल कश्यप उर्फ अवधढ़ तथा शिवम उर्फ काके गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद करने लगे। कहासुनी के बाद तीनों लोग मारपीट पर आमादा हो गए और तीनों लोग असलहा निकालकर फायर कर दी। किसी प्रकार पीड़ित बच गया। पीड़ित ने दी गई तहरीर में आगे कहा है कि तीनों आरोपी जाति सूचक गंदी-गंदी गालियां दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उधर घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल। हालांकि बिसवां पुलिस ने पीड़ित कृष्णा की तहरीर पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

दहेज की लालच में टूटी बेटी की शादी, थाने में दी तहरीर

खैराबाद, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम बद्रीपुर (मीनापुर) निवासी सुमन पत्नी मुरारी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री राधा की शादी 18 मई 2025 को तय थी। निर्धारित समय पर बारात लेकर विपक्षीगण विकास पुत्र विनोद निवासी मजरा सिपाह, कैलाश पुत्र नन्दलाल निवासी मीनापुर उसके दरवाजे पर आए थे। प्रार्थी ने अपनी हैसियत के अनुसार स्वागत-सत्कार, भोजन और दान-दहेज की व्यवस्था की थी। मुरारी का आरोप है कि दूल्हे पक्ष ने बारात लाने के बाद दहेज की अतिरिक्त मांग करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कहा कि पहले पूरा दहेज दिखाओ तभी शादी करेंगे। प्रार्थी ने बताया कि तिलक में पहले ही स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और ?85,000 नगद दिये जा चुके थे, लेकिन फिर भी दूल्हा पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। इसी बात पर विवाद हुआ और बारात वापस लौट गई। विपक्षीगणों ने धमकी भी दी कि अब वे इस लड़की से शादी नहीं करेंगे और जहां अधिक दहेज मिलेगा वहीं शादी करेंगे। इस घटनाक्रम से लड़की और उसके परिवार को गहरा मानसिक आघात पहुँचा है। सुमन ने तहरीर में यह भी आरोप लगाया कि विपक्षीगण खुद को होमगार्ड बताते हुए दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं और कहा कि ''हमारी थाने में पहुंच है, हमारा कुछ नहीं होगा। पीड़ित पिता ने थाना खैराबाद में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामला दहेज प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न और सामाजिक बेइज्जती से जुड़ा है, जिसे लेकर गांव में भी चर्चा बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मानसिक मंदित दिव्यांगजनों के लिए आश्रय गृह संचालन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को मिलेगा सरकारी अनुदान

लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में मानसिक मंदित तथा मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजनों हेतु आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। यह सहायता प्रदेश सरकार द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने बताया कि नि:शक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारो का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अंतर्गत पंजीकृत स्वैच्छिक संगठन जो मानसिक मंदिता के क्षेत्र मे अनुभव तथा उक्त योजना हेतु पात्रता रखते हो, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 की वेवसाइट से प्रश्नगत योजना से सम्बन्धित दिशा-निर्देश व आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर सकते है। वित्तीय वर्ष 2025S26 के लिए अनुदान प्रस्ताव तीन प्रतियों मे विलम्बतम दिनॉक 30.06.2025 तक कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, लखीमपुर खीरी मे जमा कर सकते है ।

नवविवाहिता को पीटा, लखनऊ रेफर

लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना ईसानगर के गांव बेलतुआ दहेज का खौफनाक मंजर है 21वीं सदी में प्रवेश कर चुके भारत के लिए यह बेहद अफसोसनाक है कि आज भी दहेज की भूख इंसानियत को निगल रही है। ताजा मामला लखीमपुर खीरी के बेलतुआ गांव का है, जहां दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर एक नवविवाहिता को बर्बरता से पीटा गया। पीड़िता की हालत गंभीर है और उसे इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। 2 मार्च 2025 को ऊषा देवी की शादी बेलतुआ निवासी छोटेलाल से हुई थी। विवाह के समय परिवार ने अपनी सामर्थ्य अनुसार दहेज दिया, लेकिन ससुराल पक्ष ने मोटरसाइकिल और सोने की चेन की मांग की। जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो 13 मई की शाम, पति छोटेलाल और उसके परिवार के पांच अन्य सदस्यों ने मिलकर ऊषा पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़िता के पिता नेकपाल गौतम की शिकायत पर पुलिस ने छोटेलाल, शंभू, कैलाश, अखिलेश, आरती और पूनम के खिलाफ बीएनएस 2023 की धाराओं 115(2), 352, 351(2), 85 और दहेज निषेध अधिनियम की धाराएं 3 व 4 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की है। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र गंगवार ने आश्वासन दिया है कि सख्त कार्रवाई की जा रही है।

चारागाह की भूमि पर दबंगों का अवैध कब्जा, पीड़ितों ने जिलाधिकारी खीरी से लगाई न्याय की गुहार

लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम लंदनपुर ग्रांट की चारागाह की सरकारी भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने के खिलाफ ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों का आरोप है कि पूर्व में भी कई बार इस संबंध में शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन निचले स्तर पर मौजूद लेखपाल ने शासन को कब्जा मुक्त होने की फर्जी रिपोर्ट भेज दी, जिससे दबंगों का हौसला और बढ़ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लंदनपुर ग्रांट के गाटा संख्या 4114 (1.016 हेक्टेयर), 4120 (0.510 हेक्टेयर), 3725 (0.340 हेक्टेयर), 4312 (1.097 हेक्टेयर), 4130 (1.214 हेक्टेयर) और 4197 (0.623 हेक्टेयर) की राजस्व अभिलेखों में चारागाह भूमि के रूप में दर्ज जमीन पर दबंगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। यह भूमि ग्रामीणों के पशुओं के चरने के लिए आरक्षित है, लेकिन अब इसमें कब्जाधारियों द्वारा निर्माण और उपयोग किया जा रहा है।

भव्य तिरंगा यात्रा का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों पर भारतीय सेना द्वारा चलाए गए सफल ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में सोमवार को बिसवां कस्बे में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक श्री निर्मल वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई, जिसका उद्देश्य सेना के शौर्य को नमन करना और जनमानस में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना था। तिरंगा यात्रा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से शुरू होकर बस स्टॉप, हाथी गेट, पोस्टर चौराहा होते हुए बड़े चौराहे पर समाप्त हुई। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर ल्लभारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद जैसे नारों के साथ इस यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया।बड़े चौराहे पर जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक निर्मल वर्मा ने कहा, भारतीय सेना के साहस और पराक्रम को सम्मानित करने के लिए यह यात्रा निकाली गई है। मैं सेना के अद्वितीय बलिदान और वीरता को सैल्यूट करता हूं। उन्होंने ऑपरेशन में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

योजनाएं भ्रष्टाचार की चढ़ी भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में विकास कार्य ठप

स्थानीय जनता में आक्रोश, जिम्मेदारों पर उठे सवाल

सीतापुर।जनपद के खैराबाद विकासखंड की ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं की हालत चिंताजनक बनी हुई है। नालियों की नियमित सफाई न होने से गांवों में गंदगी फैल रही है, वहीं पंचायत भवनों में ग्राम विकास अधिकारी अपने निर्धारित दिवसों पर अनुपस्थित पाए गए। इससे गांववासियों को अपनी समस्याएं रखने का कोई मंच नहीं मिल पा रहा है।अमृत जल योजना अधूरी, टंकियों का पानी घरों तक नहीं पहुंचा,अमृत जल योजना के तहत निर्मित जल टंकियों का कार्य कई ग्राम पंचायतों में अब तक अधूरा है। जिन स्थानों पर टंकियां तैयार हो चुकी हैं, वहां भी जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। ग्रामीणों को आज भी पेयजल के लिए पुराने संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।आर आर सी सेंटर और कूड़ा घर सिर्फ कागजों में सक्रिय गांवों में बनाए गए आर आर सी सेंटर और कूड़ा घर भी शोपीस बने हुए हैं। या तो ये पूरी तरह अधूरे हैं, या उनमें कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। इससे साफ-सफाई की योजनाओं की असलियत सामने आ गई है।सार्वजनिक शौचालय बंद, कई जगह निर्माण ही नहीं हुआ जिन पंचायतों में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण हुआ है, वे या तो बंद पड़े हैं या उनमें नियमित साफ-सफाई नहीं हो रही। कुछ ग्राम पंचायतों में तो अब तक निर्माण कार्य शुरू ही नहीं हुआ है।मनरेगा में तालाब सफाई के नाम पर बंदरबांट मनरेगा योजना के अंतर्गत तालाबों की सफाई का कार्य भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। कई तालाबों में जलकुंभी और बदबूदार पानी भरा हुआ है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पहले से साफ किए गए तालाबों को दोबारा कागजों पर साफ दिखाकर फर्जी भुगतान किया जा रहा है।

ग्रामवासियों का कहना है कि यह सरकारी धन आम जनता के टैक्स से आता है, लेकिन विकास के नाम पर इसका अधिकांश हिस्सा कमीशन में चला जाता है। उन्होंने जिलाधिकारी से इन योजनाओं की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सीएम डैशबोर्ड पर शीर्ष रैंकिंग पर आने हेतु विशेष प्रयास करें अधिकारीगण : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनपद में शासन की प्राथमिकताओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने और सीएम डैशबोर्ड पर माह के अन्त में विभागीय प्रगति की फीडिंग को सही ढंग से कराये जाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित 'अटल सभागार' में अफसरों की बैठक ली। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया।

डीएम ने अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग, समाज कल्याण, उद्योग, पंचायती राज, श्रम, लोक निर्माण, नियोजन, प्रोबेशन इत्यादि विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अपने विभागीय कार्यक्रमो, योजनाओं के प्रति गंभीरता लाते हुए उच्च श्रेणी में आने के लिए भरसक प्रयास करें। जहां समस्या आ रही हो, वहां उच्च अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त करें। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में सीएम डैशबोर्ड पर आंकड़ों को अद्यतन रखा जाय, ताकि जिले की रैंक प्रभावित न होने पाये। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यो, योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं। बैठक में डीएफओ सौरीस सहाय, संजय विश्वाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, डीएसटीओ अरविंद कुमार वर्मा सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विशेष रूप से राजापुर से डॉन बॉस्को नहर मार्ग और एलआरपी से इंदिरा मनोरंजन पार्क मार्ग पर चल रहे कार्यों की धीमी गति पर चिंता जाहिर की। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 28 मई तक सभी शिफ्टिंग कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस कार्य की प्रगति की पुनः समीक्षा 25 मई को की जाएगी।

अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ली मासूम की जान, मचा कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के बदाल पुरवा गांव में अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक मासूम को घर के सामने ही कुचल दिया। हादसा इतना दिल दहला देने वाला था कि मासूम की मां की चीखें गांव में मातम बनकर गूंज उठीं। दिल दहला देने वाली यह घटना प्रशासनिक लापरवाही और खनन माफियाओं की बेखौफ गतिविधियों की पोल खोल रही है। यह वही जिला है जहां की जिलाधिकारी अवैध खनन पर सख्त मानी जाती हैं, लेकिन इसके बावजूद खनन माफिया खुलेआम रफ्तार भर रहे हैं। घटना के बाद खीरी पुलिस ने सोशल मीडिया मंच ड्ड पर तेजी से प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। लेकिन सवाल उठता है कि जब रात के अंधेरे में जेसीबी से अवैध खनन हो रहा था, तब प्रशासन कहां था? अगर वहीं फुर्ती उस वक्त दिखाई जाती, तो शायद मासूम की जान बच सकती थी। खनन विभाग की उदासीनता भी सामने आई है। ज़िम्मेदार अधिकारियों के फोन बंद हैं और निघासन तहसील क्षेत्र में आज भी अवैध खनन का सिलसिला बदस्तूर जारी है। अब सवाल यही है-क्या मासूमों की लाशें देख कर ही प्रशासन जागेगा? और कितनी जानों की कुर्बानी देनी होगी तब जाकर अवैध खनन पर लगाम लगेगी?

ख़ुशहाल खीरी की हरियाली को नई उड़ान, 91 लाख पौधों से महकेगा पूरा जनपद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। खीरी में वित्तीय वर्ष के तहत वर्षाऋतु में जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पौधरोपण के उद्देश्य से ''वृक्षारोपण जन अभियान के तहत सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। बैठक में डीएफओ (दक्षिण खीरी वन प्रभाग) संजय विश्वास ने बताया कि वर्ष में शासन द्वारा जनपद को 91 लाख से अधिक पौध पौधे रोपित किये जाने का लक्ष्य आवंटित किया गया है। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार, डीएफओ सौरीस सहाय, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागीय लक्ष्यों के अनुरूप विस्तृत कार्य योजना शीघ्र उपलब्ध कराएं। प्रत्येक विभाग को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक संसाधन, स्थल चयन, गड्ढा खुदाई, पौध उपलब्धता की समुचित तैयारी समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें। बैठक में वृक्षारोपण के सफल आयोजन के लिए विभागवार स्थलों की पहचान, पौध चयन, जनसहभागिता और जागरूकता कार्यक्रमों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। डीएम ने वृक्षारोपण को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान करते हुए कहा कि इसका प्रभाव लंबे समय तक टिकाऊ और सकारात्मक होना चाहिए।

डीएफओ संजय विश्वाल ने बताया कि जनपद खीरी में वर्ष के लिए कुल 91,07,300 पौधों के रोपण का लक्ष्य विभिन्न विभागों को सौंपा गया है। इसमें ग्राम विकास विभाग को सर्वाधिक 41,88,000 पौधों का लक्ष्य मिला है। वन विभाग (दक्षिण एवं उत्तर खीरी) को 20,98,900, कृषि विभाग को 8,37,000, उद्यान विभाग को 5,19,000, पंचायतीराज विभाग को 4,27,000 और राजस्व विभाग को 3,52,000 पौधे लगाने का लक्ष्य सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त पर्यावरण विभाग को 2,69,000, रेशम विभाग को 33,000, सहकारिता विभाग को 18,620, पशुपालन विभाग को 17,000, उद्योग विभाग को 16,000, औद्योगिक विकास विभाग को 15,000, ऊर्जा विभाग को 13,020, प्राविधिक शिक्षा को 11,000, पुलिस विभाग को 11,760, रक्षा विभाग को 8,000, आवास विकास विभाग को 9,000, श्रम विभाग को 3,600, परिवहन विभाग को 3,400, तथा रेलवे विभाग को 29,000 पौधों का लक्ष्य दिया गया है। शिक्षा विभाग के अंतर्गत भी विभिन्न श्रेणियों को लक्ष्य आवंटित हुआ है-माध्यमिक शिक्षा (25,000), बेसिक शिक्षा (41,000) और उच्च शिक्षा (41,000)। स्वास्थ्य विभाग को 24,000, लोक निर्माण विभाग को 24,000, नगर विकास विभाग को 48,000, और सिंचाई विभाग को 25,000 पौधों के रोपण की जिम्मेदारी दी गई है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद (सीतापुर)

पत्रांक-580 /1/ न0पा0प0 खैराबाद / 2024-25 दिनांक 16.05.2025

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद खैराबाद, सीतापुर द्वारा वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जनहित में निम्न कार्य के लिए पंजीकृत ठेकेदार / फर्मो से ई-निविदा दिनांक 19.05.2025 से दिनांक 09.06.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 09.06.2025 को पूर्वाह्न 12:00 बजे खोली जायेगी। निविदा की समस्त कार्यवाही **www.etender.up.nic.in** पर की जायेगी।

टेण्डर शेड्यूल (**www.etender.up.nic.in** पर)

क्र.सं.	नगर पालिका परिषद खैराबाद	ठेकेदार	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अंतिम दिनांक एवं समय
1	Tender Release		19.05.2025 05:00 PM	
2		Tender Download	19.05.2025 05:00 PM	09.06.2025 11:30 AM
3		Bid Submission	19.05.2025 06:00 PM	09.06.2025 11:30 AM
4	Tender Open		09.06.2025 12:00 AM	

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद खैराबाद
सीतापुर

अंतर्जनपदीय टप्पेबाजी व चोरी गिरोह के 23 सदस्य गिरफ्तार पुलिस ने उड़ाए गये गहने समेत अन्य सामान किए बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। टप्पेबाजी व चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 23 लोगों को चंदापुर पुलिस व महराजगंज पुलिस की संयुक्त टीमों ने गिरफ्तार किया है। टप्पे बाजी व ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरफ्तार किया गया गिरोह अंतर्जनपदीय बताया जा रहा है। यह ठगी करने वाला गिरोह टूटे-फूटे बर्तन बदलने के बहाने घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने घटना का सनसनीखेज खुलासा करते हुए ठगी किया गया माल (गहने) भी बरामद कर लिया है।

आपको बता दें कि, चंदापुर थाने के अंतर्गत नया पुरवा में बीते 10 मई 2025 को ठगी करने वाले महिलाओं के एक गिरोह ने गांव की भोली-भाली महिलाओं से सोने चांदी के आभूषण आदि ठगी कर चंपत हो गया था। गांव की रहने वाली दीपिका ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया था कि, उनके घर से कुछ महिलाओं ने टूटे-फूटे बर्तन के बदले कुछ रुपए लेकर नए बर्तन बदलने का काम करती हैं तथा आभूषण बदलने की डिजाइन लेने के बदले बर्तन व रुपए का प्रलोभन देकर जालसाज तरीके से धोखाधड़ी करके सोने व चांदी के जेवरातों की ठगी कर ले गई है। पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर थाना चंदापुर में अभियोग पंजीकृत किया था। वहीं दूसरा मामला महराजगंज थाना क्षेत्र के गांव कुसुढी सागरपुर का है, जहां बीते 10 मई 2025 को अज्ञात महिला द्वारा बीमा कंपनी में काम करने का बताकर गहनों की फोटो लेकर वापस करने की बात कह कर ठगी का मामला दर्ज कराया गया था।

गांव की रहने वाली पीड़िता राजकली पत्नी वासुदेव ने महराजगंज पुलिस को दी गई तहरीर में कहा था कि, वह घर पर अकेली थी और एक अज्ञात महिला आई जिसने कहा की वह बीमा कंपनी में काम करती हैं, आपके पास जो भी गहने हैं उन्हें दिखा दीजिए, उनकी फोटो लेकर आपको वापस कर देंगे, इसके बदले तुम्हें कंपनी द्वारा पैसे मिलेंगे।

जालसाज महिला द्वारा दिए गए प्रलोभन के झांसे में आकर पीड़ित महिला ने घर में रखे सारे गहने उठा कर दे दिए थे और जालसाज महिला द्वारा धोखाधड़ी करके पीड़ित महिला के सारे जेवरात लेकर रफू चक्कर हो गई। महराजगंज पुलिस ने पीड़ित महिला द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया था। रायबरेली पुलिस ने दोनों मामलों का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा के नेतृत्व में क्षेत्राधिकार महराजगंज के कुशल पर्यवेक्षण में चंदापुर, महराजगंज व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीमों ने थाना चंदापुर और कोतवाली महराजगंज में पंजीकृत धोखाधड़ी कर ठगी के मामले में महिलाओं समेत 23 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 124.96 ग्राम जेवरात पीली धातु के, तथा 1797.77 ग्राम जेवरात सफ़ेद धातु के थाना चंदापुर, और 33.58 ग्राम जेवरात पीली धातु, 810 ग्राम जेवरात सफ़ेद धातु थाना महराजगंज में दर्ज मुकदमे के अंतर्गत बरामद करते हुए टप्पेबाजी एवं चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह की महिलाओं समेत 23 लोगों को गिरफ्तार कर सनसनीखेज खुलासा करते हुए जेल भेज दिया है। इस सनसनीखेज खुलासे से जनपद के लोगों की नजरों में पुलिस की साख बढ़ गई है।

बाइक से गिरा, ट्रक ने कुचला, मौत

राजापाकड़/कुशीनगर। पटहेरवा मार्ग पर सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में कुचिया मठिया गांव निवासी मैनुद्दीन (47) की मौके पर ही मौत हो गई। वह अपने घर से दुदही के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में कोरया के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मैनुद्दीन सड़क पर गिर पड़े। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, तब तक हादसा हो चुका था। मौके पर पहुंची तुर्कपट्टी पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई इस दर्दनाक मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है।

रोजगार मेले में 73 प्रतिभागी चयनित

रायबरेली। जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के तत्वावधान में जनता इण्टर कॉलेज, गूढ़ा, शिवगढ़, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें शिवशक्ति बायोटेक्नॉलाजी लि0, पुखराज हेल्थ केयर ,वर्धमान टेक्सटाइल्स लि0, स्किलसोर्स लर्निंग एण्ड टेक्नोलॉजीज प्रा0 लि0 एवं कानपुर प्लास्टिपैक लि0 द्वारा विभिन्न पदों हेतु उपस्थित प्रतिभागियों का साक्षात्कार किया गया जिसमें से 73 प्रतिभागियों का प्राथमिक रूप से चयनित किया गया। रोजगार मेले में आनन्द कुमार गुप्ता, प्राचार्य, एवं सुश्री तनुजा यादव प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। सर्वप्रथम मेले का शुभारम्भ करते हुए प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के उद्देश्य एवं प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से बताया गया तथा प्रतिभाग करने वाली कम्पनी के पदों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। प्राचार्य द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के प्रयास की सराहना की गयी और यह आशा व्यक्त की गयी कि कार्यालय द्वारा भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जाते रहेंगे जिससे विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो सके। महाविद्यालय के प्राचार्य आनंद कुमार गुप्ता द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली एवं कम्पनी के प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। महाविद्यालय के उदय भान सिंह, राम कैलाश, एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के धीरेन्द्र कुमार, उमेश कुमार, रामेन्द्र कुमार पाण्डेय (वाई0पी0) द्वारा मेले के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

बछरावां,रायबरेली। थाना क्षेत्र की चौकी थुलेडी अंतर्गत उस समय हड़कंप मच गया जब राघवपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने आम के पेड़ से फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही मजमा लग गया। मिलीजानकारी अनुसार विनोद कुमार लगभग 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कंधई रविवार व सोमवार की रात अपने ट्यूबवेल पर आम के पेड़ से फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।सोमवार की सुबह शौच क्रिया को गए ग्रामीणों ने घटना देख परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंचे परिजनों पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार मृतक दिल्ली में नौकरी करता था वहां एक्सीडेंट हो गया था जिसमें हाथ और कान के पास चोटे आई थी एक हफ्ता भर्ती होने के बाद दिल्ली से 4 मई को अपने घर आया हुआ था जिसका यहां भी इलाज चल रहा था। मृतक के बड़े भाई श्री कृष्णा पूर्व प्रधान व उनके पुत्र द्वारा बताया गया की रविवार की देर रात 2:बजे के बाद संभवत यह निकले हैं और यहां आकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर थुलेडी चौकी प्रभारी हमराही सिपाहियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर फंदे को काटकर शव नीचे उतरवाया और विधिक कार्यवाही पूरी करते हुए ग्रामीण एवं परिजनों के निवेदन पर पोस्टमार्टम के लिए न भेज कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मृतक के तीन बच्चे हैं और अभी कच्ची की ग्रहस्ती थी फिलहाल पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

नव प्रवेशित बच्चों को रोटरी क्लब की सौगात तीन प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल बैग वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आज सोमवार को प्राथमिक विद्यालय सपहा, प्राथमिक विद्यालय सियरहा एवं प्राथमिक विद्यालय प्रेमवलिया में नव प्रवेशित बच्चों को ग्रीष्म अवकाश के पूर्व निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए गए। इस सराहनीय पहल से बच्चों में नया उत्साह देखा गया और उनके शैक्षिक जीवन को संबल प्राप्त हुआ।इस अवसर पर रोटरी क्लब कुशीनगर के सचिव अजय सिंह ने कहा, ''बच्चों को शिक्षित और सशक्त बनाना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। शिक्षा ही समाज को दिशा देती है, और ऐसे छोटे-छोटे प्रयास भविष्य को बड़ा बदलाव देने की क्षमता रखते हैं।''उक्त तीनों विद्यालय की प्रधानाध्यापिकाएं बबीता शाही, प्रियंका श्रीवास्तव एवं सुनीता सिंह ने रोटरी क्लब कुशीनगर के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह सेवा कार्य न केवल बच्चों के शैक्षिक जीवन में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि उनके मनोबल को भी सशक्त बनाएगा।कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सचिव अजय सिंह के साथ क्लब के सदस्य सह सचिव अखिलेश शर्मा, सत्येंद्र राय, रंजीत श्रीवास्तव, राम अवतार मिश्र की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पुनः आभार प्रकट किया।

कुशीनगर में भीषण सड़क हादसा अधेड़ व 7 वर्षीय बच्ची की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर-बड़हरा मार्ग पर रविवार की देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। चौराखास थाना क्षेत्र अंतर्गत छठू कटेया गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति और सात वर्षीय बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलनगर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मुन्ना कुमार बर्नवाल (निवासी परसौनी खुर्द, थाना पटहेरवा) और दीपाली (7 वर्ष), निवासी पोखरभिंडा, कोतवाली हाटा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मुन्ना कुमार वर्तमान में चौराखास थाना क्षेत्र के बाढू चौराहा स्थित अपने मकान में रह रहे थे। रविवार की रात वे अपनी रिश्तेदार दीपाली को लेकर बाइक से कहीं जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना के कुछ ही देर बाद अपने पैतृक गांव जा रहे रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए। चौराखास थाना प्रभारी निरीक्षक विद्याधर कुशवाहा ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

टीबी रोगियों को पोषण देना पुनीत कार्य: डॉ. एस.एन.त्रिपाठी

दवा के साथ पोषण खाकर शीघ्र स्वस्थ्य हो रहे मरीज: डा. शेष विश्वकर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पड़रौना,कुशीनगर । प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में चलाये जा रहे क्षय रोगियो को गोद अभियान के क्रम में सोमवार को स्थानीय बीआरसी परिसर में शिक्षकों द्वारा 50 टीबी रोगियों में पोषण पोटली वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी ने कहा कि टीबी रोगियों को पोषण देना अत्यंन्त ही पुनीत का कार्य है।उन्होंने कहा कि टीबी रोगी में पोषण की कमी होती जिससे आप के द्वारा दिया का गया प्रोटीनयुक्त आहार खाकर मरीज शीघ्र स्वस्थ हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में जो व्यक्ति भागीदारी है वह सभी धन्यबाद के पात्र है। श्री त्रिपाठी ने समाज के सम्भ्रांत व्यक्तियों से अपील किया कि आगे आकर टीबी रोगियों को गोद लेकर उनके पोषण की व्यवस्था करें।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ शेष कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि दवा के साथ प्रोटीनयुक्त आहार खाकर मरीज शीघ्र स्वस्थ्य हो रहे है।

उन्होंने ने कहा कि आप सभी के सहयोग से हम टीबी मुक्त रामकोला बनाने में सफल होने। जनभागीदारी से ही टीबी मुक्त समाज हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि आदरणीय बीएसए डॉ रामजियावन मौर्या के नेतृत्व में पूरे जनपद में शिक्षकों ने गोद लेने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इसके लिये मैं सभी के प्रति आभार ज्ञापित करता हूँ। उन्होंने ने शिक्षक गण शिक्षा के साथ ही अन्य सामाजिक कार्यो में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाता है।कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार विश्वकर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत निक्षय मित्र नोडल आशुतोष मिश्र ने करते हुये कार्यक्रम की रूपरेखा को विस्तारपूर्वक बताया। आभार ज्ञापन एसटीएस रामप्रकाश गौतम एवं एसटीएस इसरार अली ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया।इस दौरान प्राथमिक संघ अध्यक्ष श्रीकांत यादव,जूनियर संघ अध्यक्ष बृजमोहन,सुरेंद्र प्रसाद,प्रणव चतुर्वेदी,विकास कुमार तिवारी,अखिलेश यादव,नीरज कुमार,सतीश,योगेश,मृत्युंजय मिश्र,प्रवीण शुक्ला,जटाशंकर सिंह,सन्तोष यादव,ब्रह्मानन्द,राजेश सिंह सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

फसलों को नुकसान पहुंचा रही है नील गाय किसान है परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। गन्ना की फसलों को किसान इन दिनों निराई गुड़ाई के साथ खाद - पानी देकर जी तोड़ मेहनत कर रहे है। इस बीच वर्षा होने के चलते फसलों की सिंचाई भी हो रही है। लेकिन नील गायों ने किसानों की परेशानी इन दिनों बढ़ा दी हैं। गुरवलिया क्षेत्र के ब्रह्मपुर, विजयपुर दक्षिण पट्टी, विजयपुर उत्तर पट्टी, गुरवलिया, खलवा पट्टी, तार विशुनपुर, सेमरा हर्दो पट्टी, बरवा राजापाकड़, धर्मपुर पर्वत, मठिया आदि गांवों के किसानों की फसलों को नील गायों द्वारा भारी नुक़सान पहुंचाया जा रहा है। नील गायों से हो रहे फ़सल नुकसान को रोकने में किसान विवश हो रहें हैं। और उनके सामने नील गायों से फसलों की बचाव के लिए कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं दिखाई पड़ रहा है। जिससे कि वह अपने फसलों की सुरक्षा कर सकें। ब्रह्मपुर गांव के किसान ब्रह्मदेव यादव ने कहा कि करीब एक दशक पहले तक हम मसुर, तीसी, मटर, बकला आदि तिलहन और दलहन की फसलों की खेती किया करते थे। लेकिन अब नील गायों के चलते वह इन फसलों की बुआई करना बंद कर दिए हैं। विजयपुर दक्षिण पट्टी के किसान रामाशंकर यादव ने कहा कि नील गायों से फसलों की बचाव करने का कोई अच्छी उपाय नहीं समझ में आ पा रही हैं। इसलिए हम अपने फसलों की सुरक्षा नील गायों से नहीं कर पा रहे हैं। गौरतलब है कि नील गाय दिन में छुप कर झाड़ियों में रहा करती है और रात होने पर वह फसलों को चरती है और नुकसान पहुंचाती हैं। ब्रह्मपुर गांव के साथ कई अन्य गांवों के किसान अपने खानें और व्यवसाय के लिए सब्जी की खेती किए हुए हैं। जिसको वह बांस के सहारे अपने सब्जियों की सुरक्षा नील गायों से किए हुए हैं। लेकिन तभी भी नील गायों से फसलों की सुरक्षा नहीं हो पा रही हैं। तार विशुनपुर के किसान नेता धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि नील गायों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है इससे किसानों की फसलों की भारी नुक़सान नील गाय पहुंचा रही हैं। गायों के चलते किसानों ने कई फसलों की बुआई बंद कर दिया है।

आग्निकांड पीड़ितों को वितरित की गयी राहत सामग्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाराजगंज,रायबरेली। विगत 3 दिन पूर्व क्षेत्र के जनई गाँव में हुए भीषण अग्निकांड में सब कुछ जलकर ख़ाक हो गया था जिसको संज्ञान में लेते हुए कांग्रेस पार्टी के सांसद द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी एक बार फिर क्षेत्र में गरीबों के लिए वरदान साबित हुए और घटना को संज्ञान में लेते हुए राहत सामग्री उपलब्ध कराई तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया महाराजगंज ब्लॉक के जनई ग्राम सभा में अज्ञात कारणों से आग लगने से रमेश पुत्र भगौती, मोहना पत्नी भगौती गरीब परिवार की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई थी तो रायबरेली सांसद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी द्वारा भेजी गई राहत सामग्री कांग्रेस महाराजगंज नगर अध्यक्ष के माध्यम से अग्निपीडितों को राहत सामग्री उपलब्ध करवाई।पीड़ित परिवारों ने सांसद राहुल गांधी जी का आभार जताया।

इस मौके पर महाराजगंज नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल प्रिंशू वैश्य राजकरण सिंह अध्यक्ष न्याय पंचायत श्री रविचंद सिंह, बलभद्र सिंह ग्राम सभा अध्यक्ष, निशांख अहमद, हनुमान जायसवाल मौजूद रहे।

21 मई को आयोजित होगा किसान दिवस

बहराइच । शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 21 मई 2025 को प्रातः 11:30 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

आवेदन-पत्र भरने में लापरवाही उजागर होने पर 03 सीएससी केन्द्र हुए निरस्त

बहराइच । अपर जिलाधिकारी/सचिव डीईजीएस ने बताया कि तहसील महसी अन्तर्गत महराजंगज में केन्द्र संचालक यार मोहम्मद द्वारा संचालित सी.एच.सी. सेन्टर जिसकी आई.डी. 62653770012 तथा ग्राम जोत चांदपारा महराजंगज में केन्द्र संचालक शहनशाह आलम द्वारा संचालित सी.एच.सी. सेन्टर जिसकी आई.डी. 796001050013 तथा तहसील पयागपुर अन्तर्गत विशेश्वरगंज में केन्द्र संचालक पवन कुमार मौर्या द्वारा संचालित सी.एच.सी. सेन्टर जिसकी आई.डी. 242261370010 है, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के नियुक्ति में आवेदन पत्र भरने में लापरवाही उजागर होने पर सम्बन्धित सेन्टर को निरस्त किये जाने की संस्तुति की गई है।

शासन के निर्देशों को ठेंगा दिखा कर तमकुही क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे फर्जी स्कूल

बीईओ की नोटिस और आदेशों के बावजूद 20 से अधिक अवैध विद्यालय अभी चालू, फर्जी स्कूल बने जांच अधिकारियों के लिए 'सोने का अंडा देने वाली मुर्गी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। शिक्षा का अधिकार अधिनियम और शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद तमकुही विकास खंड में फर्जी और गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का धंधा बेखौफ जारी है। खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) द्वारा पूर्व में बंद किए गए विद्यालय एक बार फिर नए सत्र में बिना किसी रोक-टोक के चालू हो गए हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था की साख पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।स्थानीय अभिभावकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि ये विद्यालय बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वे न केवल शैक्षिक गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं, बल्कि शासन के नियमों को भी ठेंगा दिखा रहे हैं। इन अवैध स्कूलों का संचालन प्रशासन और शिक्षा विभाग की मिलीभगत के बिना संभव नहीं माना जा रहा है।नोटिस के बावजूद खुले हैं ये स्कूलबीईओ कार्यालय से पहले ही बंदी का नोटिस मिलने के बावजूद जिन विद्यालयों का संचालन जारी है, उनमें प्रमुख नाम इस प्रकार हैं:सरस्वती पब्लिक स्कूल, पडरी विशुनदयालएम.एम. पब्लिक स्कूल, समउर बाजारएम.जे.एन. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ऐहरौलीऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, बरवा राजापाकड़मॉडर्न ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उजर्नाथएम. इंग्लो ओरिएंटल पब्लिक स्कूल, उजर्नाथपूर्वांचल पब्लिक स्कूल, देवोखरन्यू मॉडर्न पब्लिक स्कूल, पथरदेवाराजेन्द्र सिंह स्मृति एकेडमी, बाबनौलीबी.एस. एजुकेशन एकेडमी, रामकोलामदरसा एम.आर.डी. पब्लिक स्कूल, राजा पकड़इंद्रदेव गुरुकुल एकेडमी, धुरिया कोटज्ञान ज्योति शिक्षा सेवा संस्थान, आदि।खंड शिक्षा अधिकारी ने दावा किया कि ल्लकुछ विद्यालयों की जांच कर उन्हें अवैध पाया गया है, जिनकी सूची उच्चाधिकारियों को भेजी जा चुकी है। आगे की जांच प्रक्रिया भी जारी है।ङ्क मगर जमीनी हकीकत इससे अलग है–सूत्रों का कहना है कि शिक्षा विभाग के पास सभी अवैध स्कूलों का डेटा पहले से उपलब्ध है, फिर भी इन संस्थानों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।स्थानीय स्तर पर यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि विभाग के कुछ अधिकारी इन अवैध विद्यालयों को संरक्षण देकर उनसे आर्थिक लाभ उठा रहे हैं।

जांच की प्रक्रिया मात्र औपचारिकता बनकर रह गई है, और कई मामलों में कथित रूप से धन लेकर अनदेखी की जा रही है।तमकुही क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की इस गिरती स्थिति को देखकर यह सवाल उठता है कि क्या शासन के निर्देशों का कोई मतलब रह गया है? क्या शिक्षा विभाग की जवाबदेही तय होगी? और सबसे अहम, क्या इन अवैध संस्थानों पर सख्त कार्रवाई होगी या फिर यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर ई-रिक्शा का कब्जा

ई-रिक्शा चालक किसी भी वाहन को नहीं निकलने देते हैं, करीब सौ मीटर आसपास के क्षेत्रफल को घेरे रहते है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। रेलवे स्टेशन के बाहर ई-रिक्शा चालकों की अराजकता की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है।जाम में फंसने की वजह से कई बार यात्रियों की गाड़ी तक छूट जाती है। गोण्डा रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनों का ठहराव सिर्फ दो मिनट का है,इस दौरान स्टेशन गेट पर लगे जाम की वजह से लोगों को का फी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।रेलवे स्टेश न के मुख्य गेट पर ई-रिक्शा चालकों की बढ़ती अ राजकता अब लोगों के लिए बड़ी समस्या बनने लगी है। जगह-जगह दुकानों के आगे सड़क पर खड़े ई-रिक्शा चालक किसी भी वाहन को इससे लोगों को दस से पंद्रह मिनट इस रास्ते को पार करने में लगता है।जब कोई जल्दी में ट्रेन पकड़ने के लिए वाहन से आता है तो रास्ता जाम मिलता है।जब वह ई-रिक्शा चालकों से रास्ता देने को कहते हैं तो चा लक अभद्रता करने से भी न हीं चूकते हैं।मजे की बात ये है कि रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर रोजाना हजारों यात्री गुजरते हैं।इनकी सुरक्षा के लिए कोई यातायात पुलिस के कोई जवान भी तैनात नहीं हैं।न कोई चेकिंग अभियान रोजाना चलता है।जिससे इन ई-रिक्शों पर लगाम लगाई जा सके।वही सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है रेलवे स्टेशन के मु ख्य गेट पर दो कांस्टे बल जीआरपी के और दो कांस्टेबल आरपीएफ के हमेशा अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं लेकिन गेट पर ई रिक्शा वालों का जमवाड़ा लगा रहता है कहां बैठे रहते हैं आरपी एफ और जीआरपी के जवान किसी को कुछ मालूम नहीं है।वही अवैध अतिक्रमण व बेतरतीब खड़े वाहन मुख्य गेट पर ई-रिक्शा चालक अपनी मनमानी दिखाते हैं।इस वजह से भी जाम लगने लगता है।वाहन हटाने को कहने पर कई बार झग ड़ा भी हो जाता है।वहीं सूत्र बता रहें हैं कि मुख्य गेट पर एक अवैध टैक्सी स्टैंड भी संचालित हो रहा है जहां पर नशेड़ियों का जमवाड़ा लगता है जहां पर यात्री उसका शिकार होते है।

ई-रिक्शा चालकों की अराजकता दूर होनी चाहिए

शहर निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि उनका कानपुर और लखनऊ आए दिन आना-जाना है।कई बार उनकी ट्रेन इस लिए छूट गई है। ई-रिक्शा चालकों ने उनकी बाइक निक लने नहीं देते हैं। आगे खड़े चालकों से जब रिक्शा हटाने के कहा जाता तो वह झगडा करने लगते हैं।वही रोहित वर्मा ने ब ताया कि इस मार्ग पर सिर्फ यात्री नहीं आते हैं।आ गे सोनी घूमटी धानेपुर रोड पर जाने वाले यात्री भी आते हैं।यहां से गुजरने पर चालक कहीं भी ई-रि क्शा खड़ा कर देते हैं और तुरंत मोड़ देते हैं।इससे जान का भी खतरा रहता है। जिम्मेदार मूक दर्शक बने हुए हैं।

वितरित किए गए अंक पत्र बच्चों के खिले चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। एम.ए.पब्लिक स्कूल मेवातियान गोण्डा में बच्चों को अंकपत्र व प्रमाण- पत्र देकर सम्मानित किया गया।बच्चों को ट्रॉफी और मैडल देकर सभी को सम्मानित किया गया।जिससे बच्चों में उत्साह वा खुशी देखने को मिली।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद सईद,प्रधानाचार्या निशा खान अध्यापिकाएं,गुलअफशा,सिद्दीकी,सना खान, रौन क फातिमा,वर्षा पाण्डेय,तबस्सुम खान,तंजीम फा तिमा,वा मंतशा इसके अलावा मुख्य अतिथि के रू प में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला प्रव क्ता (एडवोकेट) महबूब अहमद,शाहबाज़ खान एम.आर,रिज़वान अहमद एम.आर.नूरआलम एम. ए.मेडिकल स्टोर ओनर, वसीम खान परफ़ेक्ट स्टी ल ओनर और नसीम अंसारी साहब मौजूद रहे।

जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । सभी थाना व चौकी प्रभारी यह प्रयास करें कि पीड़ित फरियादियों को थाना व चौकी स्तर पर ही न्याय मिल जाए।यदि यह शिकायत मिली कि किसी चौकी व थाना प्रभारी द्वारा पीड़ितों की फरि याद सुनने में हीला हवाली की गई तो उस पर कार्र वाई की जाएगी।वही जनपद के मलाईदार थाने पर जुगाड़ से पोस्टिंग पाने वाले थाना प्रभारियों को ज नता की समस्या से कोई वास्ता नहीं है।उनका सि र्फ एक उद्देश्य है।

जिस के लिए वह अपना ऊर्जा खर्च करते है।उनके उद्देश्य को पूरा करने का जिस प्रार्थना पत्र में कूबत होती है।उस पर ही वह अपनी सक्रियता दिखाते है।अन्यथा थाना परिसर के आ वास से बाहर निकलने की जहमत नही उठाते।था ना प्रभारियों के ढीले पन से जहां अपरा धियो के हौसले बुलंद है।वहीं पीड़ितों को न्याय की गुहार के लिए एसपी के यहां जाना उनकी विवसता है।थानों पर फरियाद लेकर पहुंचने वालों को सबसे पहले तो पुलिसिया उत्पीड़न का इस कदर शिकार होना पड़ ता है।जैसे वह थाने पर आकर सबसे बड़ा गु नाह कर दिए।अधिकांश थाना प्रभारियों की स्थिति यह है वह अपने आवास कक्ष से ही थाना चला रहे है।इनसे मिल ने के लिए बाकायदा थाने पर कार खास लोग लगाए गए है।जो यह तय करते है कि बड़े साहब के यहां जाने लायक है कि नही।क्योंकि साहब के मानक का आक लन यह लोग प्राथना पत्र के आधार पर करते है।थानों पर पीड़ित की आवाज न सुनी जाने पर अधिकांश तो उस अन्या य को अपने भाग्य से जोड़कर वापस घर चले जाते है।वहीं कुछ पुलिस थाने के इस कृत्य पर हिम्मत जुटाते हुए पुलिस अधीक्षक के जनता दरबार मे पहुंच जाते है।हालांकि सीधे एसपी के जनता दर बार मे पीड़ित सीधे अपने से नही पहुंच पाता।फिर वह किसी न किसी को अपना वैशाखी बनाता है।एसपी के जनता दरबार मे पहुंचकर अपनी बात को रखते है।जहां से सम्बंधित थाने को वह शिका यती पत्र बकायदे आईजी आरएस के माध्यम से भेजा जाता है।जिसके बाद जि स थाने पर फरिया दी से सीधे मुंह बात न करने वाले पु लिसकर्मी आ ईजीआरएस के प्रार्थना पत्र मिलने के बाद पीड़ित के समस्याओं को सुनते है।

गुरु नानक पुलिस चौकी क्षेत्र में अवैध टैक्सी स्टैंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। चिराग तले अंधेरा की कहावत कहीं और नहीं जिला मुख्यालय पर ही चरितार्थ हो रही है।चौंकिए नहीं वैसे तो पुलिस प्रशासन की नजर में कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन मुद्दा बड़ा है।बात हो रही है नगर कोतवाली क्षेत्र के गुरुनानक पुलिस चौकी क्षेत्र में सड़क पर अवैध रूप से संचालित टैक्सी स्टैंडों की।एक दो बार नहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे लेकर तीन बार आदेश जारी किए।मजाल है कि जिम्मेदारों के का न पर जूं तक रेंगी हो।पहली बार दिए गए आदेश पर तो कुछ हरकत हुई दूसरी और तीसरी बार के निर्देश पर कुछ भी नहीं।नतीजा शहर से लेकर क स्बों तक अवैध टैक्सी स्टैंडों का संचालन बदस्तूर जारी है।शुरूआत शहरी इलाके से ही करते हैं।रो डवेज बस स्टैंड के निकट,गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला में बनी दु कानों के सामने बीच सड़क सड़क पर संचालित टैक्सी व बस स्टैंड कैसे चल रहा है...? यहां से बस समेत अन्य डग्गामार वाहन बे खौफ होकर सवारि यां भरते हैं।गुरु नानक पुलिस चौकी और रोड़वेज पुलिस चौकी के सामने रोड पर तो अवैध टैक्सी स्टैंड वालों की बादशाहत चलती है।रोडवेज बस अड्डे पर तो खैर कहना ही क्या,टैक्सियां यहां ऐसे खड़ी होती हैं जैसे एलाट किया गया हो स्थल।परि वहन निगम के अधिकारी लिखते - लिखते हार गए लेकिन सब जस का तस ही है।क्योंकि पुलिस वा लों के सामने ही सड़क पर वाहन को खड़ी होकर सवारियां भरते हैं अवैध टैक्सी संचालित हो रही हैं लेकिन कोई पूछने वाला नहीं हैं।हद तो यह है कि अफसरों ने पहले आदेश पर भी नगर कोतवाली पुलिस और ट्रैफिक प्रभारी अंजान बने हुए हैं।

नैतिक शिक्षा विषय पर विशेष परिचर्चा विषय पर आयोजित हुई गोष्ठी, शिक्षार्थी-शिक्षक व शिक्षाविद हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान (सम्बद्ध संस्कृति विभाग उत्तरप्रदेश) के तत्वावधान में आज बाल शिक्षा निकेतन कॉलेज सभागार में ''भगवान बुद्ध जीवन दर्शन'' से सम्बंधित कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले शिक्षार्थी, शिक्षक व प्राचार्यो का सम्मान समारोह तथा नैतिक शिक्षा विषय पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले शिक्षार्थी, शिक्षक व शिक्षाविदों को संस्कृति विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रतिनिधि चेयरमैन नगर पालिका परिषद बहराइच श्याम करन टेकड़ीवाल ने कहा कि शांति, सौहार्द, करुणा को आत्मसात कर ही हम सम्पूर्ण विश्व मे शांति व स्थायित्व ला सकते हैं बिना शांति एवं स्थायित्व के हम सभ्य एवं विकसित नही हो सकते हैं। उन्होंने आवाहन किया कि विद्यार्थियों में नैतिक शिक्षा अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी समाज एवं देश को मजबूत, स्थाई एवं विकसित बना सकें।आयोजक प्रबंधक महासभा जिला अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान की ओर से जनपद के महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों में बौद्ध धर्म से सम्बंधित विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमे महात्मा बुद्ध के बताए गए पंचशील सिद्धांतों को आत्मसात कर नशामुक्त सभ्य समाज बनाए जाने हेतु जन जागरण अभियान चलाए जाने के लिए शिक्षक, शिक्षार्थी एवं शिक्षाविदों ने सामूहिक संकल्प लिया है। मुख्य वक्ता जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने बौद्ध धर्म से संबंधित कार्यशाला आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद दिया तथा जनपद के समस्त विद्यालयों में कार्यशाला आयोजन हेतु सुझाव भी दिया। कार्यक्रम का संचालन वित्तविहीन शिक्षक संघ अध्यक्ष रमेश चन्द्र तिवारी तथा संगठन प्रवक्ता डॉ. पंकज श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यशाला आयोजन में विशेष सहभाग के लिए गायत्री इंटर कॉलेज रिसिया प्राचार्या रीति निगम समेत अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

अंशुमान हत्या में शामिल दो नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। बीते बुधवार की रात करीब थाना क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गांव के पट्टी बलराज सिंह निवासी अंशुमान सिंह (17 वर्ष) पुत्र रवि प्रकाश सिंह की महरमपुर में उसके साथियों ने ही सुनियोजित तरी के से अवैध पिस्तौल से गोली मारकर हत्या कर दी थी।इस मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।हत्याकांड की रात में ही पुलिस ने एक बाल अपचारी को हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया था।शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने चार टीमें गठित की थीं।मुख्य आरोपी एवं अन्य आरो पियों की गिरफ्तारी के लिए बीते पांच दिनों से पु लिस टीमें आधा दर्जन जिलों की खाक छान रही थीं।सोमवार को पुलिस ने इस हत्याकांड में नामित दो विधि उल्लंघन कर्ता किशोरों को नवाबगंज था ना क्षेत्र के लोलपुर पुल के पास से संरक्षण में ले लिया।किशोरों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त एक देशी पिस्तौल 9 एमएम व एक 9 एम एम का जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्याकांड में पंजीकृत अभियोग की धाराओं में बढोत्तरी करते हुए संबं धित विधि उल्लं घन कर्ता दोनों किशोरों को किशोर न्याय बोर्ड भेज दिया गया है।

राजकीय पौधशालों पर उत्पादित फलदार पौधों की दरे हुईं पुनरीक्षित

बहराइच । उद्यान विभाग के राजकीय पौधशालों पर उत्पादित फलदार पौधों की पुनरीक्षित दरों की जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि आम कलमी (समस्त प्रजातियॉ) रू. 85, अमरूद (समस्त प्रजातियॉ) रू. 65, लीची गूटी (समस्त प्रजातियॉ) रू. 75, ऑवला कलमी (समस्त प्रजातियॉ) रू. 65, नीबू गूटी (समस्त प्रजातियॉ), नीबू लेमन (कटिंग/गूटी द्वारा), मुसमी व किन्नो रू. 40-40, कटहल कलमी रू. 60, बेर कलमी रू 46, बेल कलमी रू. 62, चीकू रू. 30, नाशपाती (कटिंग द्वारा) रू. 35, लोकाट व आडू रू. 30-30, अनार (कटिंग द्वारा) व अंगूर रू. 35-35, केला टिश्यू कल्चर रू. 18, पपीता (गायनोडायोसियस) रू.28, पपीता (अन्य प्रजातियॉ) रू. 15, आम बीजू, अमरूद बीजू, कटहल बीजू, ऑवला बीजू, कागजी नीबू बीजू व करौंदा रू. 15-15 पौधशाला पर विक्रय दर अनुमोदित की गई है। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षित 01 अप्रैल से प्रभावी हैं।जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि अच्छुक कृषक कृषक राजकीय पौधशाला एवं राजकीय स्वर्ण जयन्ती पौधशाला, बभनी, बहराइच पर सम्पर्क कर नकद मूल्य पर कलमी एवं बीजू पौध क्रय कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच से सम्पर्क किया जा सकता है।

स्थाई लोक अदालत में 02 पदों के लिये सेवानिवृत्त कार्मिक कर सकते हैं आवेदन

बहराइच । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि बहराइच में गठित स्थाई लोक अदालत में आशुलिपिक एवं चपरासी के 01-01 पद पर जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय से सेवानिवृत्त योग्य अभ्यर्थियों को निर्धारित वेतन पर अनुबन्धित कर नियुक्ति किया जाना है। ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारी जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, को अधिकतम दो वर्ष के लिये अनुबन्धित किया जाएगा। आशुलिपिक हेतु रू. 9000=00 तथा चपरासी हेतु रू. 7000=00 मानदेय देय होगा।सचिव ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच, ए.डी.आर. भवन, निकट तारा गर्ल्स इण्टर कालेज, बहराइच से अथवा जनपद न्यायालय, बहराइच की आधिकारिक वेबसाइट डिस्ट्रिक्ट डाट ईकोर्टस डाट जीओवी डाट इन/बहराइच से प्राप्त कर भरे हुए आवेदन 19 जून 2025 को अपरान्ह 01:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के कार्यालय में स्वयं अथवा डाक द्वारा जमा कर सकते है। नियत तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

गाली देने से मना करने पर अधेड़ को मारपीट कर किया घायल

गोरखपुर। गुलरिहां थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी न02 टोला पोखरियहवा निवासी विजेन्द्र चौहान ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि रविवार की रात करीब 8 बजे वह अण्डे की दुकान पर अण्डा खा रहा था कि उसी दौरान उसका भतिजा अजय पुत्र महेन्द्र , आशीष व आदित्य पुत्र लालबहादुर ये लोग बिना किसी विवाद के गाली गुप्ता दे रहे थे । मना करने पर लात मुक्का से मारते हुए सड़क पर पटक दिया जिससे प्रार्थी के मुंह पर गम्भीर चोट लग गयी मेरा लड़का किशन व विशाल चौहान छुडाने आये तो ये लोग उसे भी मारने लगे जिससे उन्हे भी चोट लग गया।पीड़ित नें लिखित प्रार्थना पत्र देखकर कार्यवाही की मांग की है पुलिस सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पांजीकृत कर जाँच पड़ताल कर रही है।

मत्स्यपालक मेला एवं मछुआ समाज सशक्तिकरण सम्मेलन

गोरखपुर । बाबा गम्भीरनाथ ऑडिटोरियम में आयोजित ऐतिहासिक मत्स्यपालक मेला में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने मछुआ समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि समाज अब सिर्फ़ गिनती में नहीं, नीति निर्धारण में अपनी भूमिका दर्ज करेगा। डॉ. निषाद ने कहा कि ल्लनिषाद पार्टी की स्थापना कोई संयोग नहीं, बल्कि सदियों से वंचित मछुआ समाज के संघर्ष की परिणति है।ङ्क उन्होंने कहा कि आज एनडीए की सरकार केंद्र व राज्य दोनों में समाज को सिर्फ़ गरीब नहीं, सम्मानित नागरिक के रूप में देख रही है।उन्होंने कहा, ल्लनिषाद पार्टी की स्थापना एक आंदोलन थी – उन समुदायों के हक़ के लिए जिन्हें दशकों तक केवल वोट बैंक समझा गया। अब मछुआ समाज को आरक्षण, सुरक्षा और सम्मान तीनों एक साथ मिलने चाहिए।

झूलेलाल चौराहा शहर का सबसे बदबूदार चौराहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुरानी कहावत है कि शहर के मिजाज की झलक देखना हो तो वहां के चौक-चौराहों को देख लीजिए।अगर अपने शहर गोण्डा देवीपाटन के परि प्रेक्ष में भी इस बात को देखा जाए तो गलत नहीं होगा।यकीनन,यहां के चौराहों-तिराहों पर नजर दौ ड़ा लेंगे तो पता चल जाएगा कि बाकी शहर की सू रत कैसी होगी...?असल में यहां अव्यवस्थित रहने की मानसिकता से चौराहे-तिराहे भी नहीं उबर पाए हैं।कोई भी ऐसा चौराहा नहीं होगा जिसे देखकर य ह लगे कि यह मंडल मुख्यालय का चौराहा है।कहीं अतिक्रमण तो कहीं टूटी सड़क या फिर गंदगी की व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रही है। आसपास के लोग व्यवस्था को कोसने के अलावा बाकी दूसरों पर छो ड़ देते हैं।कभी किसी ने चौराहे को लेकर न तो आं दोलन किया न ही कभी इसके पुनरोद्धार की पहल हुई। आइए,देखते हैं इन दिनों शहर के एक व्यस्तत म चौराहे पर बदबू से किस तरह जूझना पड़ रहा है।

बड़गांव पुलिस चौकी झूलेलाल चौराहा

इस चौराहे की पहचान जिले में बड़गांव पुलिस चौ की झूलेलाल चौराहा के रूप में भी है,जिसके बीचो बीच झूलेलाल सिंधी समाज के प्रमुख देवता की प्र तिमा लगाई गई है। कहने के लिए यह यह चौराहा शहर का सबसे बड़ा,व्यस्ततम और महत्वपूर्ण चौरा हा है पर सबसे ज्यादा बदबू अव्यवस्था यहीं पर दि खती है।शहर के भीतर या बाहर कहीं जाना हो या फिर अयोध्या बहराइच बलरामपुर बिना इधर से गु जरे आगे नहीं बढ़ा जा सकता है।इस चौराहे पर ए क तीन मंजिला मिठाई की दुकान चौराहे पर स्थित है यहां पर तरह-तरह की मिठाइयां बनाई जा रही हैं जो मिलावटी होती हैं।इस बात की तस्दीक है कि झूलेलाल चौराहे के पास पहुंचने पर वहां से उठ रही दुर्गंध से ही होती है।

यहां भीषण गंदगी है और दुर्गन्ध के कारण नाक बंद करना पड़ता है, सू त्र बता रहें है कि चौराहे पर स्थित मिठाई की दुका न पर जिसमें मिलावटी मिठाइयों के साथ ही पनीर व अन्य खाद्य पदार्थों को बड़े पैमाने पर बनाने का गोरखधंधा चलता है।सूत्र बता रहें कि तीन मंजिला दुकान के गोदाम तक जाने का रास्ता भी बहुत ही गोपनीय रखा गया है,जिससे वहां आसानी से नहीं पहुंचा जा सकता है।सूत्रों का कहना है कि यहां मि ठाइयों व पनीर में नुकसानदायक रंग का इस्तेमाल किया जाता है।ऐसे में इन खाद्य पदार्थों के इस्ते मा ल से लोगों के किडनी व लिवर खराब होने से ले कर कैंसर तक का खतरा रहता है।

गंदगी से संक्रामक रोग फैलने का खतरा

सरकार स्वच्छता को लेकर गंभीर है।इंसे फ्लाइटि स के समूल नाश के लिए सरकार प्रयासरत है।मग र विभाग की लापरवाही से सरकार के मंसूबों पर पानी फिर रहा है।उदासीनता का आलम यह है कि सड़क किनारे चौराहे पर सफाई न होने से गंदगी फै ली हुई है जिससे लोग संक्रामक रोग फैलने का ख तरा है।लोग यहाँ पर नारकीय जीवन जीने को मज बूर हैं।हम बात करे रहे है शहर के झूलेलाल चौरा हा की।इस चौराहे की हालत बहुत ही खराब है बि ना नाक और मुँह पर रुमाल रखकर इस चौराहे से निकलना मुश्किल है।इस चौराहे की हालत गांव से भी बदहाल है।दुश्वारियों के बीच लोग नारकीय जी वन जीने को विवश हैं।एक तरफ मूलभूत सुविधा ओं का अभाव है तो दूसरी तरफ गंदगी के चलते लोगों में संक्रामक बीमारियां फैल रही है विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से उपजे हालात को लेकर लोगों में आक्रोश है।

भारत ने दिखाया दम,सरकार और सेना ने कराया ताकत का एहसास : ब्लॉक प्रमुख मरौरी

पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड मरौरी की ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि पाकिस्तान को करारा जवाब देकर भारत की सेना और सरकार ने अपनी शक्ति का एहसास करा दिया है सविकास खंड मरौरी में अपने कैम्प कार्यालय में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि भारत अब पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर से परोसे जा रहे आतंकवाद को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा तिरंगा यात्राएं सैनिकों के सम्मान और उनके उत्साहवर्धन के लिए निकाली जा रही हैं। लगातार जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना को कार्रवाई की खुली छूट दी तो हमारी सेना ने बहादुरी का परिचय देते हुए दुश्मन को उसके घर में घुस कर उसको सजा देने का काम किया हैं।

पशु चिकित्सालय में दलित कर्मचारी की पत्नी के साथ चिकित्सा ने छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का किया प्रयास

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गैर जनपद की रहने वाली एक महिला ने कोतवाली प्रभारी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा कि उसका पति मोबाइल वेटरिनरी यूनिट पर सहायक पद पर तैनात है। पूरनपुर नगर के पशु चिकित्सालय में बने सरकारी आवास में एक हजार रुपए महीने पर किराए पर रहती हैं। जिसका किराया चतुर्थ श्रेणी की महिला कर्मचारी को देती हैं। आरोप है कि पशु चिकित्सालय में तैनात मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी दलित महिला के पति की गैर मौजूदगी में उसके आवास पर पहुंचे और महिला के साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास किया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो उन्होंने महिला के पति को नौकरी से निकलवाने की धमकी दी। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने पति को दी इस पर महिला का पति मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पास पहुंचा और उसने इसका विरोध किया। इस पर उन्होंने ने महिला को रोज सुबह और शाम को आकर पैर छूने का दबाव बनाया तब कर्मचारी ने विरोध किया। इस बात से नाराज होकर उन्होंने कर्मचारी की पिटाई कर दी। चीख पुकार सुनकर महिला अपने पति को बचाने पहुंची इस पर उन्होंने बात न मानने पर देख लेने की धमकी दी। पीड़िता ने घायल पति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी लगने पर भीम आर्मी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी कोतवाली पहुंच गए और दलित महिला की शिकायत पर कार्रवाई की मांग की है।

प्राथमिक विद्यालय में अभिभावक अध्यापक बैठक का हुआ आयोजन

पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्राथमिक विद्यालय में अभिभावक अध्यापक बैठक का हुआ आयोजन जिसके अंतर्गत विद्यालय एवं विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों एवं संरक्षकों को निपुण भारत मिशन के संबंध में जानकारी दी और कक्षा एक एवं दो में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को निपुण बनाए जाने हेतु अभिभावक एवं संरक्षकों से सहयोग प्रदान करने की अपील की जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। इसी प्रकार विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति हेतु भी सभी को जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापक एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने 6 से 14 आयु वर्ग के विद्यालय न जाने वाले सभी बच्चों का निकटतम परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश कराए जाने की अपील की। साथ ही आधार विहीन विद्यार्थियों के आधार बनवाए जाने हेतु भी उन्हें जागरूक किया गया। बैठक में ग्रीष्मकालीन अवकाश के अंतर्गत बच्चों को घर पर निरंतर अभ्यास कार्य कराए जाने हेतु अभिभावकों एवं संरक्षकों को प्रेरित किया गया। साथ ही दीक्षा एवं रीड अलांग अप के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई कराए जाने हेतु उन्हें जागरूक किया गया। इस अवसर पर विभिन्न अभिभावकों एवं संरक्षकों के मोबाइल पर दीक्षा एवं रीड अलांग ऐप इंस्टॉल कराया गया तथा उसके प्रयोग के संबंध में सभी को जानकारी दी गई। बैठक में लू एवं तापघात के प्रकोप से होने वाले विभिन्न रोगों के लक्षण, ऐसी स्थिति में क्या करें और क्या ना करें तथा लू एवं तापघात से बचाव के उपायों के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही अभिभावकों एवं संरक्षकों को इस संबंध में जागरूकता संबंधी पोस्टर का भी वितरण किया गया। बैठक में विद्यालय एवं विद्यार्थियों से जुड़े अन्य विभिन्न बिंदुओं पर भी परस्पर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर अप्रैल माह में सर्वाधिक उपस्थिति हेतु खुशविंदर, जय किशन, निर्मला, योगिता देवी, शकुंतला, प्रिया, आर्यन कुमार मौर्य, चंदा, झलक वर्मा, पल्लव मौर्य और चित्रा देवी आदि विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही ''लू प्रकोप से राहत एवं बचाव के संबंध में जागरूकता'' आधारित पोस्टर एवं निबंध सहित विभिन्न अभिभावक एवं संरक्षक और अंजना शुक्ला, ममता देवी, प्रगति धामी तथा प्राज्ञी अग्रवाल उपस्थित रहीं है।

सूबे के मुख्यमंत्री से मिली नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल

पीलीभीत शहर के विकास में नहीं आने दी जाएगी कोई बाधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिली और शहर के विकास कार्यो पर विस्तृत चर्चा की।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने डॉ आस्था को आश्वासन दिया कि नगर पालिका पीलीभीत क्षेत्र के विकास के लिए किसी प्रकार की कमी रहने नहीं दी जाएगी । जो भी विकास कार्य के लिए प्रस्ताव आएंगे या किसी बड़ी परियोजना के लिए प्रस्ताव आएंगे उन्हें शासन द्वारा शीघ्र अति शीघ्र स्वीकृत कराया जाएगा, जिससे कि पीलीभीत शहर का विकास हो सके। मुलाकात के दौरान पालिकाध्यक्ष ने शहर में ब्रह्मचारी घाट पर कराए जा रहे सौंदर्यकरण गौरी शंकर मंदिर क्षेत्र में वंदन योजना के तहत कराई जा रहे कार्य, शहर की सफाई व्यवस्था नाले बनाए जाने, कान्हा गौशाला निर्माण कार्य आरंभ होने, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन आदि अन्य कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ आस्था द्वारा कराई जा रहे कार्य और उनकी लगन पर उन्हें बधाई दी। डॉ आस्था ने बताया की मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है, कि शहर में हो रहे विकास कार्य में शासन और प्रशासन स्तर पर कोई रुकावट नहीं होगी। नगर पालिका परिषद पीलीभीत को पूरा सहयोग मिलेगा जिससे कि सरकार की मंशा के अनुरूप जनहित में विकास कार्य हो सकें।पीलीभीत शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की कवायद और शासन की टीम द्वारा सर्वे कराए जाने के लिए पालिका अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

आंगनबाडी कार्यकत्रियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।सदर विधानसभा सदर के अन्तर्गत परियोजना अमरिया,शहर,ललौरीखेड़ा व मरौरी में नव चयनित ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्राप्त कराये गये नियुक्ति पत्र। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें यूपी शासन संजय सिंह गंगवार के करकमलों से मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह की उपस्थिति में कुल 38 नव चयनित ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इसके साथ ही कार्यकम में महिला कल्याण विभाग द्वारा कन्या सुमंगला योजना के 02 के बच्चों को स्वीकृति पत्र एवं तथा 05 बालिकाओं को हाईजीन किट वितरित की गई।कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित नव चयनित ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों के परिजन सहित अन्य उपस्थित रहे।

मकान पर कब्जा करने के विरोध में वृद्ध पिता और बहन को मिल रही धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। बेदखल करने के बावजूद बेटे और बहू ने वृद्ध पिता के मकान पर कब्जा कर लिया। जानकारी लगने के बाद अमेरिका से लौटे वृद्ध ने 6 माह पहले दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वह अपनी बेटी के साथ किराए के मकान में रह रहे हैं। परेशान आकर उन्होंने मकान का दान पत्र बेटियों के नाम करा दिया। आरोप है इससे नाराज बेटा और उसके ससुराल के लोग आए दिन धमकियां दे रहे हैं। मामले में डीएम को पत्र भेज कर शिकायत की गई है।नगर के मोहल्ला गणेशगंज निवासी अमरजीत सिंह ने बताया वह अमेरिका में 1998 में रह रहे हैं। वहां सेटल होने के बाद बेटा और बहू को अमेरिका बुला लिया था। इसके बाद बहू ने दामाद और पुत्रियों पर झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया था। वहां लिखित बयान में मुकदमा झूठा होने पर कार्रवाई की बात कही गई थी। मार्च 2024 को वृद्ध ने अपने घर आकर बेटा कुलबीर सिंह को बसीयत द्वारा समाचार पत्रों में घोषणा कराकर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया था। अमेरिका में ही रह रहे बेटा और बहू डिंपल कौर बेदखली की बात सुनकर 5 अक्टूबर 2024 को भारत आए थे। आरोप है इसके बाद दोनों ने ब्लॉक रोड पर उनके मकान का ताला तोड़कर घर में रखे 3000 यूएस डॉलर, बेटी के तीन तोला सोने की आभूषण, चांदी की पायल चोरी होने की आशंका जताई थी। बताया घटना के दिन कैमरे भी बंद थे। कनेक्शन काटकर ताले तोड़े थे। जानकारी पर 13 नवंबर को अरजीत सिंह अमेरिका से घर पहुंचे थे। आरोप है वृद्ध ने कुलबीर सिंह से सामान निकालने को कहा तो वह गाली गलौज कर हाथापाई पर आमदा हो गया था। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में पुलिस ने दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

कांशीराम कॉलोनी में शव रखने की जगह को लेकर उठा विवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पंचायत द्वारा कांशीराम कॉलोनी ईदगाह के निकट बनाए जा रहे शव विश्राम स्थल के निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने आरोप लगाया है कि अन्य समुदाय के कुछ लोगों द्वारा इस कार्य में बार-बार अड़चनें पैदा की जा रही हैं। सोमवार को वार्ड प्रतिनिधि महंत सेवक विशाल की अगुवाई में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग रखी।स्थायी सुविधा के अभाव में उत्पन्न हो रही हैं समस्याएं

ज्ञापन में बताया गया कि कॉलोनी में शवों को रखने के लिए कोई निश्चित व्यवस्था नहीं है, जिससे अंतिम संस्कार के समय मृतकों के शवों को सड़कों पर रखना पड़ता है। इससे न केवल शोकाकुल परिवारों को मानसिक परेशानी होती है बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी यह असुविधाजनक है। इन्हीं कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत ने मुक्तिधाम के समीप सड़क किनारे शव विश्राम स्थल के निर्माण की पहल की थी, जो अब अंतिम चरण में है। केवल छत ढालने का कार्य शेष रह गया है। कॉलोनी के निवासियों ने आरोप लगाया कि अन्य समुदाय से जुड़े कुछ लोग इस समाजहित के निर्माण में बाधा डाल रहे हैं। उनका कहना है कि मनगढ़ंत शिकायतों के जरिये इस कार्य को सांप्रदायिक दिशा देने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ समय पहले रेलवे विभाग के अधिकारियों ने स्थल पर आकर निर्माण को रोक दिया और जमीन को रेलवे की संपत्ति बताया, जबकि लोगों का दावा है कि असली रेलवे की जमीन इससे काफी दूर है, जिसे चिन्हित भी किया गया है।प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग

सभासद सेवक विशाल के नेतृत्व में सैकड़ों लोग तहसील पहुंचे और एसडीएम से मांग की कि इस महत्वपूर्ण निर्माण को शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा इसमें अवरोध उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएं। एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल थे

विशन स्वरूप, साधना देवी, पवन कुमार, रूपवती, सचिन सिंह, सुरेंद्र पाल, राजेश कुमार, मानसिंह, लक्ष्मी देवी, बबीता, कुसुम, राजकुमारी, आकाश, रामबेटी, अखिलेश सक्सेना, विनोद कुमार, गंगा देवी, रामकिशन सोनकर, दीपाली, मीनाक्षी सक्सेना, राजीव शुक्ला, हेमंत कुमार वर्मा सहित भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

महंती को लेकर दो संतों ने की दावेदारी, तनाव के चलते पुलिस बल तैनात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले के दूबेपुर में स्थित बाबा सहजराम धाम में महंती पद को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। महंत बाबा भरत दास का हार्ट अटैक से निधन हो गया था। सोमवार को उनके 17वें दिन का कार्यक्रम और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। महंती पद के लिए दो संत दावेदारी कर रहे हैं। आश्रम की देखभाल कर रहे जीतू महाराज जनता से समर्थन मांग रहे हैं। वहीं लखनऊ सब्जी मंडी आश्रम के धर्मेंद्र दास जी महाराज भी खुद को यहां का असली वारिस बता रहे हैं। धर्मेंद्र दास का आरोप है कि जीतू महाराज का आश्रम में कोई अधिकार नहीं है और वे जबरन कब्जा जमाए हुए हैं। उन्होंने इस बारे में प्रशासन को सूचित कर दिया है। जीतू महाराज का कहना है कि धर्मेंद्र दास का आश्रम से कोई संबंध नहीं है। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए कई थानों की पुलिस को तैनात किया गया है। फायर विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद है। धर्मेंद्र दास ने कहा है कि सोमवार को सिर्फ 17वें दिन का कार्यक्रम ही हो सकता है, अन्य कोई कार्यक्रम अवैध होगा। देश भर से साधु-संत कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं। सुल्तानपुर। हालत बिगड़ने से पहले ही मौके की नजाकत भांपते हुए धर्मेंद्र दास वापस हो लिये। बाहर से आये महंत धर्मेंद्र दास के अचानक आश्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ने लगा था। गेट पर ही नारे लगने शुरू हो गए। जिसको लेकर तनाव बढ़ता रहा। मौके की नजाकत भांपते हुए धर्मेंद्र दास हुए वापस। बाबा साहब राम आश्रम बंधुआकला में दिवंगत महंत भरत दास के बाद अब नए महंत की भी घोषणा सर्वसम्मति से हो गई है। खबर आ रही कि नए महंत के रूप में सर्वसम्मति से जीतू दास की ताजपोशी हो गयी है, समर्थकों में जबरदस्त उत्साह है। ताजपोशी होते ही दिवंगत महंत के भक्तों ने समर्थन में नारे लगाने शुरू कर दिए हैं। महंत जीतू दास के समर्थकों ने उनका माल्यार्पण कर पुलिस प्रशासन जिन्दाबाद के नारे लगाते हुए निष्पक्षता पर धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। उधर कई भगवाधारी साधुओं और महंत के बीच मे महंत जीतू दास की ताजपोशी हो गयी।

बाढ़ अतिवृष्टि सूखा को लेकर संवेदनशील रहे अधिकारी : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से आज कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ अतिवृष्ट/सूखा से बचाव व राहत की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय चौहान ने की। बैठक में बाढ़ अतिवृष्टि सूखा से बचाव व राहत को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि अमेठी जनपद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र नहीं है तहसील मुसाफिरखाना क्षेत्र के कुछ गांव गोमती नदी के किनारे आते हैं वहां पर भी बाढ़ की समस्या नहीं है अपितु कहीं-कहीं तेज बहाव के कारण कटान की समस्या आती है जिसको लेकर हमारी तैयारी पूर्ण है। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्षा को नापने के लिए पच्चीस ऑटोमेटिक रेन गेज एवं चार ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन रहे राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा स्थापित किए गए हैं जो पूर्णतया संचालित हैं इसके अतिरिक्त अमेठी ब्लाक में मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा पूर्व में एक ऑटोमेटिक रेन गेज स्थापित है। बैठक में डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों को नगर निकायों के अंतर्गत पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी नालों नालियों की सफाई मानसून से पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिए जिससे कहीं पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। ग्रामीण क्षेत्रों में नालों नालियों की सफाई के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया। विद्युत विभाग को ढीले तारों तथा जर्जर खभों की मरम्मत कराने को कहा ताकि आंधी, तूफान के कारण पेड़ की डाल गिरने से खंभे एवं तारों के टूटने की घटनाएं ना हो, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बाढ़ संभावित ग्रामों में निवास करने वाली गर्भवती महिलाओं, 5 साल से छोटे बच्चों एवं दिव्यांगों की गणना करते हुए ग्रामवार सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

हार्ट-अटैक से मौत की बात निकली झूठी, चिकित्सक पर केस दर्ज करने की मांग

सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।। हनुमंत हॉस्पिटल में इलाज के दौरान लापरवाही से महिला की मौत हुई थी। सोमवार को पीड़ित के बेटे ने एसपी से मिलकर डॉ. डीबी सिंह पर केस दर्ज करने की मांग की है। विदित रहे कि कुड़वार थाना क्षेत्र के महराजगंज निवासी शिव कुमारी (65वर्ष) की पित्त की पथरी के ऑपरेशन के लिए परिजनों ने हनुमंत मैटरनिटी एंड ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया था जहां डॉक्टर और स्टॉफ की लापरवाही से महिला की मौत हो गई थी। मृतका के बेटे जितेंद्र कुमार ने एसपी से शिकायत में बताया कि उनकी मां को पेट दर्द की शिकायत थी। भाई अंबरीश उन्हें हनुमंत मैटरनिटी में ले गए। अल्ट्रासाउंड में पित्त की थैली में पथरी की पुष्टि हुई। डॉक्टर ने जांच के बाद 13 मई को शाम 6 बजे ऑपरेशन किया। जितेंद्र के अनुसार, 14 मई की सुबह तक कोई डॉक्टर मरीज को देखने नहीं आया। सुबह 9 बजे स्टाफ नर्स ने बीपी चेक कर इंजेक्शन दिया। नर्स ने मरीज को चलने को कहा। परिजनों के डॉक्टर को बुलाने की मांग के बावजूद नर्स ने कहा कि डॉक्टर के कहने पर ही वह आई है। मरीज को बेड से उठाकर चार-पांच कदम चलाते ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने डॉक्टर को बुलाने की कोशिश की, लेकिन कोई नहीं आया और मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने मेडिकल बोर्ड से निष्पक्ष जांच की मांग की है। हॉस्पिटल संचालक डॉ. डीबी सिंह ने हार्ट अटैक से मौत की बात कही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जहां हार्ट अटैक की पुष्टि नहीं हुई है। इस बाबत सीएमओ डॉ. भारत भूषण ने बताया एसीएमओ डॉ. राधा बल्लभ समेत तीन सदस्यीय जांच टीम लगी है। रिपोर्ट तलब की गई थी लेकिन अभी मिली नहीं है, रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ये भी बताया कि हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन डॉ. डीबी सिंह की पत्नी डॉ. मानसी तोमर के नाम पर है। वहीं मृतका के पुत्र अंबरीश ने बताया कि आज एसपी से कार्रवाई के लिए मिले थे। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य अधिकारियों की जांच होने के बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

पर्यावरण पार्क में फ़ूड प्लाजा का कार्य स्थगन सकारात्मक राजनीति का परिचायक : वरुण मिश्र

सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।। नगरपालिका परिषद द्वारा पर्यावरण पार्क में फ़ूड प्लाजा निर्माण कार्य के स्थगन का कांग्रेस नेता वरुण मिश्र ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक कार्य राजनीति से ऊपर होते हैं जन भावनाओं का सम्मान करने के लिए उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि शहर में ऐसे बहुत से स्थान हैं जहाँ फ़ूड प्लाजा का निर्माण किया जा सकता है, उन्होंने मॉर्निंग वाकर्स टीम को इस मुद्दे को उठाने और पर्यावरण पार्क की शुचिता को बचाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रबुद्ध वर्ग इसी तरह अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहे तो शहर की तस्वीर बदली जा सकती है। उन्होंने कहा कि वह शहर के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और जनहित में सदैव संघर्ष करते रहेंगे।

मोहनगंज पुलिस ने तमंचा के साथ युवक को धरदबोचा

तिलोई अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अफजल उर्फ राजू पुत्र कयूम निवासी पूरे शिव सिंह मजरे कूरा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब बाइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

जिला अस्पताल में सप्ताह में दो दिन मिलेंगी अल्ट्रासाउंड सेवाएं

अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार जनपद अमेठी में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ व सुचारु बनाये जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज, अमेठी के पत्र के क्रम में यह निर्णय लिया गया है कि डा0 आलोक तिवारी, सोनोलाजिस्ट को सप्ताह में दो दिन (सोमवार एवं बुधवार) जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन के संचालन हेतु तैनात किया गया है।

कलियुगी बेटे ने ईंट से कूचकर की पिता की हत्या, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बेटे ने पिता की हत्या कर रिश्ते को शर्मसार किया है। पूरा मामला सुल्तानपुर जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में सामने आया है। बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने कार्रवाई शुरू कर दी है। पूरा मामला जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत केनौरा गांव से जुड़ा हुआ है। जहां पर बीती रात बेटे श्रवण वर्मा ने अपने पिता हृदय राम वर्मा की ईंट से कूच कर हत्या कर दी थी। गंभीर रूप से घायल व गंभीर स्थिति में होने की सूचना परिजन द्वारा पुलिस की सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची है और बेटे श्रवण कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या के पीछे नशे का आदी होना बेटे का बताया जा रहा है। हालांकि पूरे मामले में सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने मौके पर फोर्स तैनात कर दी है। गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस अधिकारी लगातार मामले पर निगरानी बनाए हुए हैं। हृदय राम वर्मा को गंभीर अवस्था में लाया गया। जिस पर उसे एंबुलेंस से सुल्तानपुर चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक द्वारा उन्हे मृत घोषित किया गया।

श्री चित्रगुप्त धाम से निकली भव्य शोभायात्रा, प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुई प्रतिमाओं की स्थापना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर से मंदिर परिसर में स्थापित किए जाने वाले सभी देवी देवताओं की मूर्तियों के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो कि शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस श्री चित्रगुप्त धाम पहुंची। इस यात्रा में रथ पर सवार विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियां जिसमें एकादश मुखी हनुमान जी, श्री राम दरबार, श्री दुर्गा जी, शिव परिवार, बारह ज्योतिर्लिंग, शिवलिंग एवं नंदी महराज की भव्यता देखते बन रही थी। शोभायात्रा में जिले की तमाम सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं शामिल हुईं। जगह-जगह चैक चैराहों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया और धार्मिक केंद्रों पर तमाम भक्तों द्वारा आरती उतारी गई। देवी देवताओं से सजे रथ के साथ यह शोभा यात्रा चित्रगुप्त धाम से शाम 5 बजे निकली। यात्रा पर्यावरण पार्क होते हुए एम.जी. चैराहा से डाकखाना चैराहा, शाहगंज चैराहा, हनुमान गढ़ी, चैक घंटाघर से जिला अस्पताल, बस अड्डा, मेहमान रेस्टोरेंट से पुनः पर्यावरण पार्क होते हुए सीताकुण्ड पहुंची वहां से वापस श्री चित्रगुप्त धाम रात्रि साढ़े 9 बजे पहुंची। प्राण प्रतिष्ठा के साथ विगत 5 दिनों से चल रहा अधिवास अनुष्ठान पूर्ण हुआ और मूर्तियों को श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर के परिसर में स्थापित किया गया। संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान पंडित रोहित तिवारी की देखरेख में संपन्न हुआ। इस शोभा यात्रा के दौरान रास्ते में जगह जगह विभिन्न संस्थाओं और मानिंद व्यक्तियों द्वारा शोभायात्रा में शामिल भक्तों को उचित जलपान और ठंडे पेय पदार्थ प्रदान किए गए। इस धार्मिक शोभायात्रा में प्रमुख रूप से निम्न संस्थाओं और प्रमुख लोगों की भागीदारी रही।

जंगल का मौन संरक्षक

उत्तराखंड के ग्रामीण इलाकों में तेज और फुर्तीला पीले गले वाला मार्टन (मार्टेस फ्लेविगुला) पाया जाता है। स्थानीय लोग इसे तुर्त्याल, तिर्त्याल, चुथरोल, उथराऊ, कुर्सालू, कुरसियार के नाम से जानते हैं। तुर्त्याल एक स्तनपायी जानवर है, जो भारतीय हिमालयी क्षेत्र में व्यापक रूप से पाया जाता है, जिसकी अच्छी-खासी आबादी उत्तराखंड में शिवालिक तलहटी से लेकर मध्य हिमालयी जिलों तक फैली हुई है। नेपाल में इसे मालसाप्रो के नाम से जाना जाता है। पीले गले वाला मार्टन 4510 मीटर की ऊंचाई तक वितरित सबसे कम अध्ययन किए गए जानवरों में से एक है। यह नेवला परिवार का सदस्य है जो दक्षिण-पूर्वी एशिया का मूल निवासी है, जिसमें भारत, चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ हिस्से शामिल हैं। इस प्रजाति की सटीक उत्पत्ति और यह भारत कैसे पहुंची, यह पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जाता है कि यह एशिया में विकसित हुई और प्राकृतिक फैलाव या मानव-मध्यस्थ परिचय के माध्यम से भारत में आई। जीवाश्म साक्ष्य बताते हैं कि मार्टेस जीनस के सदस्य एशिया में देर से मियोसीन से मौजूद हैं, जो लगभग 5-10 मिलियन साल पहले है। कुछ शोधकर्ताओं का यह भी मानना है कि पीले गले वाले मार्टन ने एक भूमि पुल के माध्यम से भारत में उपनिवेश स्थापित किया होगा जो कभी प्लेइस्टोसिन युग के दौरान दक्षिण-पूर्व एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप को जोड़ता था। वे भारत के विभिन्न भागों में पाए जाते हैं, विशेष रूप से देश के पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में, जिनमें अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा शामिल हैं। भारत में पीले गले वाले मार्टेस की सटीक आबादी ज्ञात नहीं है, लेकिन माना जाता है कि आवास की कमी, विखंडन और शिकार के कारण यह घट रही है। इस प्रजाति को आईयूसीएन रेड लिस्ट ऑफ थ्रेटर्ड स्पीशीज में 'निकट संकटग्रस्त' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जिसका अर्थ है कि निकट भविष्य में इसके विलुप्त होने का खतरा है। उत्तराखंड में पीले गले वाले मार्टन हिमालय क्षेत्र के चौड़े पत्तों वाले जंगलों में पाए जाते हैं, और उन्हें अक्सर मानव बस्तियों के आसपास देखा जाता है। वे घोसले बनाने के लिए पेड़ों के खोखले, चट्टान की दरारों का उपयोग करते हैं, जो इन्हें सुरक्षा प्रदान करते हैं। पीले गले वाले मार्टन आम तौर पर एकांतप्रिय जानवर होते हैं, लेकिन वे भोजन के स्रोतों के आसपास या प्रजनन के मौसम में इकट्ठा हो सकते हैं। वे कई तरह की मौसम स्थितियों के अनुकूल होते हैं और मध्यम तापमान और अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों को पसंद करते हैं। तुर्त्याल जनपद टिहरी, देहरादून, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, नैनीताल, में अक्सर देखे जाते हैं। यह बहुत तेज और फुर्तीला होता है और पलक झपकते ही झाड़ियों में छिप जाता है या पेड़ पर चढ़ जाता है। कई साल पहले तक अल्मोड़ा जिले में कसार देवी मंदिर के पास बसे मटेना गांव में भी अक्सर जोड़े में दिख जाते थे पर अब दिखाई नहीं देते। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आम तौर पर देखा जाता था। लेकिन बड़े पैमाने पर वनों की कटाई, भूदृश्य परिवर्तनों के कारण अब उनके आवास को खतरा है। वैसे पहाड़ी क्षेत्रों में इनका अब कम दिखना चिंताजनक है। मार्टन पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक वैकल्पिक शीर्ष शिकारी के रूप में, यह कृन्तकों और पक्षियों जैसे छोटे जानवरों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके अलावा, यह फलों को खाकर और बीजों को फैलाकर वन पुनर्जनन में योगदान देता है, जिससे पौधों की विविधता और वन लचीलापन बढ़ता है। लंदन की क्वींस यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता जोशुआ पी. ट्विनिंग और क्रिस मिल्स ने पारिस्थितिकी तंत्र प्रकृतिवादी शोध पत्रिका मार्च, 2021 के अंक में प्रकाशित लेख में उन्होंने भारत के कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में पीले गले वाले मार्टन के एक जोड़े द्वारा सफलतापूर्वक शिकार करने के बाद बन्दर (रीसस मैकाक) को झाड़ियों में खींचने का विवरण दिया है। यह शोध पत्र, एक मार्टन द्वारा एक प्राइमेट प्रजाति पर शिकार करने और अपने काफी बड़े शिकार को वश में करने के लिए सहकारी शिकार रणनीति का उपयोग करने का सबूत प्रदान करता है। कई अन्य जानवरों की तरह, इनके अवयव पारंपरिक अनुष्ठानों और समारोहों में इस्तेमाल किए जाते हैं।

भारत का पक्ष रखने की सराहनीय पहल एवं बेतुका विवाद

पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ-साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिन्ताजनक है।। भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखें लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें कहीं-कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं। पाकिस्तान दोषी होने के बावजूद पीड़ित होने का स्वांग रचकर सहानुभूति जुटाता रहा है। दुनिया के अनेक देश उसके झांसे में आ भी जाते हैं। ऐसे में, दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार का यह प्रयास बहुत जरूरी एवं दूरगामी सोच से जुड़स है। इस प्रयास को एक बड़े अभियान के रूप में लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों के सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गए। शशि थरुर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा एवं अनुचित है।

पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना एवं उसके बाद भारत के सिंदूर ऑपरेशन में पाकिस्तान को करारी मात देने की घटना से निश्चित ही भारत की ताकत को दुनिया ने देखा। लेकिन इसके बाद पाक दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है, यह फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है इसका राजनीतिक विवादों में घिर जाना। यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बनना चाहिए। देश की सुरक्षा, सैन्य उपक्रम, राष्ट्रीय एकता-अखण्डता एवं विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति होना, देश के हित में नहीं है। पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ-साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिन्ताजनक है।। भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखें लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें कहीं-कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं। पाकिस्तान दोषी होने के बावजूद पीड़ित होने का स्वांग रचकर सहानुभूति जुटाता रहा है। दुनिया के अनेक देश उसके झांसे में आ भी जाते हैं। ऐसे में, दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार का यह प्रयास बहुत जरूरी एवं दूरगामी सोच से जुड़स है। इस प्रयास को एक बड़े अभियान के रूप में लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों के सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गए। शशि थरुर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा एवं अनुचित है। इससे एक अच्छा एवं प्रासंगिक मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है। भले ही शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं। लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए। युद्ध एवं आतंक जैसे हालातों में भारत ने अपना पक्ष रखने के लिए पहले भी समय-समय पर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को आगे किया है और उसी परिपाटी को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाकर देश की राजनीति व राजनय को मजबूती दी है। सात सदस्यीय बैजयंत जय पांडा, रविशंकर प्रसाद, शशि थरूर, संजय झा, श्रीकांत शिंदे, कनिमोझी करुणानिधि और सुप्रिया सुले के नेतृत्व में हमारे देश के नेता 32 देशों का दौरा करेंगे। यह विपक्ष के नेताओं के लिए भी स्वर्णिम अवसर है कि वह अपनी काबिलियत एवं देशहित को देश के सामने साबित करें। क्योंकि राष्ट्र एवं राष्ट्रीय एकता सबसे ऊपर है। बांटने वाली राजनीति से अलग जब हम देशहित के पक्ष में खड़े होंगे, तभी आतंकवाद से लड़ने में सहूलियत एवं सफलता मिलेगी। क्या दुनिया ने भारत के सीमित सैन्य अभियान के महत्व, संयम और समझदारी को ठीक से समझा है? क्या भारत आतंकवाद के खिलाफ संपूर्ण युद्ध नहीं छेड़ सकता था? अगर भारत ने युद्ध को नहीं बढ़ाया, तो इसका अर्थ कतई यह नहीं कि भारत का पक्ष कमजोर है। भारत चाहता तो पाक को हर मोर्चे पर नेस्तनाबूद कर सकता है, लेकिन भारत का लक्ष्य आतंकवाद को समाप्त करना है। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में बसे 9 आतंकी ठिकानों को रात के अंधेरे में तबाह कर दिया। इसके बाद भारत ने ठान लिया कि पूरी दुनिया के सामने आतंकवाद परस्त पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करना है, जिसकी जिम्मेदारी अनुभवी एवं विशेषज्ञ सात सांसदों को सौंप कर सरकार ने सूझबूझ एवं परिपक्व नेतृत्व का परिचय दिया है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे। हर एक प्रतिनिधिमंडल में 6-7 सांसद और कई राजनयिक शामिल होंगे। भारत की शांति, अहिंसा, विकास एवं विश्व बंधुत्व का संदेश सात प्रतिनिधिमंडलों के जरिये दुनिया तक पहुंचना इसलिए भी जरूरी है कि भारत को तेज विकास करना है और अब वह पहलगाम जैसे किसी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकता। गौर करने की बात है कि सात प्रतिनिधिमंडलों में 59 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 31 नेता और अन्य दलों के 20 नेता शामिल हैं। इस तरह सर्वदलीय सांसदों की टीमों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मिशन पर भेजने से भारत का पक्ष मजबूत होगा, दुनिया में आतंक के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण बनेगा। ये दौरे न सिर्फ आतंकवाद पर भारत की नीतियों को साफ करेंगे, बल्कि पाक की हरकतों को भी दुनिया के सामने बेनकाब करेंगे। सात प्रतिनिधिमंडल में जिन नेताओं को नेतृत्व दिया गया है, उसमें भी अन्य दलों को प्राथमिकता देकर एक संतुलन एवं सूझबूझ का परिचय दिया गया है। आइडिया ऑफ इंडिया के साथ सुगठित इस टीम इंडिया के कंधे पर बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दुनिया के निर्णायक नेताओं से मिलकर यह बताना जरूरी है कि आइडिया ऑफ पाकिस्तान और आइडिया ऑफ इंडिया के बीच कितनी चौड़ी खाई है, यह खाई संबंधित देशों ही नहीं, दुनिया को प्रभावित करने वाली है। दूसरे शब्दों में कहें, तो पाकिस्तान आतंकवादी मानसिकता से ग्रस्त है एवं आतंक को पोषित एवं पल्लवित करने वाला देश है। उसके आतंकवाद ने भारत ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों को भारी नुकसान पहुंचाया है। एक देश, जो आतंक की बुनियाद पर खड़ा है, न उसे शर्म है, न पछतावा। वहां ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों व उनके परिजन को जैसा राजकीय सम्मान दिया गया है, जैसे पाक फौज आतंकी सरगनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी देखी गई है, उस तरफ से मुंह मोड़कर अगर दुनिया खड़ी होगी, तो यकीन मानिए, फिर इंसानियत का खून होगा और आतंकवाद को बल मिलेगा। ऑपरेशन सिन्दूर भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बना है। भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। पाक सेना आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है, लेकिन उसकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाक के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। जब तक पाक सेना अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करती तब तक इस तरह के आतंकी तनाव बार-बार सामने आएंगे। पाक भविष्य में फिर से भारत के खिलाफ आतंकी हमले कर सकता है क्योंकि यह उसकी रणनीति का हिस्सा है। पाक सेना की आतंकवाद समर्थक नीतियां और भारत की आक्रामक जवाबी रणनीति इस क्षेत्र में स्थायी शांति की राह में बड़ी बाधाएं हैं। स्पष्ट होता है कि यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है बल्कि इसमें पूरी दुनिया से जुड़े गहरे ऐतिहासिक, वैचारिक और रणनीतिक आयाम हैं। इसलिये दुनिया के बड़े राष्ट्र पाक की आतंकी सोच से परिचित हो, इसी सोच से दुनिया को परिचित कराना सात सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल का मिशन है। – **ललित गर्ग**

गाजा पट्टी से भी ज्यादा बदहाली की ओर पाकिस्तान

डॉ. अनिल कुमार निगम

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की हालत 'आगे कुआं, पीछे खाई' वाली हो गई है। वह अपनी आंतरिक समस्याओं के अलावा एक साथ कई समस्याओं से जूझ रहा है। इजराइल ने फिलिस्तीन में आतंकी संगठन हमास के ठिकाने गाजा पट्टी को तबाह किया, लेकिन भारत को पाकिस्तान को पूरी तरह से तबाह करने की जरूरत नहीं पड़ी। ऑपरेशन के बाद से पाकिस्तान के हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं। उसकी स्थिति गाजा पट्टी से ज्यादा खराब और दयनीय होने वाली है। भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई सैन्य, कूटनीतिक, व्यापारिक और द्विपक्षीय कार्रवाई के बाद वह अपने ही द्वारा बुने गए जाल में उलझ गया है। इसका त्वरित प्रभाव में दिखने लगा है और उसने भारत के जल शक्ति मंत्रालय से सिंधु जल संधि पुनः बहाल करने की गुहार भी लगा दी है। वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान भूख और प्यास से चिल्लाता हुआ आएगा और भारत के साथ मित्रवत व्यवहार करने की कसमें भी खाएगा। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या पाकिस्तान के घड़ियाली आंसुओं पर भारत को कभी भी भरोसा करना चाहिए क्या भारत को सिंधु जल संधि को बहाल करने पर पुनर्विचार करना चाहिए क्या भारत को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लिए बिना किसी भी तरह की रियायत देनी चाहिए मैं कहूंगा कि बिलकुल नहीं। पाकिस्तान पूरी तरह से अविश्वनीय, दुष्ट, विश्वासघाती और अमानवीय प्रकृति का देश है। उसे पाकिस्तान की जगह आतंकिस्तान कहना ही बेहतर होगा। पाकिस्तान की हालत गाजा पट्टी से बदतर क्यों हो जाएगी, इसके कई कारण हैं। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को धूल चटाने के पहले भारत ने पाकिस्तान पर सिंधु जल संधि निलंबन, वीजा रोक, हवाई-व्यापार बंदी जैसे पांच बड़े प्रतिबंध लागू किए थे। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बावजूद ये प्रतिबंध लागू हैं। वास्तविकता तो यह है कि भारत के इस संधि से अलग होने पर पाकिस्तान की 80 प्रतिशत कृषि भूमि को पानी नहीं मिल रहा। पाकिस्तान की बेचैनी अभी और बढ़ेगी। इसलिए आगे भी भारत को इन्हें प्रतिबंधों को लागू रखना चाहिए। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में ड्रैगन (चीन निर्मित) के विमान जेएफ 17 और पीएल 15 मिसाइल का इस्तेमाल किया, उनको भारतीय वायुसेना ने धराशायी कर दिया। इसके चलते वैश्विक समुदाय के समक्ष चीन के सैन्य साजो सामान की घटिया गुणवत्ता का एक्सपोजर हो गया है। इससे पाकिस्तान के साथ ही चीन को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और जो चीन विश्व के गरीब देशों को हथियार बेच सकता था, उस मोर्चे पर चीन को भी काफी निराशा हाथ लगी है। भारत के पहलगाम में आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर पर पलटवार करने के बाद हर मोर्चे पर मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान का झूठ वैश्विक समुदाय के समक्ष आ गया है। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदर में मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान की सेना का मौजूद होना और आतंकियों के ताबूतों को पाकिस्तान के झंडे में लपेटे जाने के बाद संपूर्ण विश्व को पता चल गया कि पाकिस्तान आंतकियों को पालने-पोषने वाला देश है। दूसरा, पाकिस्तान ने एक और झूठ का प्रचार किया कि भारत ने अफगानिस्तान को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं लेकिन इस मामले में अफगानिस्तान ने ही पाकिस्तान को झूठा साबित कर दिया। पाकिस्तान इस समय भीषण आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। वह कटोरा लेकर कभी आईएएफ, चीन अथवा अमेरिका के पास फंड लेने के लिए पहुंच जाता है। हैरानी की बात यह है कि इस समय पाकिस्तान पर करीब 21.6 लाख करोड़ रुपये का सार्वजनिक कर्ज है। ये पाकिस्तान की कुल जीडीपी का 67 प्रतिशत है। वहां पर महंगाई सातवें आसमान पर है। वहां पर बहुत बड़ी आबादी भुखमरी का शिकार है। पाकिस्तान की जनता ने भारत से गलत तरीके से युद्ध करने पर वहां की सरकार से हिसाब मांगना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान का एक प्रांत बलूचिस्तान आग की ज्वाला में धधक रहा है। वहां की बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान की फौज पर हमला कर खदेड़ दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव व संघर्ष के दौरान भी बीएलए ने पाकिस्तान की आर्मी पर अनेक हमले किए हैं। बलूच नेता मीर यार ने तो यहां तक ऐलान कर दिया है कि बलूचिस्तान अब पाकिस्तान का हिस्सा ही नहीं है, अब वह आजाद है।

सेहत मंत्र

अगर अच्छी सेहत चाहिए तो जरूर करें प्लैंक व्यायाम

एक्सरसाइज के दौरान आपने अक्सर प्लैंक का अभ्यास किया होगा। आमतौर पर लोग सिर्फ एक ही तरह का प्लैंक अभ्यास करते हैं, लेकिन अगर आप चाहें तो प्लैंक का कई तरह से अभ्यास कर सकते हैं। आमतौर पर लोग मानते हैं कि यह सिर्फ आपकी अपर बॉडी पर काम करता है, लेकिन इसके अतिरिक्त भी आपको प्लैंक से मोटापा कम होना, शरीर में लचीलापन, पीठ दर्द से राहत, मजबूत मेटाबॉलिज्म, तनाव व अवसाद से राहत, इनर कोर मसल्स की मजबूती, ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव व टोंड बटक्स जैसे कई लाभ पहुंचाता है। इसलिए आपको इसका अभ्यास अवश्य करना चाहिए। तो चलिए आज हम आपको कई तरह के प्लैंक करने के तरीके के बारे में बता रहे हैं? इसका अभ्यास करने के लिए आप सबसे पहले घुटने मोड़कर जमीन पर बैठें। साथ ही अब दोनों हथेलियों को फर्श पर टिका लें। इस दौरान आपकी बॉडी सिर से लेकर पांव तक एक ही सीध में होनी चाहिए। साथ ही शरीर का भार हथेलियों की बजाय बांहों व पैरों की अंगुलियों पर होना चाहिए। अब कुछ देर तक इसी पोजिशन में रहें। इसके बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं। इस प्लैंक के अभ्यास में आपके शरीर का सारा भार हथेलियों के स्थान पर नी पर होता है। इसके लिए आप अपने पुशअप्स की पोजिशन में लेटें। लेकिन इस दौरान आप हाथों को मोड़कर जमीन पर रखें। साथ ही घुटनों को भी मोड़ लें। आपके घुटने जमीन पर होने चाहिए तथा पैर का निचला हिस्सा जमीन से ऊपर रखें। सिर को नीचे रखें। कुछ क्षण इस अवस्था में रूकें। इसके बाद सामान्य अवस्था में लौट आएं। आप ध्यान रखें कि इस अवस्था में आपकी पीठ व हिप्स ऊपर की तरफ होने चाहिए। यह प्लैंक एक हाथ से साइड में किया जाता है। इसके अभ्यास के लिए आप साइड में लेट जाएं। अब अपने एक हाथ को जमीन पर रखें। दूसरा हाथ आप अपने कमर पर रखें। अब अपनी पूरी बॉडी को ऊपर की ओर उठाएं। इस दौरान आपके शरीर का पूरा भार आपके एक हाथ पर होता है। इसमें वैरिएशन करने के लिए आप हथेलियों को जमीन पर रखने के स्थान पर हाथों को मोड़कर भी व्यायाम कर सकते हैं।

धर्म मंत्र

मंगल प्रदोष व्रत से संतान की होती है दीर्घायु

मंगलवार के दिन पड़ने वाली त्रयोदशी तिथि के दिन भौम प्रदोष या मंगल प्रदोष व्रत मनाया जाता है। मंगल प्रदोष व्रत में प्रदोष काल के दौरान भगवान शिव की आराधना करने से असाध्य रोगों से छुटकारा मिलता है। मंगल प्रदोष व्रत भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। प्रदोष व्रत का दिन बहुत खास होता है। इसलिए इस दिन सबसे पहले जल्दी उठें और स्नान करें। नहाने के बाद स्वच्छ वस्त्र पहनें। इसके बाद भगवान शिव को ध्यान करके हाथों में जल और पुष्प लेकर भौम प्रदोष या मंगल प्रदोष व्रत का संकल्प लें। साथ ही भगवान शिव की दैनिक पूजा करें। प्रदोष व्रत के दिन मन में बुरे ख्याल न लाएं। उस दिन दिन में फलाहार करते हुए भगवान शिव का भजन-कीर्तन करें। मंगल प्रदोष में शाम को पूजा करना अनिवार्य है इसके लिए प्रदोष काल की पूजा के लिए स्नान आदि से निवृत्त होकर साफ कपड़े पहनें। अब प्रदोष पूजा मुहूर्त में भगवान शिव की विधि पूर्वक पूजा करें। मंगल प्रदोष के दिन पूजा प्रारम्भ करने से पहले पूजा स्थान पर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके आसन ग्रहण करें। फिर पूजा के लिए भगवान शिव की तस्वीर या प्रतिमा एक चौकी पर स्थापित कर दें। अब गंगा जल से भगवान शिव का अभिषेक करें। उनको भांग, धतूरा, सफ़ेद चंदन, फल, फूल, अक्षत, गाय का दूध, धूप आदि चढ़ाएं। साथ में यह याद रखें कि भूलकर भी सिंदूर और तुलसी का पत्ता शिवजी को अर्पित न करें। ऐसा करने से भगवान नाराज हो सकते हैं। पूजा के दौरान पूजा सामग्री उनको अर्पित करते समय ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप करें।

पर्यटन

पर्यटकों को आकर्षित करते हैं भारत के खास संग्रहालय

संग्रहालय हमारी सभ्यता और संस्कृति के संवाहक हैं। पर्यटन को पुष्ट करने में इनका महत्वपूर्ण स्थान हैं। भारतीय पर्यटकों के साथ पूरी दुनिया से आने वाले पर्यटकों को हमारे देश की काल संस्कृति की जानकारी देकर न केवल उनका मनोरंजन करते हैं वरण ज्ञानवर्धन भी करते है। प्रदर्शित सामग्री को देख कर आश्चर्यचकित भी हो जाते हैं। भारत में यूं तो प्रायः सभी प्रमुख जगह संग्रहालय स्थापित हैं परन्तु यहां देश के चुनिंदा प्रसिद्ध संग्रहालयों की जानकारी आपको दे रहे हैं। हैदराबाद शहर में स्थित सालारजंग संग्रहालय सम्भवतः देश के सबसे विख्यात संग्रहालयों में है। यहां 1.1 मिलियन कलाकृतियों एवं कला खंडों का संग्रह इसे विशद एवं भव्य बनाता है। संग्रहालय की 36 दीर्घाओं में 43 हज़ार से अधिक कलाकृतियां, 9 हज़ार पांडुलिपियां एवं 47 हज़ार मुद्रित पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं। कलाकृतियां अपने आप में बेजोड़ हैं। यहां के सर्वश्रेष्ठ संग्रह में से एक घड़ी कक्ष है। ऐतिहासिक समय वाली दुनिया भर की घड़ियों और समय देख-रेख उपकरणों की एक गैलरी है। इनमें 19वीं सदी की एक संगीतमय घड़ी को इंग्लैंड से लाया गया था। यहां रोम, इटली आदि देशों की कलाकृतियां भी प्रदर्शित की गई हैं। कुरान संग्रह यहां भी प्रभावशाली है। मुगल काल की प्राचीन वस्तुएं जैसे औरंगजेब के खंजर, टीपू सुल्तान की अलमारी, मुगल काल की पत्थर की मूर्तियाँ, कलाकृति, और राजा रवि वर्मा की चित्रकारी को जरुर देखें, जो सालार जंग के अद्भुत संग्रह का एक हिस्सा हैं। यह संग्रहालय 16 दिसंबर 1951 में नवाब मीर यूसुफ खान के महल में स्थापित किया गया था। हैदराबाद में इस संग्रहालय के साथ-साथ सिटी म्यूजियम, राज्य पुरातत्व संग्रहालय, बिड़ला विज्ञान संग्रहालय तथा हैदराबाद से 80 किलोमीटर दूर सुरेन्द्रपुरी का पौराणिक संग्रहालय भी दर्शनीय हैं। ऐतिहासिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक एवं कलात्मक कृतियों के प्रदर्शन के साथ दिल्ली का राष्ट्रीय पुरातत्व संग्रहालय राष्ट्रीय पहचान बनाता है। जनपथ पर स्थित तीन मंजिले वर्तमान संग्रहालय की स्थापना वर्ष 1949 में की गई तथा इसका अपना भवन का वर्ष 1960 में बनकर तैयार हुआ और इसे जनता के खोला गया।

नगर निकायों को प्लास्टिक मुक्त बनाये जाने हेतु चलाया जाय विशेष अभियान : जिलाधिकारी

सड़कों पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालो को चिंहित कर वसूला जाय जुर्माना, एक सप्ताह के भीतर नगर क्षेत्र के सभी प्रकार के नालो की जाय सफाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में नगर विकास विभाग के अंतर्गत सभी नगर निकायों की कार्यप्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता, अतिक्रमण नियंत्रण, राजस्व वसूली और विकास योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन प्रणाली को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर से नियमित कूड़ा एकत्र करना सुनिश्चित किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि नगर निकायों की सबसे व्यस्त सड़कों की वीडियोग्राफी कराई जाए तथा यदि कहीं भी अतिक्रमण पाया जाए, तो संबंधित अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध तत्काल जुर्माना लगाते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों एवं नालियों पर अतिक्रमण किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है तथा निकायों में होने वाली अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निकायों के ई0ओ0 सम्बन्धित विभाग के साथ मिलकर निकायों को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु अभियान चलाये ।इस दौरान उत्पीड़नात्मक कार्यवाही न जाय बल्कि उन गोदामो को चिंहित कर जुर्माना वसूलते हुए विधिसम्मत कार्यवाही की जाय जो अवैध रूप से इसका भंडारण करते है।जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त नगर क्षेत्रों में स्थित सभी प्रकार के नालों की सफाई कार्य को युद्ध स्तर पर संचालित करते हुए अगले एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी बरसात के दौरान नगर क्षेत्र में कही भी जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। इसके अतिरिक्त बैठक में राजस्व वसूली की भी गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बकाया वसूली को प्राथमिकता पर लिया जाए और इसमें शिथिलता बरतने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी नगर निकाय यह सुनिश्चित करें कि वसूली लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की किया जाए। बैठक में नगर विकास विभाग की अन्य योजनाओं की प्रगति जैसे अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, शहरी आजीविका मिशन आदि की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति को प्रतिशत में दर्शाया जाय तथा कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग भी की जाय। बैठक में अपर जिलाधिकारी / ओ0सी0 नगर निकाय श्री अरुण कुमार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट श्री तेजस के0,सहित नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के

कोटेदार पर घटतौली और अभद्रता का आरोप ग्रामीणों ने की एसडीएम से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। तहसील रामनगर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम देवलिहा पुरवा मजरे बसंतपुर मंझारा के दर्जनों ग्रामीणों ने कोटेदार राधा रानी पत्नी हीरालाल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों ने एसडीएम विवेकशील को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए राशन वितरण में लगातार घटतौली, अभद्रता और जातिसूचक गालियों का आरोप लगाया।

ग्रामीणों का कहना है कि कोटेदार द्वारा महिलाओं के साथ अमर्यादित व्यवहार किया जाता है। साथ ही, उनके देवर रामशरण द्वारा प्रत्येक राशन कार्ड से हर माह दो किलोग्राम राशन की कटौती की जाती है। विरोध करने पर ग्रामीणों को गालियां दी जाती हैं और राशन बंद करने की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस कोटे की निष्पक्ष जांच कर इसे भैरमपुर गांव स्थानांतरित किया जाए।

शिकायत करने वालों में ग्राम प्रधान अल्पना देवी, प्रधान प्रतिनिधि उधम सिंह, जिला पंचायत सदस्य उमेश चंद्र, व अन्य दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे। प्रधान प्रतिनिधि उधम सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भी इस संबंध में शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को पुनः समाधान दिवस में पहुंचकर कोटेदार को हटाने की मांग दोहराई गई। जिला पंचायत सदस्य उमेश चंद्र ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो यह मामला जिलाधिकारी तक ले जाया जाएगा। ग्रामीण संतोष कुमार के अनुसार, पहले भी दो बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला।

प्रशासन ने जांच का दिया आश्वासन : तहसीलदार महिमा मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में है और खाद्य आपूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। अन्य मुद्दों पर भी उठी आवाज : समाधान दिवस में एडवोकेट देवी शरण शर्मा ने रामनगर में लेबर अड्डा बनाए जाने की मांग उठाई। उन्होंने पूर्व में भी जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। तहसील दिवस में कुल 91 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

छात्रावास कायाकल्प के नाम पर पांच लाख का बंदरबाट, मंत्री ने पकड़ा घोटाला, दो सस्पेंड

घोटाले से समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण दिखे नाराज, पहले जमकर लगाई फटकार फिर दिए जांच के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरुण ने आज रामनगर स्थित पी.जी. कॉलेज परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास का औचक निरीक्षण कर वित्तीय अनियमितताओं का पर्दाफाश किया। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि छात्रावास के कायाकल्प एवं मरम्मत कार्यों हेतु स्वीकृत 5 लाख की राशि का दुरुपयोग किया गया है।मंत्री ने पाया कि निर्धारित धनराशि के सापेक्ष कार्य न के बराबर हुआ है, जबकि व्यय का कोई ठोस और पारदर्शी विवरण भी प्रस्तुत नहीं किया गया। जब अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया, तो वे केवल बिजली के तारों का कार्य दिखाकर जवाब देने का प्रयास करते रहे, जो घोर लापरवाही और वित्तीय कदाचार की ओर संकेत करता है।मामले की गंभीरता को देखते हुए मंत्री असीम अरुण ने तत्काल प्रभाव से संबंधित समाज कल्याण अधिकारी और छात्रावास अधीक्षक को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने मामले की जांच अयोध्या मंडल के उपनिदेशक को सौंपने के निर्देश दिए हैं। मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा, ल्लमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार छात्रावासों के आधुनिकीकरण और छात्रों को समुचित सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन जिन अधिकारियों द्वारा शासकीय धन का दुरुपयोग किया जा रहा है, उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि आगामी चरण में छात्रावासों के कायाकल्प हेतु 10 लाख की अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी, परंतु पूर्व में हुए व्यय की जांच उपरांत दोषियों से वसूली भी सुनिश्चित की जाएगी। यह प्रकरण दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश सरकार वित्तीय पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मंत्री असीम अरुण की त्वरित कार्यवाही न केवल एक मिसाल है, बल्कि यह भी स्पष्ट संदेश देती है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय है : असीम अरूण

मंत्री ने अपने संबोधन में छात्रों को बताए सफलता के गुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है, राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय है, शिक्षक नवाचारों का जनक भी होता है, नवान्वेषण से वह समाज को नयी दिशा प्रदान करता है। उक्त विचार रामनगर पी0जी0 कॉलेज रामनगर बाराबंकी में शोध एवं प्रभारी कक्ष के उ?द्घाटन करने तथा बी0एड0 एवं राजनीतिशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ''राष्ट्र निर्माण में भावी शिक्षकों की भूमिका'' विषय पर बौद्धिक परिचर्चा करते हुये श्री असीम अरूण, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने व्यक्त किये। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा प्रभारी कक्ष का भव्य उद्घाटन माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मा. राज्यमंत्री द्वारा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में कमियां पाए जानेर संबन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। मा. राज्यमंत्री द्वारा महाविद्यालय परिसर में हरिशंकरी समूह के वृक्षों (पीपल, पाकड़, बरगद) का रोपण भी किया गया। अतिथियों का स्वागत, आयोजक डॉ0 आजाद प्रताप सिंह ने करते हुये माननीय मंत्री जी से छात्रावास के नवीनीकरण की मांग की। माननीय राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग तथा छात्रावास के नवीनीकरण हेतु वांछित धनराशि की स्वीकृति प्रदान करने की बात कही। समारोह में आये अतिथियों का आभार बी0एड0 विभागाध्यक्ष प्रो0 कृष्ण कुमार सिंह ने किया। समारोह का कुशल संचालन डॉ0 अखिलेश ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रो0 सुनीत कुमार सिंह, डॉ0 मनोज कुमार सिंह, डॉ0 अखिलेश कुमार वर्मा, डॉ0 विश्वेश कुमार मिश्र, डॉ0 अमरजीत सिंह, डॉ0 कृष्ण प्रताप सिंह, डॉ0 पंकज जायसवाल, सुश्री रानी सैनी, डॉ0 शैलजा दीक्षित आदि की उपस्थिति रही। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 कौशलेन्द्र विक्रम मिश्र तथा आयोजक डॉ0 आजाद प्रताप सिंह ने माननीय मंत्री जी का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव, उपजिलाधिकारी रामनगर श्री विवेकशील यादव, पुलिस उपाधीक्षक सुश्री गरिमा पंत, श्री संतोष कुमार सिंह, मुख्य नियन्ता डॉ0 राम कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

यूपी में आठ साल में करीब ढाई गुना बढ़ा दलहन का उत्पादन

लखनऊ। योगी सरकार की दलहन और तिलहन के उत्पादन में उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की योजना के नतीजे अब दिखने लगे हैं। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार और प्रदेश सरकार का जिस तरह इन दोनों फसलों का उत्पादन और रकबा बढ़ाने पर फोकस है, उसके मद्देनजर आने वाले समय में न तो दाल में उबाल आएगी न ही मंहगाई के नाते किचन में तेल की धार ही पतली होगी। आंकड़ों के मुताबिक आठ साल में दलहन के उत्पादन में करीब ढाई गुना की वृद्धि हुई है। 2016-17 में दलहन का उत्पादन 23.95 लाख मीट्रिक टन था। 2024-25 में यह बढ़कर 35.18 लाख मीट्रिक टन हो गया। इसी समयावधि में तिलहन के उत्पादन में करीब डेढ़ गुने की वृद्धि हुई। 2016-17 में तिलहन का उत्पादन 12.40 लाख मीट्रिक टन था जो 2024-25 में बढ़कर 29.20 लाख मीट्रिक टन हो गया। उत्पादन और रकबे में वृद्धि की यही स्थिति रही तो अगले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश दलहन एवं तिलहन के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा। मांग एवं आपूर्ति में संतुलन होने के बाद न तो आम आदमी के थाली की दाल पतली होगी न तो तेल में ही उबाल आएगा। यह यूं ही नहीं हुआ। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निजी रुचि और उनकी पहल पर कृषि विभाग द्वारा बनाई गई रणनीति का मतवपूर्ण योगदान रहा। सरकार 2017-18 तक 46,33,600 मिनीकिट का वितरण किसानों को उपलब्ध करा चुकी है। साथ ही स्थानीय स्तर पर कृषि विभाग की बीज विपणन इकाइयां अनुदान पर किसानों को फ़सली सीजन में उन्नत प्रजाति के आधारीय एवं प्रामाणिक बीज भी उपलब्ध करा रही है।

महाराजगंज, श्रावस्ती, पीलीभीत सहित सात जनपदों में तैयार होंगे होम स्टे यूनिट : जयवीर सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों के चयनित गांवों में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। हर गांव में 10-10 होम स्टे यूनिट तैयार होंगे और जहां पर्यटक ग्रामीण परिवेश में रहकर स्थानीय संस्कृति का अनुभव कर सकेंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि चयनित ?जनपदों में सिद्धार्थनगर जिले के दुल्हासुमाली, बजहा, खुनुवां, कोटिया, घरुआर, बलरामपुर जिले के इमलिया कोडर, चंदनपुर, नरिहवा, पहाड़ापुर, बेलभरिया, लखीमपुर खीरी जिले के बनकटी छिदिया पूरब मजरा हिम्मतनगर, पिपरौला, पुरैना, सिगंहिया, बहराइच जिले के बद्रिया, आंम्बा कारीकोट फकीरपुरी, विशुनापुर, श्रावस्ती जिले के लालपुर कुसमहवां, मोतीपुर कला, कटकुईयां, मेढकिया, बेलहरी, पीलीभीत जिले के नौजल्हा नकटहा, गभिया सहराई, ढ़किया ता. महाराजपुर, मटैइया लालपुर, महराजगंज जिले के भेड़िहारी, इटहिया, गिरहिया, तरैनी व चण्डीथान आदि गांवों का चयन किया गया। जयवीर सिंह ने बताया कि इस योजना में स्थानीय युवाओं को स्टोरी टेलिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे वे गांव की कहानियों, किवदंतियों और ऐतिहासिक महत्व को पर्यटकों के सामने दिलचस्प तरीके से पेश कर सकें।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य इंजीनियर, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **27.06.2025** को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

1.	निविदा सूचना संख्या	02-DyCE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 17.05.2025
2.	निविदा संख्या	02-DyCE-GSU-LKO-2025-26
3.	कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में सरकोनी, जौनपुर सिटी एवं कुंडा हरनामगंज स्टेशनों पर लांगर लूप के प्रावधान के संबंध में टैंक लिंकिंग, बैलास्ट आपूर्ति एवं छोटे पुलों का विस्तार, मिट्टी का कार्य, ब्लैन्केटिंग व सहायक संरक्षण कार्यों के लिये शेष कार्य।
4.	अनुमानित लागत	रू0 1127.84 लाख
5.	धरोहर राशि	रू0 7,13,900/-
6.	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह।
7.	निविदा डालने का प्रारंभ	13.06.2025
8.	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	27.06.2025 11:30 बजे
9.	वेबसाईट	www.ireps.gov.in

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1461/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

समर कैंप को लेकर अनुदेशकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट विद्यालय में 20 में से 15 जून तक ग्रीष्मावकाश के दौरान संचालित होने वाले समर कैंप में कुछ मांगो को लेकर पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष रमाकांत वर्मा के नेतृत्व में जिले के अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडे को सोपा

परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्म अवकाश प्रारंभ हो रहा है। संपूर्ण उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी लू और हीट वेव चल रही है जिसके कारण बच्चों सहित आम जनमानस जहां तेज बुखार उल्टी दस्त से पीड़ित हो रहे हैं वहीं मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार मई माह के अंतिम सप्ताह और जून में तापमान 45 डिग्री से 50 डिग्री तक रहने की संभावना है जिसमें बच्चों को घर से बाहर न निकलने की सख्त चेतावनी दी जा रही है ऐसे में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा नौनिहाल बच्चों को 21 मई से 10 जून तक समर कैंप के नाम से विद्यालय में बुलाना बच्चों के जीवन से खिलवाड़ करना है। दोपहर 10:00 बजे घर वापसी के दौरान किसी अप्रिय घटना के घटित होने की संभावना है। ऐसे में समर कैंप में विद्यालय का संचालन करवाना बिल्कुल ही उचित नहीं है।किसी अप्रिय घटना घटित होने पर संपूर्ण जिम्मेदारी अनुदेशक को दी जाएगी जबकि अनुदेशक का कार्यकाल 31 में को संविदा हुआ समाप्त हो जाती है और नवीन संविदा अवधि का अनुबंध 16 जून से प्रारंभ होता है।इस प्रकार अनुदेशक उक्त समर कैंप बहुत में अनुदेशक कार्मिक नहीं होता है। समर कैंप के दौरान अगर किसी अनुदेशक के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो परिवार को राहत सहयोग दिया जाए तथा परिवार के किसी एक सदस्य को विभाग में नियुक्त किया जाए।समर कैंप अवधि में की गई ड्यूटी के प्रतिरूप में संविदा अवधि का प्रतिकर या आकस्मिक अवकाशदिया जाए। अनुदेशकों को नियमित वेतन भुगतान होने तक 11 माह 29 दिन का मानदेय,प्रतिवर्ष मानदेय में 25% बढ़ोतरी, शिक्षकों को मिलने वाले समस्त अवकाश तथा मृतक उपरांत परिवार की देखभाल हेतु उपयुक्त सहायता की जाए। इस अवसर पर अमित वर्मा सौरव बृजेश आदित्य अशोक शिव कुमार सुनीता श्वेता वर्मा शिखा सिंह अयूब खान अवधेश पाठक आदि उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

उप–मुख्य अभियंता/नि0, अयोध्या / उत्तर रेलवे, लखनऊ, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **ई–निविदाएँ सिंगल पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम व स्थान	उत्तर रेलवे पर लखनऊ मंडल के बाराबंकी – अकबरपुर (161 किमी) के दोहरीकरण के संबंध में अयोध्या कैंट मे उप मुख्य अभियंता/नि0. अयोध्या के कार्यालय और 08 यूनिट–प्रकार– ।।, 4 यूनिट प्रकार– ।।। और 8 यूनिट प्रकार–IV, स्टाफ क्वार्टर के निर्माण का कार्य ।				
कार्य पूरा करने की अवधि	12 (बारह) माह	कार्य की अनुमानित लागत	रू0 919.50 लाख	धरोहर राशि	रू0 6,09,800.00
ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख	निविदाएँ दिनाँक 16.06.2025 को 11.30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 16.06.2025 को समय 11.30 बजे खोली जाएगी।				
विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र	विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 26.05.2025 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगें व दिनाँक 02.06.2025 से 16.06.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है।				

संख्या 251–टेण्डर/उप–मुख्य अभियन्ता/नि0–अयोध्या/उ0रे0/लखनऊ दिनाँक: 17.05.2025 1459/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रतिष्ठा बचाने के लिए भिड़ेंगे सुपरकिंग्स और रॉयल्स

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकीं और अंतिम दो स्थान पर चल रही चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग में आपस में भिड़ेंगी जो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपनी प्रतिष्ठा बचाने पर टिकी होंगी। मंगलवार का मैच रॉयल्स के लिए 2025 सत्र का आखिरी मैच है। टीम के पास इस सत्र में वैभव सूर्यवंशी के रूप में असाधारण प्रतिभा खोजने के अलावा दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है।

नीलामी में खराब गेंदबाजी विकल्प चुनने का जयपुर की टीम को सबसे अधिक नुकसान हुआ है और इसके अलावा उसके मध्य क्रम का प्रदर्शन भी प्रभावशाली नहीं रहा। रॉयल्स की टीम अगर 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर हैं तो इसका मुख्य कारण उनके गेंदबाजों का औसत प्रदर्शन और शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता है। जोस बटलर को टीम से जाने देने और जोफ्रा आर्चर के खराब प्रदर्शन के कारण रॉयल्स के सामने कई चुनौतियां रहीं। विपक्षी टीम को दबाव में डालने की क्षमता रखने वाले एक अच्छे भारतीय गेंदबाज की कमी भी टीम की बड़ी कमजोरी रही है। अगर मुंबई इंडियंस की टीम वापसी करने में सफल रही तो इसकी सबसे बड़ी वजह स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट थे। अगर गुजरात टाइटंस की स्थिति मजबूत है तो इसकी वजह मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा हैं जिन्होंने मिलकर 30 से अधिक विकेट लिए हैं। रॉयल्स की टीम के साथ मौजूदा सत्र में ऐसा देखने को नहीं मिला। उन्होंने बल्लेबाजी में कुछ शानदार शुरुआत की जैसे कि रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ जब उन्होंने शुरुआती पांच ओवर में 70 से अधिक रन बनाए लेकिन टीम फिर भी मैच हार गई। मौजूदा सत्र में रॉयल्स के साथ बार-बार यह कहानी दोहराई गई। टीम सम्मान के लिए खेल सकती है और जीत के साथ अपने अभियान का अंत कर सकती है। चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और परखे हुए खिलाड़ियों को शामिल करने का उसका पुराना फार्मूला मौजूदा सत्र में पूरी तरह से विफल रहा जिससे टीम का प्रदर्शन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सुपरकिंग्स को राहुल त्रिपाठी और दीपक हुड्डा से बहुत ज्यादा उम्मीदें थी। भारत के लिए खेलने के अनुभव ने उन्हें फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध दिलाया होगा लेकिन वे दबाव की स्थिति में लगातार मैच जीतने वाला प्रदर्शन नहीं कर पाए। आयुष म्हात्रे, शेख रशीद और उर्विल पटेल जैसे युवा खिलाड़ियों के आने से टीम के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीस वर्षीय म्हात्रे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शतक लगाने के करीब पहुंचे और सनराइजर्स हैदराबाद तथा मुंबई इंडियन्स के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया।

नारंग ने नीरज के 90 मीटर का आंकड़ा पार करने पर कहा, वह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने को तैयार है

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि 90 मीटर की 'मानसिक बाधा' को पार करने के बाद सुपरस्टार नीरज चोपड़ा अब अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे जिससे कि वह ऐसे कार्य कर सकें जिन्हें पहले उनकी पहुंच से बाहर माना जाता था। नीरज ने शुक्रवार को दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास से 90 या इससे अधिक दूरी तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की एलीट सूची में जगह बनाई। नारंग ने कहा, ''अब वह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा, ''एक सीमा, वह मानसिक बाधा जो शायद कुछ समय से उनके दिमाग में चल रही थी, अब टूट गई है। आगामी विश्व चैंपियनशिप जैसी प्रमुख प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे दोहरे ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने कहा कि वह दो साल पहले जीते गए खिताब का बचाव करना चाहेंगे। नीरज हालांकि दोहा में जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे जिन्होंने 91.06 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। नारंग ने इस उपलब्धि को भारतीय एथलेटिक्स के लिए बेहद शानदार बताया और इसके व्यापक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''यह केवल दूरी के बारे में नहीं है। यह भारतीय खेल के लिए क्या संभव है इसे फिर से परिभाषित करने के बारे में है, विशेषकर वैश्विक मंच पर। नारंग ने कहा, ''यह उनके लिए सत्र की पहली प्रतियोगिता है। कई और प्रतियोगिताएं होने वाली हैं। इसलिए उस बाधा को तोड़ना महत्वपूर्ण है, मुझे लगता है कि सही समय पर सही स्कोर प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस उपलब्धि को आगे बढ़ाने के लिए नीरज के लिए यह आत्मविश्वास बेहद महत्वपूर्ण है। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के मिशन प्रमुख के रूप में काम करने वाले नारंग ने निशानेबाजी में अपने अनुभव से तुलना की जहां 600 में से 600 अंक के स्कोर का पीछा करना एक मानसिक और शारीरिक चुनौती होती है। नारंग ने कहा, ''मैं 597, 598, 599 अंक जुटा रहा था लेकिन लेकिन वह 600 ऽ विश्व रिकॉर्ड आंकड़ा- नहीं आ रहा था। मैंने इसे व्यक्तिगत रूप से लिया। और डेढ़ महीने बाद, मैंने वह रिकॉर्ड तोड़ दिया। जिसे सीमा के रूप में देखा जाता है, उससे आगे जाने की मानसिकता, यही हम अब नीरज के साथ देख रहे हैं। नीरज भले ही भारतीय एथलेटिक्स में नए मानक स्थापित करना जारी रखे हुए हैं लेकिन इस 27 वर्षीय खिलाड़ी और उनके अन्य हमवतन के बीच बढ़ती खाई चिंता का विषय बन रही है। हालांकि नारंग ने ऐसी चिंताओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, ''मुझे कोई समस्या नहीं दिखती। हर खेल में कुछ ना कुछ अलग होता है। किसी ना किसी समय किसी को सीमा को तोड़ना ही पड़ता है ऽ नीरज ने ऐसा किया है। लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता ने प्रस्तावित निशानेबाजी लीग के बारे में आशा व्यक्त की जिसे नवंबर 2025 में शुरू किया जाना है। उन्होंने कहा, ''हम लंबे समय से एक लीग के बारे में सोच रहे हैं।

आईपीएल 2025: केकेआर ने शिवम शुक्ला और आरसीबी ने मुजरबानी को किया शामिल

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के बाकी बचे मुकाबलों के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर)और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपनी-अपनी टीमों में बदलाव किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोवमैन पावेल की जगह शिवम शुक्ला को टीम में शामिल किया है। इसी तरह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने साउथ अफ्रीका के लुंगी एनगिडी की जगह जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुज़रबानी को टीम में शामिल किया है। पावेल टॉन्सिल की सर्जरी के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर शामिल किए गए शिवम शुक्ला लेग स्पिनर हैं, जो घरेलू क्रिकेट में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें 30 लाख रुपये में साइन किया गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने साउथ अफ्रीका के लुंगी एनगिडी की जगह जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुज़रबानी को टीम में शामिल किया है। एनगिडी 26 मई, 2025 से दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए आईपीएल छोड़ेंगे। ऐसे में आरसीबी ने मुज़रबानी को 75 लाख रुपये में टीम का हिस्सा बनाया है। ब्लेसिंग मुज़रबानी अब तक 70 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 78 विकेट हासिल किए हैं। इसके अलावा उन्होंने 12 टेस्ट और 55 वनडे मुकाबलों में भी जिम्बाब्वे का प्रतिनिधित्व किया है। उनके अनुभव को देखते हुए आरसीबी को उम्मीद है कि वह गेंदबाजी विभाग को मजबूती देंगे। आईपीएल के अंतिम चरण में ये दोनों बदलाव टीमों के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं।

सिंधू, प्रणय की नजरें मलेशिया मास्टर्स में बेहतर प्रदर्शन पर

एजेंसी

कुआलालंपुर। स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 4,75,000 डॉलर इनामी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में जब देश की अगुआई करेंगे तो उन्हें बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। सिंधू और प्रणय दोनों ही पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म और फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं। दोनों ने पिछले महीने सुदीरमन कप में इंडोनेशिया और डेनमार्क के खिलाफ अपने-अपने मैच गंवाए थे जो उनका पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट था। दो सप्ताह के ब्रेक के बाद इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों की नजरें एक्सियाटा एरेना में लय हासिल करने पर टिकी होंगी। विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अपने अभियान की शुरुआत जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ करेंगी जो विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर हैं। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर

खिसक चुके प्रणय को पहले दौर में जापान के पांचवें वरीय केंतो निशिमोतो की कड़ी चुनौती का सामना करना है। महिला एकल में 2024 हाइलो ओपन की उपविजेता मालविका बंसोड़ चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान से भिड़ेंगी जबकि ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली उन्नति हुड्डा का सामना भी चीनी ताइपे की ही लिन शियांग टी से होगा। आकर्षी कश्यप को इंडोनेशिया की आठवीं वरीय पुत्री कुसुमा वरदानी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करना है। पुरुष एकल में 2023 ओडिशा मास्टर्स और 2024 गुवाहाटी मास्टर्स के चैंपियन सतीश करुणाकरण डेनमार्क के शीर्ष वरीय एंडर्स एंटोनसन से भिड़ेंगे। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यैंग से होगा जबकि प्रियांशु राजावत सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगे। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी का सामना क्वालीफायर से होगा जबकि रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गड्डे चौथी वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी गुओ शिन वा और चेन फैंग हुई के खिलाफ शुरुआत करेंगे। असित सूर्या और अमृता प्रमुथेश शीर्ष वरीयता प्राप्त जियांग जेन बैंग और वेई या शिन से भिड़ेंगे। सतीश मिश्रित युगल में आद्या वरियथ के साथ मिलकर मलेशिया के रॉय किंग याप और वैलेरी सियो का सामना करेंगे। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासबापति की जोड़ी चुनौती पेश करेगी जबकि महिला युगल में कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी, वैष्णवी खड़केकर और अलीशा खान, प्रेरणा अल्वेकर और मृण्मयी देशपांडे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। क्वालीफायर में किदाम्बी श्रीकांत, एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम और थारुण मन्नेपल्ली पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि अनमोल खरब और तस्नीम मीर महिला वर्ग में क्वालीफाई करने के इरादे से उतरेंगे। क्वालीफिकेशन दौर में भाग लेने वाले अन्य भारतीयों में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान तथा शिवम शर्मा और पूर्विशा एस राम की जोड़ी शामिल है।

केरल के खेल मंत्री अब्दुरहीमान ने कहा, मेस्सी के इस साल राज्य का दौरा करने को लेकर कोई संदेह नहीं

कोट्टायम (केरल)। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने सोमवार को कहा कि दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की पूर्व निर्धारित राज्य की यात्रा के बारे में कोई संदेह नहीं है। इससे उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों को खारिज किया। अब्दुरहीमान ने कहा कि अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार और उनकी टीम के इस साल अक्टूबर या नवंबर में राज्य में मैच खेलने की उम्मीद है। मौजूदा अटकलों को खारिज करते हुए खेल मंत्री ने जोर देकर कहा कि मेस्सी की यात्रा के बारे में 'संदेह की कोई गुंजाइश नहीं' होनी चाहिए। यहां संवाददाताओं से बात करते हुए अब्दुरहीमान ने प्रस्तावित कार्यक्रम से जुड़ी मौजूदा बहस को 'अनावश्यक चर्चा' करार दिया और जनता से विवादों को जन्म नहीं देने का आग्रह किया।

आयात पर रोक से बांग्लादेश को 770 मिलियन डॉलर का झटका : जीटीआरआई

एजेंसी

कोलकाता। भारत द्वारा बांग्लादेश से आयातित कई वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने के फैसले से पड़ोसी देश को लगभग 770 मिलियन डॉलर का झटका लगने वाला है, जो कि दोनों देशों के बीच कुल आयात का करीब 42 प्रतिशत है। यह जानकारी ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के ताजा विश्लेषण में सामने आई है। बांग्लादेश से वस्त्र, प्रसंस्कृत खाद्य और प्लास्टिक उत्पादों जैसे प्रमुख आयातित सामान अब केवल कुछ सीमित समुद्री बंदरगाहों से ही भारत में आ सकेंगे या फिर पूरी तरह भूमि सीमा से प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से 17 मई को जारी आदेश के अनुसार यह कदम भारत की व्यापार नीति में एक अहम मोड़ का संकेत है, जिसमें स्पष्ट रूप से राजनीतिक संदेश छिपा है। जीटीआरआई ने कहा कि यह फैसला अचानक नहीं लिया गया है, बल्कि यह बांग्लादेश द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंधों और चीन की ओर उसके कूटनीतिक झुकाव का जवाब प्रतीत होता है। बांग्लादेश से आयातित वस्त्र, जिसकी वार्षिक लागत करीब 618 मिलियन डॉलर है, अब केवल कोलकाता और न्हावा शेवा बंदरगाहों के माध्यम से ही भारत में प्रवेश कर सकेंगे। इससे बांग्लादेश की मुख्य भूमि व्यापार गलियारों तक पहुंच लगभग बंद हो जाएगी। यह निर्णय विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की सिफारिश पर लिया गया है और इसे भारत की एक रणनीतिक प्रतिक्रिया माना जा रहा है। दिसंबर 2024 से बांग्लादेश ने भारतीय वस्तुओं पर कई व्यापारिक प्रतिबंध लगाए हैं। अप्रैल में उसने पांच प्रमुख स्थल सीमा बंदरगाहों से भारतीय सूती धागे के आयात पर रोक लगाई । चावल के निर्यात पर कड़े नियंत्रण किए और तंबाकू, मछली और दूध पाउडर समेत दर्जनों भारतीय वस्तुओं पर रोक लगा दी। इसके अलावा, बांग्लादेश ने भारतीय कार्गो पर 1.8 टका प्रति टन प्रति किलोमीटर का ट्रांजिट शुल्क भी लगा दिया, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत और अधिक बढ़ गई। इन प्रतिबंधों से भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ और भारतीय व्यापार संगठनों में जवाबी कार्रवाई की मांग तेज़ हो गई। बांग्लादेशी बंदरगाहों पर देरी और सख्त जांच ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। भारत ने 2020 में बांग्लादेश को दी गई एक अहम ट्रांजिट सुविधा नौ अप्रैल को रद्द कर दी, जिसके तहत वह भारतीय बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से दिल्ली हवाई अड्डे के माध्यम से यूरोप और मध्य पूर्व को सामान भेज सकता था। अब यह सुविधा केवल नेपाल और भूटान तक सीमित कर दी गई है। बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुहम्मद यूनुस की हालिया चीन यात्रा के दौरान दिए गए बयानों ने विवाद को और बढ़ा दिया।

सीआईएल की दो अनुषंगी कंपनियों के आईपीओ के लिए जल्द दाखिल किए जाएंगे दस्तावेज

एजेंसी

नयी दिल्ली। कोल इंडिया लिमिटेड की दो अनुषंगी कंपनियों-बीसीसीएल और सीएमपीडीआई को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि इसके लिए दस्तावेजों का मसौदा जल्द ही सेबी के पास दाखिल किया जाएगा। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक (व्यावसायिक विकास) देवाशीष नंदा ने सीआईआई खनन एवं निर्माण उपकरण सम्मेलन के अवसर पर कहा, ''हम जल्द ही डीआरएचपी दाखिल करने जा रहे हैं। हम उस पर काम कर रहे हैं। डीआरएचपी एक प्रारंभिक दस्तावेज है, जिसे कोई कंपनी सार्वजनिक पेशकश के लिए बाजार नियामक सेबी के पास दाखिल करती है। नंदा ने आगे कहा कि आईपीओ के लिए बुक रनिंग लीड प्रबंधक (बीआरएलएम) की नियुक्ति हाल में की गई है। कोयला मंत्रालय ने पहले कहा था कि दोनों फर्मों भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टिट्यूट (सीएमपीडीआई) को सूचीबद्ध किया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी कहा था कि आईपीओ लाने का समय बाजार की स्थितियों पर निर्भर करेगा। कोल इंडिया की सात कोयला उत्पादक अनुषंगी कंपनियां और एक तकनीकी एवं परामर्श कंपनी है। कंपनी घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान करती है। नंदा ने कहा कि कंपनी भारत और विदेश, दोनों में महत्वपूर्ण खनिजों पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, '' विदेश में महत्वपूर्ण खनिज परियोजनाओं के संबंध में, हम दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका पर विचार कर रहे हैं।'' हालांकि, उन्होंने कंपनियों के नाम नहीं बताए। उन्होंने कहा कि सीआईएल तीन कोयला गैसीकरण परियोजनाओं पर काम कर रही है, जो विभिन्न चरणों में हैं। कंपनी ओडिशा में 1,600 मेगावाट की बिजली परियोजना पर काम कर रही है, जिसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है।

टेस्ट कप्तानी में गिल की योग्यता का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी: आशीष कपूर

एजेंसी

नयी दिल्ली। गुजरात टाइटंस के सहायक कोच आशीष कपूर का मानना है कि शुभमन गिल एक 'सोच-समझकर खेलने वाले क्रिकेटर' हैं लेकिन यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि अगर उन्हें भारतीय टीम की कमान सौंपी जाती है तो वह टेस्ट प्रारूप में अपनी टी20 कप्तानी की सफलता को दोहरा पाएंगे या नहीं। मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस को अपनी कप्तानी में आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचाने वाले गिल को रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बाद टेस्ट क्रिकेट में उनके संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। रविवार रात मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कपूर ने कहा, ''अगर आप शुभमन को बल्लेबाज या मूल रूप से क्रिकेटर के तौर पर देखते हैं, वह सोच-समझकार काम करने वाला है या नहीं, मुझे लगता है कि वह अपने खेल के बारे में काफी सोच-समझकर काम करता है। उन्होंने कहा, ''मैंने उसे अंडर-16 के दिनों से देखा है। असल में मैंने उसके साथ एनसीए में दो शिविर किए हैं। उस समय भी उसने अपनी उम्र के कई अन्य खिलाड़ियों की तुलना में अपने दिमाग का बहुत अधिक उपयोग किया। और यह एक कप्तान के लिए एक महत्वपूर्ण गुण है ऽ उसे ना केवल अपने लिए बल्कि दस अन्य खिलाड़ियों के लिए भी सोचना है और मैच जीतने की योजना बनाना है। भारत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला की शुरुआत करने को तैयार है और इस सप्ताह नए टेस्ट कप्तान की घोषणा होने की उम्मीद है। यह पूछे जाने पर कि अगर अवसर दिया जाता है तो गिल लाल गेंद के कप्तान के रूप में कैसा प्रदर्शन कर सकते हैं, कपूर ने कहा कि सीमित अनुभव के आधार पर नेतृत्व क्षमताओं का आकलन करना मुश्किल है। भारत के इस पूर्व स्पिनर ने कहा, ''मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं। हम उन्हें टी20 क्रिकेट में नेतृत्व करते हुए देख रहे हैं लेकिन जब धोनी को विश्व कप (2007 में) के लिए कप्तान बनाया गया था तब उन्होंने कहीं भी कप्तानी नहीं की थी। तब किसी को नहीं पता था कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक बन जाएगा। कपूर ने कहा, ''अगर आप उस समय किसी से पूछते ऽ यहां तक कि खुद धोनी से भी ऽ कि वह अपनी कप्तानी के बारे में क्या सोचते हैं, तो कोई जवाब नहीं मिलता। किसी भी तरह का निर्णय लेने से पहले आपको एक खिलाड़ी को काफी समय तक देखना होता है। शुभमन ने अभी शुरुआत भी नहीं की है इसलिए यह कहना बहुत मुश्किल है। कपूर ने पारंपरिक क्रिकेट शॉट खेलने के लिए साई सुदर्शन की भी प्रशंसा की। सुदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 108 रन की पारी खेली और आईपीएल के मौजूदा सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि वे खुद भी खेल को अच्छी तरह समझते हैं। वे स्मार्ट क्रिकेटर हैं, स्मार्ट बच्चे हैं। आपको उन्हें कभी-कभी बताते रहना चाहिए लेकिन वे अपने खेल का विश्लेषण खुद करते हैं। वे आक्रमण करना चाहते हैं। कपूर ने कहा, ''अगर आप देखें तो उसके आक्रामक शॉट भी बाउंड्री हैं। अगर उसे कोई छोटी या कमजोर गेंद मिलती है तो वह छक्का जड़ देता है। लेकिन बाकी सभी उचित क्रिकेट है, जमीन से छूते हुए आक्रामक शॉट। उन्होंने कहा, 'वह अपनी पारी की शुरुआत में इन शॉट को खेलने के लिए अधिक जागरूक है। पिछले साल यह प्रतिशत कम था जो इस साल बेहतर हो गया है। दिल्ली कैपिटल्स को टाइटंस के खिलाफ तीन विकेट पर 199 रन का मजबूत स्कोर खड़ा करने के बावजूद 10 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन उसके बल्लेबाज अभिषेक पोरेल का मानना है कि टीम के पास अब भी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। पोरेल ने कहा, ''हमने अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन हम कुछ मौकों पर थोड़ा पीछे रह गए इसलिए हम जीत नहीं सके।

एलआईसी के नामित निदेशक राज कुमार आईडीबीआई बैंक के बोर्ड से बाहर

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के नामित निदेशक राज कुमार 18 मई से भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई) बोर्ड की सदस्यता से बाहर हो गए हैं। आईडीबीआई बैंक ने सोमवार को एक नियामक फाइलिंग में शेयर बाजार को बताया कि राज कुमार 18 मई को अपना कार्यकाल पूरा होने पर आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के बोर्ड की सदस्यता से बाहर हो गए हैं, जिससे वे एलआईसी में नामित निदेशक नहीं रहेंगे। सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) आईडीबीआई बैंक के प्रवर्तक हैं, जिनकी हिस्सेदारी 94.71 फीसदी है। एलआईसी के पास 49 फीसदी से थोड़ा अधिक हिस्सेदारी है, जिसमें सरकार की हिस्सेदारी 45.48 फीसदी है। आईडीबीआई बैंक भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक है। यह देश का चौथा सबसे बड़ा बैंक है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस बैंक को 'अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक' की श्रेणी में रखा है। आईडीबीआई बैंक के शेयर आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर पिछले बंद भाव से 3.45 अंक यानी 4.01 फीसदी बढ़कर 89.46 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे।

सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी का भी बढ़ा भाव

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज सोने के भाव में 350 रुपये से लेकर 380 रुपये तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी भी आज एक हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हो गया है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये से लेकर 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,550 रुपये से लेकर 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22

कैरेट सोने की कीमत 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 87,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

शाह ने नया ओसीआई पोर्टल शुरू किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्डधारक मूल नागरिकों को विश्वस्तरीय आव्रजन सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है।

श्री शाह ने सोमवार को यहां नया ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया(ओसीआई) पोर्टल शुरू किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव और आसूचना ब्यूरो के निदेशक सहित गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्री शाह ने कहा कि ओवरसीज सिटीजन के पंजीकरण को सहज बनाने के लिए अप-टू-डेट यूजर इंटरफ़ेस के साथ नए पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों में भारतीय मूल के नागरिक रहते हैं और हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें भारत आने और यहां प्रवास के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नया पोर्टल 50 लाख से अधिक मौजूदा ओसीआई कार्डधारकों और नए उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर कार्यक्षमता, उन्नत सुरक्षा और उपभोक्ता अनुकूल अनुभव प्रदान करेगा। ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया(ओसीआई) कार्डधारक योजना की शुरूआत 2005 में नागरिकता अधिनियम, 1955 में किए गए एक संशोधन के माध्यम से की गई थी। इस योजना में भारतीय मूल के व्यक्तियों को भारत के प्रवासी नागरिकों के रूप में पंजीकृत करने का प्रावधान है बशर्ते कि वे 26 जनवरी,1950 या उसके बाद भारत के नागरिक रहे हों, या उस तारीख को नागरिक बनने योग्य हों। ऐसे व्यक्ति जो स्वयं, उनके माता-पिता, दादा-दादी और परदादा-परदादी, पाकिस्तान या बांग्लादेश के नागरिक हैं या रहे हैं इसके लिए पात्र नहीं हैं।

ओसीआई सेवा पोर्टल को 2013 में विकसित किया गया था जो आज विदेशों में 180 से अधिक भारतीय मिशनों के साथ-साथ 12 विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालयों में काम कर रहा है। पिछले एक दशक में हुई महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति और कार्डधारकों से मिले सुझावों को देखते हुए मौजूदा कमियों को दूर करने और उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए नया ओसीआई पोर्टल विकसित किया गया है।

विदेश मंत्री के बयान पर जवाब दें मोदी : कांग्रेस

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित जानकारी के बारे में विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान को 'कूटनीतिक विफलता' बताते हुए कहा है कि ऐसा कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने दूसरी बार आतंकवादी हाफिज सईद को बचाया है इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पर जवाब देना चाहिए। खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनीतिक रणनीति से भी लड़े जाते हैं। सेना बहादुरी से सीमा पर अपना काम करती हैं तो युद्ध में उन रणनीतिकारों की बहुत अहम भूमिका हो जाती है जो राजधानी में बैठे होते हैं। इन तमाम लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और यह रणनीति सेनाओं के पराक्रम को या तो बढ़ा सकती है या नुकसान पहुंचा सकती है।

उन्होंने कहा, 'जयशंकर ने खुद मीडिया को बताया है कि हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया गया था। अब ये सूचित करने का क्या मतलब होता है। क्या विदेश मंत्री को भरोसा है कि पाकिस्तान के कहने पर आतंकवादी चुपचाप बैठेंगे। सवाल है कि विदेश मंत्री ने पहले पाकिस्तान को क्यों बताया। उन्होंने कहा, 'पहलगाम हमले का न्याय नहीं मिल पाएगा क्योंकि देश का नेतृत्व चीन और अमेरिका से डरता है। इस युद्ध में चीन और अमेरिका की भूमिका सबको मालूम है। अमेरिका खुद युद्ध रोकने में अपनी भूमिका बढ़-चढ़कर बता रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर का मुंह नहीं खुलता। ऐसे कौन से राज हैं कि कभी अमेरिका और चीन के आगे इनके मुंह नहीं खुलते। जब भी मुंह खुलता है तो इससे देश को सीधा नुकसान पहुंचता है।

कांग्रेस नेता ने इसे सरकार की विफलता बताया और कहा ह्लदरअसल, इसे कूटनीति नहीं बल्कि मुखबिरी कहा जाता है। विदेश मंत्री ने जो बोला उसे सबने सुना- फिर भी इस पर लीपापोती की जा रही है। क्या इसी मुखबिरी की वजह से मसूद अजहर जिंदा बच गया और हाफिज सईद जिंदा भाग गया। उन्होंने कहा कि देश को जानने का हक है कि पाकिस्तान को हमले की सूचना देकर मसूद अजहर को दोबारा क्यों बचाया गया। इससे पहले मसूद अजहर को कंधार हाईजैक के समय छोड़ा गया था। विदेश मंत्री का यह बयान संवेदनशील है, क्योंकि इस बयान से तो यही लगता है कि आतंकी अपने ठिकानों से भाग गए होंगे। ऐसा क्यों किया इस पर मोदी तथा जयशंकर को जवाब देना होगा। कांग्रेस नेता ने कहा 'जनता जानना चाहती है कि सैन्य कार्रवाई के दौरान देश ने कितने विमान खोए। देश को क्या नुकसान हुआ। इस करवाई में कितने आतंकी बचकर भाग गए। इसमे हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया था, लेकिन अचानक से डोनाल्ड ट्रंप आए और उन्होंने सीजफायर करा दिया।

जीईएम पर 10 लाख से अधिक उद्यमी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार के गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पर 10 लाख से अधिक छोटे कारोबारी जुड़े हुए हैं, जिनमें 1.84 लाख महिला उद्यमी हैं।

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के आठवें स्थापना दिवस मुख्य कार्यकारी अधिकारी मिहिर कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि जीईएम में सरलीकरण, सशक्तीकरण और परिवर्तन के लिए नवाचार कर रहे हैं। यह प्रत्येक भारतीय उद्यमी के लिए अवसरों को खोलता है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में जीईएम के उपयोगकर्ता आधार में तीन गुना वृद्धि देखी गई है, जिसमें 1.64 लाख से अधिक प्राथमिक खरीदार और 4.2 लाख सक्रिय विक्रेता शामिल हैं। यह प्लेटफार्म 10 हजार से अधिक उत्पाद श्रेणियां और 330 से अधिक सेवायें प्रदान करता है। श्री कुमार ने बताया कि 10 लाख से अधिक सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई), 1.3 लाख कारीगर और बुनकर, 1.84 लाख महिला उद्यमी और 31 हजार स्टार्टअप अब जीईएम का हिस्सा हैं। जीईएम पर लगभग 97 प्रतिशत लेनदेन अब लेनदेन शुल्क से मुक्त हैं। इसके अतिरिक्त, शुल्क को 33 प्रतिशत से 96 प्रतिशत तक घटा दिया गया है और 10 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर के लिए तीन लाख रुपये की सीमा तय की गई है।

उन्होंने बताया कि जीईएम पर लेन-देन में आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए 5,000 करोड़ रुपये मूल्य के उपकरण और वैक्सीन खरीद में 5,085 करोड़ रुपये शामिल हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म एम्स के लिए ड्रोन-एज-ए-सर्विस, 1.3 करोड़ से अधिक लोगों के लिए जीआईएस और बीमा, और चार्टर्ड उड़ानों और सीटी स्कैनर की वेट लीजिंग जैसी जटिल सेवाओं भी दे रहा है।

नये वक्फ कानून के समर्थन में उतरे मुस्लिम बुद्धिजीवी

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुस्लिम बुद्धिजीवियों के संगठन 'भारत फर्स्ट' ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जनहित की दिशा में बेहद सामयिक एवं जरूरी कदम बताते हुए सोमवार को कहा कि इस कानून ने लंबे समय से दुर्व्यवस्था, मुकदमों और अनियमितताओं से जूझ रही भारत की मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, दरगाहों और सामाजिक कल्याण के लिए दान की गई अचल संपत्तियां जैसी वक्फ की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित समाधान पेश किया है।

भारत फर्स्ट संगठन के राष्ट्रीय संयोजक शीराज़ क़ुरैशी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कौम का रहनुमा बनने के फ़ेर में कुछ मुस्लिम नेता इस विधेयक पर मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं कि सरकार वक्फ की जमीन हड़पना चाहती है, जबकि धारा 91-ख में साफ़ प्रावधान है कि किसी वक्फ संपत्ति का अधिग्रहण तभी हो सकता है जब बोर्ड की मंज़ूरी हो और पूरी कीमत बाजार के दर से वक्फ विकास कोष में जमा हो। मालिकाना हक राज्य को हस्तांतरित नहीं होता। श्री क़ुरैशी ने इस कानून से धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट पहुंचने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह संशोधन ऑडिट, डिजिटलीकरण एवं सीईओ की योग्यता जैसी प्रशासनिक पारदर्शिता से जुड़ा है और नमाज़, इमामत एवं मजहबी रस्मों में कोई दखल नहीं देता। उच्चतम न्यायालय ने 15 मई 2025 की सुनवाई में इसी बिंदु को रेखांकित किया कि वह केवल अंतरिम राहत पर सुनवाई कर रहा है, कानून के निलंबन पर नहीं। इस विधेयक से मुस्लिम पहचान को खतरे के आरोपों को हास्यास्पद करार देते हुए उन्होंने कहा कि तुर्किये, मलेशिया और खाड़ी देशों के जन सेवा कोष (औकाफ) मॉडल में इसी तरह के ऑनलाइन रजिस्टर और सामाजिक-कल्याण कोटे के प्रावधान हैं और जब वहां

मुस्लिम पहचान को कोई खतरा नहीं हुआ तो यहां कैसे हो सकता है।

विधेयक के विरोध को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि विधेयक पर भावनाएं भड़का कर कुछ लोग चुनावों में लाभ चाहते हैं। इस विरोध के पीछे कारण है कि बोर्ड-स्तर पर पेशेवर भर्ती से उन लोगों की पकड़ ढीली पड़ सकती है जो वर्षों से बिना योग्यता के पदों पर हैं। उन्होंने कहा कि इस कानून के बारे में जानकारी का अभाव है और अधिकांश लोग डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, कैग ऑडिट, 50 फीसदी सामाजिक व्यय जैसे इसके प्रावधानों को पढ़े बिना ही इसका विरोध कर रहे हैं। कान्फ्रेंस में अन्य वक्ताओं ने कहा कि नया वक्फ कानून पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देता है। राष्ट्रीय वक़्फ़ सूचना-प्रणाली (एनडब्ल्यूआईएस) अधिनियम प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश को 18 महीने के भीतर वक्फ की सभी अचल-संपत्तियों का भू-अभिलेख, मानचित्र और इमारती विवरण जीआईएस सक्षम पोर्टल पर अपलोड करने को बाध्य करता है। इससे ''बेनामी'' यानी दोहरी प्रविष्टियों पर रोक लगेगी और आम नागरिक भी संपत्ति का सत्यापन कर सकेंगे। साथ ही, खुले वार्षिक ऑडिट के तहत 100 करोड़ रुपए से अधिक की सालाना आय वाले वक्फों के वित्तीय ब्योरे अब नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) द्वारा ऑडिट योग्य होंगे। छोटे वक्फों के लिए भी अनिवार्य डिजिटल बहीखाता प्रारूप निर्धारित किया गया है। इस कान्फ्रेंस में सैयद राशिद अली, फ़ैज़ान रहीस क़ुरैशी, अधिवक्ता जावेद ख़ान सैफ़, ताहिर ख़ान, सैफ़ राणा, मोहम्मद साबरीन, अधिवक्ता सैफ़ क़ुरैशी, अकील ख़ान, कैसर अंसारी, इक़बाल अहमद, मज़ाहिर ख़ान, शालिनी अली, नज़ीर मीर, मौलाना कोकब मुजतबा, फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, इरफ़ान पीरज़ादा, मोहम्मद अफजाल, अबू बकर नकवी और अधिवक्ता दीवान सैफ़ुल्लाह भी मौजूद थे। इन लोगों ने कहा कि नई व्यवस्था से वक्फ की प्रशासनिक सरंचना सुदृढ़ होगी। बहु-धार्मिक प्रतिनिधित्व के लिए जोड़ी गई नई धारा 14-क के अनुसार प्रत्येक राज्य के लिए वक्फ बोर्ड में एक गैर-मुस्लिम कानूनी विशेषज्ञ तथा एक महिला सामाजिक-कार्यकर्ता को नामित करना अनिवार्य है।

तृणमूल कांग्रेस ने विदेश में सरकार के आतंकवाद विरोधी अभियान में भाग लेने से किया इनकार

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने केंद्र को सूचित किया है कि उसने पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के वैश्विक अभियान के तहत कई देशों का दौरा करने वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों से अपने सांसदों को वापस लेने का फैसला किया है।

सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस ने प्रतिनिधिमंडलों के लिए चुने गए 51 राजनीतिक नेताओं, सांसदों और पूर्व मंत्रियों में पार्टी के एकमात्र प्रतिनिधि लोकसभा सांसद यूसुफ पठान को प्रतिनिधिमंडल से हटने का निर्देश दिया है।

तृणमूल कांग्रेस ने हालांकि बिना किसी आधिकारिक स्पष्टीकरण के केंद्र सरकार को इस फैसले से अवगत करा दिया है। तृणमूल ने पुष्टि की है कि न तो श्री पठान और न ही उसके कोई अन्य सांसद राजनयिक मिशनों में भाग लेंगे। पार्टी के सूत्रों से पता चला है कि तृणमूल ने यह निर्णय सरकार की चयन प्रक्रिया से असंतुष्ट होने के कारण लिया गया है, जिसके बारे में उनका दावा है कि तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व से परामर्श किए बिना यह निर्णय लिया गया था। तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा नेता सुदीप बंद्योपाध्याय द्वारा स्वास्थ्य कारणों का हवाला देने और शामिल होने में असमर्थता व्यक्त करने के बाद केंद्र सरकार ने श्री पठान को नामित किया था। शनिवार रात को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू से फोन पर बात करते हुए श्री पठान ने कहा कि वह कोई भी निर्णय लेने से पहले अपनी पार्टी से परामर्श करेंगे। बाद में विदेश मंत्रालय ने उनसे उनके पासपोर्ट विवरण के लिए संपर्क किया। श्री पठान जनता दल (यू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के उन नौ सदस्यों में शामिल थे जो इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर की यात्रा करेगा। प्रतिनिधिमंडल 21 मई को रवाना होने वाला है। इस टीम के अन्य सदस्य अपराजिता सारंगी (भाजपा), बृज लाल (भाजपा), जॉन ब्रिटास (माकपा), प्रदान बरुआ (भाजपा), हेमंग जोशी (भाजपा), पूर्व मंत्री खुर्शीद और पूर्व राजनयिक मोहन कुमार हैं। शिवसेना (उद्धव गुट) और कांग्रेस के बाद तृणमूल कांग्रेस तीसरी राजनीतिक पार्टी है जिसने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर आतंकवाद के खिलाफ भारत के सख्त रुख को दर्शाने के लिए 31 देशों और यूरोपीय संघ में प्रतिनिधिमंडल भेजने की केंद्र सरकार की योजना की खुलेतौर पर आलोचना की है। तृणमूल कांग्रेस ने हालांकि आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा, लेकिन पार्टी के एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा, ह्लकौन किस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होगा, यह भाजपा या सरकार द्वारा तय नहीं किया जा सकता है। किसी पार्टी के सांसद से संपर्क करना और पार्टी नेता से बात किए बिना या आधिकारिक तौर पर पत्र के माध्यम से संवाद किए बिना उनके पासपोर्ट विवरण मांगना प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। पश्चिम बंगाल के केवल दो सांसद - भाजपा के समिक भट्टाचार्य और तृणमूल कांग्रेस के यूसुफ पठान - उन 51 राजनीतिक नेताओं, सांसदों और पूर्व मंत्रियों में शामिल थे, जो पार्टी लाइनों से अलग हैं और जो दुनिया की राजधानियों की यात्रा करने वाले सात प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा होंगे। श्री पठान के हट जाने के बाद हालांकि श्री भट्टाचार्य राज्य से एकमात्र प्रतिनिधि होंगे। श्री भट्टाचार्य वरिष्ठ भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाली टीम के आठ सदस्यों में से एक होंगे।

सिंधु जल संधि पर रोक ऐतिहासिक अन्याय का खात्मा : शिवराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंधु जल संधि पर रोक को असाधारण घटना करार देते हुए सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐतिहासिक अन्याय को समाप्त किया है।

श्री चौहान ने यहां किसानों और किसान संगठनों से बातचीत करते हुए कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक किसानों के हित में है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक फैसला है। उन्होंने कहा कि सिंधु बेसिन की नदियों से किसानों को पानी मिलेगा और क्षेत्र का जल संकट दूर करने में मदद मिलेगी। इस पानी का उपयोग अब हमारे देश और हमारे किसानों के हित में किया जाएगा। उन्होंने कहा, ह्ल अपने देश के किसानों का पेट काटकर हम उनको पानी दे रहे, जो आतंकियों को पैदा करने के लिए जवाबदार है। उन्होंने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु के कार्यकाल में सिंधु जल संधि की गयी और 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को दे दिया। इसके साथ ही 83 करोड़ रूपए भी दिए, जिसकी वर्तमान में मूल्य पांच हजार 500 करोड़ रूपए है। उन्होंने कहा कि उस समय जल विशेषज्ञों ने सिंधु जल संधि का विरोध किया था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी वर्ष 1960 में संसद में इस समझौते का विरोध करते हुए कहा था कि ये नहीं होना चाहिए था।

विकसित भारत के लिए जरूरी है, विकसित कृषि

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित कृषि, विकसित खेती और समृद्ध किसान जरूरी है। श्री चौहान ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देशव्यापी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' 29 मई से अभियान आरंभ होगा और 12 जून तक चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'लैब टू लैंड' के संकल्प के अनुसार शोध और तकनीक के लाभ देशभर के किसानों तक पहुंचाये जाएंगे। यह अभियान खरीफ और रबी दोनों फसलों की बुआई से पहले हर साल चलेगा। इस वर्ष 2,170 दल देशभर में 65 हजार से अधिक गांवों में किसानों से सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दल में कम से कम चार कृषि विज्ञानी होंगे। ये दल गांवों तक जाएंगे और किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे। ये अभिनव, महत्वपूर्ण और रचनात्मक अभियान है, इसमें किसान और विज्ञान दोनों जुड़ेंगे। इसमें 731 कृषि विज्ञान केंद्रों और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 113 संस्थानों के वैज्ञानिक-विशेषज्ञ सक्रिय रूप से भाग लेंगे। यह अभियान 723 जिलों में चलाया जाएगा।

पेज एक का शेष

'टिप्पणी के कारण...

हित में लिखी हैं, यानी उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है। कोर्ट ने एफआईआर में सुधार करने के निर्देश दिए, साथ ही यह भी आदेश दिया कि मामले की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में होगी। बीते गुरुवार को विजय शाह सुप्रीम कोर्ट की शरण पहुंचे और एफआईआर पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन शाह को यहां भी फटकार ही पड़ी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आप संवैधानिक पद हैं, आपको अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। एक मंत्री होकर आप कैसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने एफआईआर कें कंटेंट को लेकर भी फटकारा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एफआईआर की भाषा ऐसी लिखी गई है जो चुनौती देने पर निरस्त हो जाए। सुप्रीम कोर्ट की ओर से एफआईआर में सुधार करने और पुलिलिस विवेचना की मॉनिटरिंग हाईकोर्ट द्वारा किए जाने के भी आदेश दिए। माना जा रहा है कि इस सुनवाई के बाद ही पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व मंत्री शाह के भविष्य को लेकर अंतिम निर्णय ले सकता है। इस पूरे मामले ने संगठन के सामने एक जटिल परिस्थिति खड़ी कर दी है। सूत्रों के अनुसार मंत्री शाह ने पार्टी नेतृत्व से राजनीतिक भविष्य की सुरक्षा की गारंटी मांगी है। हालांकि, मामले की शुरुआत से ही शाह इस्तीफा देने से इन्कार कर रहे हैं। शाह का कहना है कि उन्होंने पहले ही अपने बयान पर खेद व्यक्त कर लिया है और माफी भी मांग ली है। उनका कहना है कि इसके बावजूद कोई इस्तीफा मांग रहा है तो बताएं कि किसके कहने पर इस्तीफा दें और उनका राजनीतिक भविष्य क्या होगा? कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल विजय शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद विपक्षी दलों ने विरोध को और तेज कर दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजधानी भोपाल में जगह-जगह प्रदर्शन किए। पार्टी विधायकों ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की और मंत्री शाह को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। विपक्ष का आरोप है कि संवेदनशील मुद्दे पर मंत्री के गैर-जिम्मेदाराना बयान ने न केवल सैन्य बलों का अपमान किया है, बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी ठेस पहुंचाई है।

हाईकोर्ट के सभी सेवानिवृत्त...

है कि उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों को प्रति वर्ष 15 लाख लाख रुपए की पूर्ण पेंशन मिलेगी। न्यायालय ने कहा कि अतिरिक्त न्यायाधीशों सहित सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को पूर्ण पेंशन के रूप में प्रति वर्ष 13.6 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। सभी न्यायाधीश, चाहे वे बार से पदोन्नति या अधीनस्थ न्यायपालिका से पदोन्नति द्वारा न्यायपालिका में कैसे भी आए हों, वे समान पेंशन लाभ के हकदार हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सेवानिवृत्त अतिरिक्त न्यायाधीशों के परिवारों को भी पारिवारिक पेंशन और विधवा लाभ लागू होंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर ने मामले में न्याय मित्र के रूप में अदालत को सहायता की। इस मामले में अदालत के विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है।

हाईकोर्ट ने संभल...

न्यायालय ने आगे का समय दिया। यह पुनरीक्षण याचिका सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद की गई, जिसमें संभल की दीवानी अदालत के समक्ष पूरी कार्यवाही के साथ मुकदमे की पोषणीयता को चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया है कि मुकदमा 19 नवंबर 2024 की दोपहर दाखिल किया गया था और कुछ ही घंटों के भीतर अदालत ने एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया। साथ ही उसे मस्जिद में प्रारंभिक सर्वेक्षण का निर्देश दिया, जो उसी दिन यानी 19 नवंबर को और फिर 24 नवंबर 2024 को किया गया था। अदालत ने यह भी निर्देश दिया था कि सर्वेक्षण की रिपोर्ट 29 नवंबर तक दाखिल की जाए। दीवानी अदालत ने 19 नवंबर को ही हिंदू पक्ष के इस तर्क को स्वीकार कर लिया कि मस्जिद मुगल सम्राट बाबर द्वारा 1526 में संभल में हरिहर मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी।

454 करोड़ से 11350 ग्राम...

राज की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय पुस्तक चयन समिति का गठन किया गया है। जिसमें महानिदेशक, स्कूल शिक्षा व बेसिक शिक्षा निदेशक की ओर से नामित एक-एक शिक्षाधिकारी, प्रतिष्ठित बाल साहित्य लेखक, प्रतिष्ठित सामान्य लेखक, शिक्षाविद् और नेशल बुक्स ट्रस्ट का एक नामित सदस्य इत्यादि शामिल किए गए हैं। ऐसे ही कंप्यूटर व फर्नीचर की खरीद के लिए भी कमेटी बनी है, जिसकी देखरेख में ही खरीददारी की जाएगी। फिलहाल डिजिटल पुस्तकालय की सुविधा मिलने से विद्यार्थियों को बड़ा लाभ मिलेगा। ऐसी किताबें जो महंगी होने के कारण वह नहीं पढ़ सकते, यहां आसानी से ऑनलाइन पढ़ सकेंगे। अगले चरण में इतनी की और ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय बनाए जाएंगे। ऐसे में दो चरणों में कुल 22700 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध होगी।

परमाणु ऊर्ज़ा अधिनियम...

परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह से छूट हासिल की थी। एनएसजी की छूट 2008 के ऐतिहासिक भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु करार के बाद मिली थी। हालांकि, 2010 का परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए एक बाधा साबित हुआ। निजी क्षेत्र ने कानून के कुछ प्रावधानों को अस्वीकार्य बताया और परमाणु क्षति के लिए पूरक मुआवजे के लिए अंतरराष्ट्रीय समझौते (सीएससी) का खंडन किया। सरकार को उम्मीद है कि 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्ज़ा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निजी क्षेत्र निवेश करेगा। अधिकारियों ने कहा कि 100 गीगावाट लक्ष्य का लगभग 50 प्रतिशत सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) से आने की उम्मीद है। एक संसदीय समिति ने भी एक मजबूत वित्तीय मॉडल स्थापित करने की सिफारिश की है जिसमें घरेलू और विदेशी दोनों निवेशों को आकर्षित करने के लिए सरकारी प्रोत्साहन, व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) और संप्रभु गारंटी शामिल हो। समिति ने सुझाव दिया था कि परमाणु ऊर्ज़ा उत्पादन में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए परमाणु ऊर्ज़ा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में विधायी संशोधनों में तेजी लाई जाए।

तैयार होगा यूपी का...

कॉमेंटेटर बॉक्स तथा मीडिया डाइनिंग एरिया का निर्माण होगा। स्टेडियम की छत पर मेन कैमरा प्लैटफॉर्म का भी निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार, साउथ पवेलियन में प्लेयर्स के ड्रेसिंग रूम व प्लेयर्स-मैच ऑफिशियल्स एरिया बनेगा। यहां पर भी वीआईपी और वीवीआईपी गैलरी का निर्माण होगा जिसकी क्षमता 1708 की होगी। यहां ग्राउंड फ्लोर पर प्लेयर्स लाउंज, प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम, प्लेयर व मैच ऑफिशियल चेंजिंग रूम (ड्रेसिंग रूम), डोपिंग कंट्रोल रूम, फर्स्ट एड रूम, वीवीआईपी एंट्रेंस लॉबी तथा मेन स्टेडियम किचन समेत विभिन्न सुविधाओं का निर्माण व विकास होगा। इन सुविधाओं से भी युक्त होगा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम... साउथ पवेलियन में मैच ऑफिशियल्स लाउंज, एंपायर-रेफरी बॉक्स, एंटी करप्शन बॉक्स, स्कोरर बॉक्स, 5 वीआईपी कॉर्पोरेट बॉक्स (प्रत्येक बॉक्स में 8 लोगों की सिटिंग व्यवस्था युक्त), वीआईपी लाउंज व डाइनिंग एरिया का निर्माण होगा। स्टेडियम में प्रेसिडेंशियल सूइट, कॉर्पोरेट बॉक्स, व वीआईपी लाउंज का भी निर्माण होगा। इसके अतिरिक्त, स्टेडियम 60 मीटर ऊंची 4 मेन स्टेडियम स्पोर्ट्स लाइटिंग हाई मास्ट पोल्स, एचडीटीवी ब्रॉडकास्टिंग के लिए जरूरी फ्रेमवर्क, विभिन्न जोन का निर्धारण, सोलर पैनल्स व एनर्जी एफिशिएंट एचवीएसी सिस्टम से युक्त होगा। -स्टेडियम परिसर को अंडरग्राउंड वॉटर टैंक, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, इंटरनल रोड्स, ड्राइव-वे, कार पार्किंग, तूफान जल निकासी प्रणाली तथा वॉक इन पाथ-वे का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने 315 नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र

कृषि विभाग की कई योजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मीठापुर स्थित कृषि भवन में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 315 नवनियुक्त प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों (ब्लॉक हॉर्टिकल्चरस ऑफिसर) को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही कृषि विभाग की कई योजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण और शुभारंभ किया। दरअसल, चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत कृषि को लाभकारी बनाने के लिए राज्य में बागवानी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बिहार लोक सेवा आयोग से अनुशंसित 315 प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों की नियुक्ति कृषि विभाग के द्वारा की गयी है। कृषि भवन परिसर से मुख्यमंत्री ने खरीफ महाभियान-2025 का शुभारंभ भी किया। इस दौरान उन्होंने खरीफ महाभियान-2025 से संबंधित 20 प्रचार वाहन तथा बीज वाहन को हरी झंडी दिखाकर राज्य के विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 144.72 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, आरा (भोजपुर) के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर शुभारंभ किया। तृतीय कृषि रोड मैप (2017-22) के तहत कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान को सुदृढ़ करने के लिए आरा (भोजपुर) में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना की गयी है। वर्ष 2021-22 से इसका संचालन कृषि महाविद्यालय, बक्सर के परिसर में किया जा रहा है। इसके लिए भोजपुर जिला में 16 एकड़ जमीन चिन्हित कर भवन निर्माण विभाग द्वारा भवन का निर्माण किया जायेगा। इसमें प्रशासनिक भवन, क्लास रूम, पुस्तकालय, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास, कृषि यंत्रों के लिए कार्यशाला और आवासीय परिसर का प्रावधान किया गया है। इस महाविद्यालय में बीटेक (एग्री इजीनियरिंग) में प्रत्येक वर्ष 60 छात्रों का नामांकन किया जायेगा। भोजपुर के हसनपुर में स्थापित हो रहे कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय का उद्देश्य युवाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कृषि अभियंत्रण की उच्च शिक्षा प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने 55.26 करोड़ रुपये लागत की 62 अनुमंडल स्तरीय कृषि भवनों का शिलान्यास भी किया। इसके निर्माण से अनुमंडल स्तर पर कृषि से जुड़ी सभी सेवाएं उपलब्ध हो जाएगी। इस भवन में किसानों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से सभी कृषि संबंधी सेवाएं, योजनाएं, तकनीकी सलाह और सरकारी सहायता एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। साथ ही यह भवन किसानों और सरकार के बीच बेहतर संवाद का माध्यम बनेगा, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज और पारदर्शी होगी। मुख्यमंत्री ने राज्य के किसानों को कृषि विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'बिहार कृषि' मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया। इसके माध्यम से कृषि संबंधी सभी जानकारी, जैसे - किसान पास बुक, पौधा संरक्षण, फसलों के बाजार मूल्य, मिट्टी की जांच, मौसम की जानकारी एवं विभाग से संबंधित नवीनतम जानकारी किसानों को उपलब्ध होगी।

नालंदा में तकनीकी एवं गैर तकनीकी विकास कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नालंदा,बिहारशरीफ। नालंदा जिल मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी, नालंदा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों (तकनीकी एवं गैर तकनीकी)के साथ संबंधित विभागों में लंबित वादों का निष्पादन हेतु कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । समीक्षा के क्रम मेंसभी विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनता दरबार मुख्यमंत्री समाधान यात्रा क्षेत्र भ्रमण डीएम जनता दरबार ई डैशबोर्ड सीपीग्राम इत्यादि के माध्यम से प्राप्त परिवादो के लंबित मामलों का निष्पादन यथाशीघ्र करनें का आदेश दिया गया है।जिलाधिकारी नें निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि विधिक विधानसभा विधान परिषदों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर प्रतिवेदन के साथ साथ मानवाधिकार लोकायुक्त इत्यादि के जो भी लंबित मामले है उनका संबंधित विभाग यथाशीघ्र निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभाग यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आपूर्ति, उर्ज़ा, बैंकिंग, पंचायती राज, नगर निगम, नगर परिषद नगर पंचायत ,भू अर्जन,जिला पंचायती राज, आपदा प्रबंधन, पुलिस,वन प्रमंडल, जिला सहकारिता, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा कोषांग आदि विभागों से संबंधित मामले का निष्पादन जिला स्तरीय पदाधिकारी यथाशीध्र सुनिश्चित करेंगे।

नवाचार की ओर अग्रसर होता नया बिहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार सरकार की स्टार्टअप योजना सभी वर्ग और समुदाय के लोगों को स्वरोजगार प्रदान कर इन्हें स्वालंबी बनाने में बेहद सहायक साबित हो रही है। उद्योग विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक 1 हजार 522 स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके हैं। इसके तहत 62 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। इसमें महिला उद्यमियों के अलावा अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के उद्यमियों की संख्या भी काफी है। कुछ स्टार्ट-अप को अतिरिक्त सहायता भी दी गई है। इसमें 13 लाख 30 हजार रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा चुकी है। राज्य में तेजी से स्टार्टअप की संख्या बढ़ने की वजह से बिहार की कृषि प्रधान राज्य की छवि से हटकर नवाचार और उद्यमिता के नए कलेवर वाली छवि भी बनती जा रही है। ग्रामीण इलाकों में भी स्टार्ट अप की संख्या तेजी से बढ़ रही है। उद्योग विभाग की इस योजना की वजह से युवाओं में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहन मिला है। बिहार स्टार्टअप नीति की शुरुआत वर्ष 2017 में हुई थी, जिसका उद्देश्य राज्य में नवाचार और स्टार्टअप गतिविधियों को बढ़ावा देना है। बदलते उद्धमी परिदृश्य और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इसमें बदलाव किया और बिहार स्टार्ट-अप नीति 2022 लागू की। नई नीति अधिक समावेशी, प्रभावी और तेज क्रियान्वयन करने वाली है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य राज्य के युवाओं की प्रतिभा का उपयोग करते हुए स्टार्टअप के लिए एक अनुकूल माहौल बनाना है। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने इस बाबत बातचीत में कहा कि स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तर पर प्रोत्साहन से लेकर सभी तरह के सहयोगात्मक कार्य किए जा रहे हैं। युवाओं के नवाचार को बढ़ावा देने से लेकर इसके तहत आने वाले सभी प्रस्तावों पर मंथन करने के बाद इसके क्रियान्वयन के लिए हर तरह से सहायता प्रदान की जाती है। इससे स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है।

भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में कार्यकर्ताओं को मिला जीत का मंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में सोमवार को आयोजित जिला कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी मिथिलेश तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं के आधार पर कार्य करने वाली पार्टी है और सशक्त बूथ इकाई ही चुनावी विजय का आधार हो सकती है। बूथ सशक्तिकरण अभियान पर जोर देते हुए प्रदेश महामंत्री ने जिला स्तर पर एक टोली गठित करने का निर्देश दिया। इस टोली में एक जिला संयोजक और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक-एक इंचार्ज होंगे जो बूथ सशक्तिकरण अभियान के संचालन और समन्वय की जिम्मेदारी निभाएंगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार से विशेष स्नेह है और उन्होंने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और केंद्र व राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का कार्य करें। जिला अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा सभी सातों सीट पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर बूथ स्तर पर काम करने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी नरेश शाह, जिला प्रभारी संतोष सुराणा, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, चंद्रभूषण ठाकुर, कृष्ण कुमार सहराय, डांस एस एन पोद्दार, जिला प्रभारी नवीन झा, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंदा अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार, जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौधरी, शोभा जयसवाल, सीमा झा और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

स्वतंत्रता सेनानी पं. राजकुमार शुक्ला के जयंती समारोह में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष व जदयू नेता दिव्यांशु भारद्वाज ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से औपचारिक भेंट के दौरान 23 अगस्त को मोतिहारी में आयोजित चंपारण सत्याग्रह के पुरोधा स्वतंत्रता सेनानी पंडित राजकुमार शुक्ला जी की 149वीं जयंती समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। उन्होने मुख्यमंत्री को स्वतंत्रता सेनानी पं.राजकुमार शुक्ल के सम्मान में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव से संबंधित पत्र भी सौपा है। जिसमे कहा गया है कि पंडित राजकुमार शुक्ल जी के नाम पर मोतिहारी में एक अंतरराष्ट्रीय खेल अकादमी की स्थापना की जाए, ताकि चंपारण के युवाओं को खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके और शुक्ला जी का योगदान भावी पीढ़ियों तक पहुंचे।

सरकार की उपेक्षा और उदासीन रवैया के विरोध में रसोईया करेंगें अनिश्चितकालीन हड़ताल

नालंदा, बिहारशरीफ। बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ ने 9 जुलाई 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। संघ के राज्य महासचिव सरोज चौबे ने बताया कि यह निर्णय सरकार की उपेक्षा और रसोइयों के साथ हो रहे लगातार अन्याय के विरोध में लिया गया है। उन्होंने इसे आर-पार की लड़ाई करार देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि रसोइए इस सरकार को चुनाव में करारा जवाब दें। सरोज चौबे ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महज 1650 रुपये मासिक मानदेय, वह भी सिर्फ 10 महीनों के लिए, दिलवाकर सरकार रसोइयों से कठिन मेहनत करवाती है। उन्होंने चेताया कि इस बार सभी रसोइए गठबंधन सरकार के खिलाफ मतदान करेंगे। संघ ने इससे पहले 20 मई 2025 को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का निर्णय लिया है।

उत्तराखंड में खेल विश्वविद्यालय निर्माण की प्रक्रिया हुई तेज, मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड सरकार राज्य के पहले खेल विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर तैयारियों में जुट गई है। खेल मंत्री रेखा आर्या के पत्र पर मुख्य सचिव ने इस परियोजना की प्रक्रियाओं को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। सरकार की योजना है कि राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया जाए। गौरतलब है कि खेल विश्वविद्यालय की स्थापना मुख्यमंत्री की मुख्य घोषणाओं में शामिल है। इसके लिए विधेयक को संशोधन के बाद राज्यपाल द्वारा अधिसूचित भी किया जा चुका है। विश्वविद्यालय की स्थापना हल्द्वानी के गौलापार खेल परिसर में प्रस्तावित है। हालांकि वन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा कुछ बिंदुओं पर आपत्तियाँ जताई गई हैं, जिनके समाधान की प्रक्रिया जारी है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस बारे में मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि वह अपनी देखरेख में वन विभाग के राज्य और केंद्र के अधिकारियों की बैठक जल्द से जल्द आयोजित करें और इन आपत्तियों को निस्तारित कराएं। पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त से पहले सभी औपचारिकताएं पूरी करने को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए। इस पर मुख्य सचिव ने भी निर्देश जारी कर दिए हैं। खेल मंत्री रेखा आर्या ने पत्र में 38 वें राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी देने और पदक विजेताओं को नगद ईनाम की धनराशि दिए जाने के मामलों में भी त्वरित कार्यवाही को कहा है।

पंजाब : पूर्व सीएम बेअंत सिंह का हत्यारा विस्फोटक सामग्री केस में बरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के मोहाली की जिला अदालत ने सोमवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के हत्यारे बब्बर खालसा इंटरनेशन के प्रमुख आतंकी जगतार सिंह हवारा को करीब दो दशक पुराने एक मामले में बरी कर दिया है। जगतार हवारा इस वक्त पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है। हवारा के विरूद्ध वर्ष 2005 में खरड़ थाने में उस पर विस्फोटक सामग्री संबंधी केस दर्ज किया गया था। आज हुई सुनवाई के दौरान उसे वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। हवारा समेत कुछ लोगों के खिलाफ खरड़ थाने में 2005 में एक्सप्लोसिव सब्सटेंस एक्ट 1908 और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। उस समय न तो हवारा को पुलिस ने गिरफ्तार किया था और न ही उसके पास से कोई रिकवरी हुई थी। इसी तरह साल 1998 में जगतार हवारा पर देशद्रोह समेत कई धाराओं के तहत केस दर्ज किए गए थे। एक साल पहले उसे इस केस में बरी कर दिया गया था। चंडीगढ़ में विस्फोटक और देशद्रोह के दो केसों में जगतार सिंह पहले ही बरी हो चुका है।

द्वितीय केदार मद्महेश्वर के कपाट खुलेंगे 21 मई को, प्रक्रिया शुरू, चल विग्रह डोली ने प्रथम पड़ाव के लिए किया प्रस्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग/उखीमठ (उत्तराखंड)। पंचकेदारों में प्रतिष्ठित द्वितीय केदार मद्महेश्वर के कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई। मद्महेश्वर की चल विग्रह डोली ने आज ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से मद्महेश्वर धाम के लिए प्रस्थान किया। केदारनाथ रावल भीमाशंकर लिंग ने इससे पहले विधि विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंदिर को फूलों से सजाया गया। द्वितीय केदार मद्महेश्वर के कपाट इस यात्रा वर्ष में 21 मई को पूर्वाह्न 11: 30 बजे खुलेंगे। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ को फूलों से सजाया गया है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि 18 मई को मद्महेश्वर की चल विग्रह डोली ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ परिसर में विराजमान हो गई। आज ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से प्रथम पड़ाव राकेश्वरी मंदिर रांसी प्रवास के लिए प्रस्थान हुई है। 20 मई द्वितीय पड़ाव गौंडार में रहेगा और 21 मई सुबह को श्री मद्महेश्वर पहुंचेगी और इसी दिन 21 मई को कर्क लग्न में पूर्वाह्न 11:30 बजे द्वितीय केदार मद्महेश्वर के कपाट खुलेंगे। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने आज के पुनीत अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी है। उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती और उपाध्यक्ष विजय कपरवाण ने महेश्वर यात्रा शुरू होने पर प्रसन्नता जताई है। मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि मद्महेश्वर यात्रा की तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। भगवान मद्महेश्वर की डोली के प्रथम पड़ाव रवाना होने के अवसर पर रावल भीमाशंकर लिंग सहित बीकेटीसी पूर्व सदस्य शिवसिंह रावत,वरिष्ठ पुजारी शिवशंकर लिंग, टी गंगाधर लिंग, मद्महेश्वर के पुजारी शिवलिंग स्वामी, वेदपाठी विश्वमोहन जमलोकी, ओंकारेश्वर मंदिर प्रभारी रमेश नेगी, सामाजिक कार्यकर्ता देवानंद गैरोला भंडार प्रभारी देवी प्रसाद तिवारी, पंच गौंडारी हक-हकूकधारी, प्रबंधक प्रकाश पुरोहित,देवरा प्रभारी देवेंद्र पटवाल,डोली प्रभारी दीपक पंवार,विदेश शैव, प्रेम सिंह रावत, नवीन शैव, वीरेश्वर भट्ट आदि मौजूद रहे।

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब के गुरदासपुर से दो गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने राज्य के सीमावर्ती जिला गुरदासपुर से दो पाकिस्तानी जासूसों को गिरफ्तार किया है। इन पर हिमाचल, पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर से संबंधित सूचनाएं पाकिस्तान को मुहैया करवाने का आरोप है। पंजाब के डीआईजी बार्डर रेंज सतिंद्र सिंह ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किया गया सुखप्रीत सिंह आदियां का रहने वाला है, जबकि करणबीर सिंह चंदूवडाला का निवासी है। दोनों ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी सक्रिय थे और पाकिस्तान को सेना के ऑपरेशन से जुड़ी गोपनीय जानकारी लीक कर रहे थे। इन्होने पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सेना की आवाजाही तथा महत्वपूर्ण रणनीतिक स्थानों की जानकारी पाकिस्तान में अपने हैंडलरों को दी है। पुलिस ने इनके पास से 3 मोबाइल और 30 बोर के 8 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मोबाइल की फोरेंसिक जांच से पुष्टि हुई है कि यह आईएसआई हेंडलर्स के सीधे संपर्क में थे। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण जानकारी पाकिस्तान को भेजी थी। पुलिस ने इनके विरूद्ध गुरदासपुर के अंतर्गत आते दोरांगला पुलिस थाने में गोपनीयता अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है।



चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063